दैनिक नवप्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | अभिव्यक्ति 3 | राजधानी 8 | राजनीतिक सरगर्मी 9 | आंचलिक

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, सोमवार 11 सितंबर 2023, शुक्ल पक्ष द्वादशी, विक्रम संवत-2080 वर्ष-12 अंक- 202 पृष्ठ-10 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

जी-20 : 2024 की अध्यक्षता ब्राजील को

■ पीएम मोदी ने एक वर्चुअल सेशन का रखा प्रस्ताव

नई दिल्ली (ए.)। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा कि भारत ने ब्राजील को अध्यक्षता सौंप दी है। हमें अटूट विश्वास है कि वे समर्पण, दूरदर्शिता के साथ नेतृत्व करेंगे और वैश्विक एकता के साथ-साथ समृद्धि को भी आगे बढ़ाएंगे। भारत ने आगामी जी20 की अध्यक्षता के दौरान ब्राजील को हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। केंद्रीय राज्य मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने जी-20 शिखर सम्मेलन के सफल आयोजन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया किजी20 की अध्यक्षता दुनिया की अब तक की सबसे सफल अध्यक्षताओं में से एक रही है, इस अभूतपूर्व उपलब्धि के लिए प्रधानमंत्री मोदी को बधाई। विश्व के नेताओं ने भारत की बढ़ती साख का लोहा माना. कई महत्वपूर्ण सहमति बनी. भारत की प्रतिष्ठा पूरी दुनिया में बड़ी, इससे भारतवासी काफी प्रसन्न है और सभी प्रधानमंत्री मोदी को बधाई दे रहे हैं।

भारत और उनके नेतृत्व को बधाई- अजय बंगा

विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा ने कहा कि मैं इस बात का समर्थन करता हूं यह (आम सहमति दस्तावेज़) इस तथ्य का सम्मान है कि जी20 नेतृत्व ने देने और लेने और बातचीत करने का एक तरीका ढूंढा और दुनिया के लिए एक रास्ता तय करने के लिए सहमत होने का एक सही तरीका ढूंढा. त्र20 में विकासशील और विकसित देश दोनों हैं. विश्व का 80त्र त्रष्ठक्क एक साथ बैठा था. अगर वे इस पर सहमत नहीं होते तो वह सही संदेश नहीं होता. मैं भारत और उनके नेतृत्व और त्र20 के सदस्यों को भी बधाई देता हूं कि वे सब लोग एक बहुत अच्छे घोषणा के साथ आए।

भारत का चीन को बड़ा संदेश!

लद्दाख के न्योमा में बनेगा दुनिया का सबसे ऊंचा फाइटर एयरफील्ड

20 शिखर सम्मेलन खत्म होने के कुछ मिनट बाद भारत ने चीन को एक बड़ा संदेश दिया है। भारत लद्दाख के न्योमा में दुनिया का सबसे ऊंचा लड़ाकू हवाई क्षेत्र का निर्माण करेगा। इस परियोजना का शिलान्यास रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 12 सितंबर 23 को जम्मू के देवक ब्रिज से करेंगे। एलएसी पर चीन से लगातार चल रही तनातनी के बीच रक्षा मंत्रालय के इस फैसले को काफी अहम माना जा रहा है. बॉर्डर रोड ऑर्गनाइजेशन (बीआरओ) की ओर से पूर्वी लद्दाख में काफी महत्वपूर्ण न्योमा बेल्ट में एक नए एयरफील्ड के निर्माण में कुल 218 करोड़ रुपये की लागत आएगी. चीन को सीमा पर कड़ी टक्कर देने के लिहाज से इस एयरफील्ड के निर्माण को काफी अहम कदम माना जा रहा है। इससे पहले राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर कहा, नई दिल्ली में ऐतिहासिक G20 शिखर सम्मेलन सफलतापूर्वक संपन्न हो गया है. प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत की अध्यक्षता ने विश्व पटल पर अपनी अमिट छाप छोड़ी है. नई दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान बनी सहमति वैश्विक विश्वास की कमी को पूरा करने और वैश्विक विश्वास और आत्मविश्वास पैदा करने में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है।

सुनक के सामने पीएम मोदी ने उठाया खालिस्तान समर्थकों का मुद्दा

जी-20 शिखर सम्मेलन के दूसरे दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के सामने खालिस्तान का मुद्दा उठाया। उन्होंने इस मुद्दे को ब्रिटेन और भारत के बीच द्विपक्षीय वार्ता के दौरान उठाया. इससे पहले खालिस्तान के मुद्दे पर ऋषि सुनक कह चुके हैं कि वे इसे कई बर्दाश्त नहीं करेंगे। एक इंटरव्यू के दौरान खालिस्तान मुद्दे से जुड़े सवाल पर ऋषि सुनक ने कहा, फ्ये वास्तव में एक महत्वपूर्ण सवाल है. मैं स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूं कि ब्रिटेन में किसी भी प्रकार का उग्रवाद या हिंसा स्वीकार्य नहीं है. इसीलिए हम खासतौर से 'PKE' खालिस्तान समर्थक उग्रवाद से निपटने के लिए भारत सरकार के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। जी20 पर बात करते हुए उन्होंने कहा, जी20 भारत के लिए एक बड़ी सफलता रही है. भारत इसकी मेजबानी के लिए सही समय पर सही देश है. मुझे लगता है कि हमारे पास कुछ दिनों तक विचार-विमर्श और निर्णय लेने का बहुत अच्छा मौका होगा।

मिलकर जड़ से खत्म कर सकते हैं उग्रवाद

खालिस्तानी समर्थकों के हंगामे के मुद्दे पर ऋषि सुनक ने आगे कहा कि इसे लेकर ब्रिटेन के रक्षा मंत्री ने हाल ही में भारत के रक्षा मंत्री के साथ बात की थी. हमारे पास खुफिया जानकारी शेयर करने के लिए और एक साथ मिलकर काम करने के लिए कई चीजें हैं जिनकी मदद से हम उग्रवाद को जड़ से खत्म कर सकते हैं।

खालिस्तानी समर्थकों ने उतार दिया था भारत का झंडा

बता दें कि इसी साल मार्च में लंदन में खालिस्तानी समर्थकों ने भारतीय उच्चायोग के बाहर जमकर हंगामा किया था. इस हंगामे के दौरान एक शरारती तत्व ने भारतीय उच्चायोग पर लगे भारत के झंडे को उतार दिया था. इस घटना के बाद भारत सरकार ने ब्रिटिश राजनयिक को तलब किया था और भारतीय उच्चायोग के आसपास सुरक्षा व्यवस्था न होने को लेकर स्पष्टीकरण मांगा था. इससे पहले भी कई बार खालिस्तानी समर्थक ब्रिटेन में प्रदर्शन के दौरान भारत के खिलाफ नारेबाजी कर चुके हैं।

मॉरीशस के प्रधानमंत्री आज वाराणसी जाएंगे

मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जुगनौत का 11 सितंबर को यूपी के वाराणसी शहर जाने का प्लान है. मॉरीशस के पीएम वहां काशी विश्वनाथ मंदिर में पूजन करेंगे। साथ ही दशाश्वमेध घाट पर होने वाली नित्य संख्या गंगा आरती देखेंगे।

बाइडेन समेत दुनिया के टॉप लीडर्स पहुंचे राजघाट

महात्मा गांधी को दी श्रद्धांजलि, पीएम मोदी ने किया स्वागत

नई दिल्ली(ए.)। पीएम मोदी और जी20 में शामिल होने दिल्ली पहुंचे दुनिया भर के नेता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देने राजघाट पहुंचे। विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक टेड्रोस एडनोम सबसे पहले महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देने और पुष्पांजलि अर्पित करने के लिए राजघाट पहुंचे। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की प्रबंध निदेशक क्रिस्टालिना जॉर्जीवा, एशियाई विकास बैंक के अध्यक्ष मासात्सुगु असकावा, विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा भी बापू को श्रद्धांजली देने के लिए राजघाट पहुंचे. इस दौरान पीएम मोदी ने कई नेताओं शॉल भेंटकर स्वागत किया। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन भी महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देने और पुष्पांजलि अर्पित करने के लिए दिल्ली के राजघाट पहुंचे। इस दौरान वहां मौजूद भारत के पीएम ने शॉल भेंटकर उनका स्वागत किया।

ब्रिटेन के पीएम ऋषि सुनक भी बापू को श्रद्धांजलि देने राजघाट पहुंचे। पीएम मोदी ने उन्हें भी शॉल भेंटकर स्वागत किया. इसके अलावा इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी, तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैय्यप एर्दोगन, रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव, पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के प्रधानमंत्री ली कियांग राजघाट पहुंचे। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो, दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा भी महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देने राजघाट पहुंचे।

इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी, नीदरलैंड के प्रधानमंत्री मार्क रूट, मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी, बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना, मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जुगनॉथ, स्पेन की उपराष्ट्रपति नादिया कैल्विनो, सिंगापुर के प्रधानमंत्री ली सीन लूंग ने भी बापू को श्रद्धांजलि दी। अफ्रीकी संघ के अध्यक्ष अजाली असौमानी, ओमान के उप प्रधानमंत्री असद बिन तारिक बिन तैमूर अल सैद, अर्जेंटीना के राष्ट्रपति अल्बर्टो फर्नांडीज, ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीस, कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो राजघाट पहुंचकर बापू को श्रद्धांजली दी। जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा, यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष चार्ल्स मिशेल, दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यूं सुक येओल, जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज़ महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। जी20 के सभी नेता बापू को श्रद्धांजलि देकर अपने गंतव्य पर पहुंचे.

आज बेबाक

जी-20 सम्मेलन का सफल आयोजन कर भारत ने पूरी दुनिया को एक परिवार के रूप में जोड़ने की नई राह दिखाई है। पिछड़े देशों में भी नई उम्मीदें जगाई है। इसकी पूरे विश्व में न सिर्फ चर्चा हो रही है बल्कि भारत की भूरि-भूरि प्रशंसा हो रही है। अलबत्ता चीन और पाकिस्तान के सीने पर जरूर सांप लोट रहा है। भारत की बढ़ती ताकत से पिद्दी पाकिस्तान और चिरकुट चीन की चिढ़ यह बताती है कि भारत विरोध के चलते वे विश्व मंच पर अलग-थलग पड़ गए है। जाहिर है वे विधवा विलाप कर सकते है। भारत को विश्व गुरू बनने से नहीं रोक सकते।

मुख्यमंत्री आज नगरी में राम वन गमन परिपथ के निर्माण कार्यों का करेंगे लोकार्पण

■ 9.61 करोड़ की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का करेंगे लोकार्पण

धमतरी/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सोमवार 11सितम्बर को नगरी के मुकुंदपुर में आयोजित समारोह में राम वन गमन पर्यटन परिपथ के तहत कराए गए निर्माण कार्यों का लोकर्पण करेंगे। नगरी के मुकुंदपुर में 8 करोड़ 29 लाख रूपए की लागत से भगवान श्रीराम जी की प्रतिमा, श्री राम वाटिका, दीप स्तंभ, एलइडी ब्राडिंग, सप्तऋषि की मूर्तियां, प्रवेश द्वार, 01 कॉटेज, पार्किंग, एप्रोच रोड, पर्यटक सूचना केन्द्र, कलवर्ट निर्माण, कॉटेज निर्माण, लॉन डव्हलपमेंट, सीसीटीवी, यज्ञशाला, जनसुविधा केन्द्र, ड्रेन, विद्युतीकरण, ओव्हरहेड वॉटर टैंक, स्टेयर्स, सीढ़ी निर्माण, मॉडयूलर शॉपं, सप्तऋषि स्थल का विकास, साइनेजेस, गजीबो, बाउण्ड्रीवॉल, साइट डेव्हलपमेंट, गार्ड रूम का निर्माण किया गया है वन्ही श्रृंगी ऋषि आश्रम सिहावा में करटेन वॉल (म्यूरल के साथ), प्रवेश द्वार, रेलिंग एवं शेड निर्माण, गजिबो, ■ शेष पृष्ठ 6 पर

एनएमडीसी के नए आयरन ओर प्लांट का विरोध

■ जिला प्रशासन ने मदद नहीं की तो विधानसभा चुनाव का बहिष्कार करेंगे

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। आदिवासी ग्रामीणों एनएमडीसी के नए प्लांट के खिलाफ लामबंद हो गए है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर इस प्लांट के विरोध में स्थानीय जनप्रतिनिधि,राज्य सरकार और जिला प्रशासन ग्रामीणों की मदद नहीं करती है तो इस क्षेत्र में रहने वाले सैकड़ों ग्रामीण आने वाले विधानसभा चुनाव का बहिष्कार कर देंगे। दंतेवाड़ा जिले में

एनएमडीसी प्रबंधन के खिलाफ सैकड़ों आदिवासी ग्रामीणों ने मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने जिले के बैलाडीला में डिपॉजिट नंबर 4 में प्रस्तावित आयरन ओर प्लांट को खोलने के लिए अपनी जमीन नहीं देने की बात कही है. ग्रामीणों का कहना है कि यहां प्लांट खुलने से हजारों पेड़ों की बलि चढ़ा दी जाएगी, साथ ही ग्रामीणों के जल,जंगल, जमीन और पहाड़ छीन लिए ■ शेष पृष्ठ 6 पर

हजारों पेड़ों की बलि

दरअसल, बैलाडीला में एनएमडीसी की आयरन और प्लांट पिछले कई सालों से संचालित हो रहा है, वहीं अब एनएमडीसी प्रबंधन के द्वारा धीरे-धीरे यहां मौजूद अन्य पहाड़ों में भी प्लांट स्थापित किया जा रहा है. वहीं बैलाडीला के पहाड़ पर डिपॉजिट नंबर 4 में आयरन और नया प्लांट प्रस्तावित है और इस प्लांट के विरोध में ही ग्रामीणों ने एनएमडीसी प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है. इस क्षेत्र के ग्रामीणो ने बैठक कर फैसला लिया है कि ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बिना नाम लिए संजय सिंह का भाजपा पर हमल

नई ल्ली (ए.)। दिल्ली में दो दिनों से जारी जी20 सम्मेलन के बीच आज आम आदमी पार्टी के नेता और राज्यसभा से निलंबित सांसद संजय सिंह ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी का नाम लिए बगैर बड़ा हमला बोला है. एक ट्वीट में उन्होंने लिखा है कि लिखा है कि दुनिया के दिग्गज नेता आज राजघाट पहुंचकर गांधी को नमन कर रहे हैं। इससे आगे वो लिखते हैं, भारत की पहचान गांधी से है न कि गोडसे से।

एनसीपी सिंबाल पर जल्द आ सकता है फैसला

मुबंई । राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में टूट के बाद चुनाव आयोग में शरद पवार गुट ने अपनी आखिरी दलीलें पेश कर दी है. पवार गुट का कहना है कि पार्टी पर अजित की दावेदारी अवैध और असंवैधानिक है. आयोग में दाखिल शरद पवार के हलफनामे ने महाराष्ट्र में सियासी हड़कंप भी मचा दिया है।पार्टी में टूट के बाद पहली बार शरद पवार ने स्वीकार किया है कि अजित के साथ एनसीपी के 40 विधायक हैं. पवार ने इन विधायकों पर अयोग्यता की कार्रवाई शुरू करने की इजाजत भी चुनाव आयोग से मांगी है. 2019 के महाराष्ट्र चुनाव में एनसीपी के 53 विधाययक चुनकर विधानसभा आए थे। शरद गुट की ओर से दाखिल हलफनामे के बाद महाराष्ट्र के सियासी गलियारों में कहा जा रहा है कि सितंबर के अंत या अक्टूबर शुरुआत में चुनाव आयोग का फैसला आ सकता है. जुलाई में टूट के बाद अजित गुट ने चुनाव आयोग में सिंबल और पार्टी पर दावा ठोका था। इसके बाद आयोग ने शरद गुट को विस्तृत जवाब देने के लिए कहा था. आयोग ने 9 सितंबर की आखिरी डेडलाइन भी शरद पवार गुट को दी थी।

महाराष्ट्र में मणिपुर दोहराने की कोशिश

मुबंई (ए.)। एमपीसीसी अध्यक्ष नाना पटोले ने गुरुवार को शहर में जन संवाद यात्रा की शुरुआत से ठीक पहले, बीजेपी पर हमला बोला और उस पर महाराष्ट्र में मणिपुर प्रयोग को दोहराने की कोशिश करने का आरोप लगाया. रवि भवन में मीडिया से बात करते हुए, पटोले और शहर अध्यक्ष विकास ठाकरे, एमएलसी अभिजीत वंजारी, जिला प्रमुख राजेंद्र मुलक, मुख्य प्रवक्ता अतुल लोंढे जैसे अन्य कांग्रेस नेताओं ने कहा कि भगवा पार्टी मराठों और ओबीसी के बीच दरार पैदा करने की कोशिश कर रही है. जैसा कि मणिपुर में हुआ, लेकिन यह कभी सफल नहीं होगा। एक खबर के अनुसार, कांग्रेस का स्पष्ट रुख है कि केंद्र सरकार को जाति-वार गणना करके मुद्दे का समाधान करना चाहिए। उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मराठों और धनगरों को आरक्षण देने का वादा किया था, जो कभी हकीकत नहीं बन सका. सरकार को इस जटिल मुद्दे को सावधानी से संभालना चाहिए और बीजेपी के वादे के मुताबिक मराठों को आरक्षण देना चाहिए. तब तक सभी गुटों को संयम बरतना चाहिए।

क्या बोले कांग्रेस नेता नाना पटोले?- यह कहते हुए कि कांग्रेस लंबे समय से जाति जनगणना की मांग कर रही थी, एमपीसीसी प्रमुख ने बीजेपी पर फूट डालो और राज करो की ब्रिटिश विरासत को अपनाने का भी आरोप लगाया।

राम मंदिर से पहले अयोध्या को इंटरनेशनल एयरपोर्ट की सौगात

लखनऊ(ए.)। श्रीराम की नगरी के कायाकल्प का काम नरेंद्र मोदी और योगी आदित्यनाथ की सरकार में तेज गति से जारी है. अयोध्या में रोजाना बदलाव देखने को मिल रहा है. आने वाले दिनों में श्रद्धालुओं को ढेर सारी सुविधाएं दिलाने के लिए भी केंद्र और राज्य सरकार प्रयासरत है. जिलाधिकारी नितीश कुमार ने बताया कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम अन्तरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के सभी कार्यों को तीन चरणों में किया जाना है।परियोजना में शामिल कुल 821 एकड़ भूमि अर्जन का शत प्रतिशत काम

पूरा कर लिया गया है. फेज वन के तहत एयरपोर्ट रनवे का काम भी शत प्रतिशत पूरा हो चुका है. नाइट लैंडिंग, कोहरे-धुंध में लैंडिंग के लिए कैट-वन एवं रेसा सुविधाओं का कार्य भी शत प्रतिशत पूर्ण हो गया है.

गरमा-गरम

सभ्यता-संस्कृति

कहा- कलाकृतियों में ही समाई है भारतीय संस्कृति

भारतीय कलाकृतियों ने जीता विदेशी मेहमानों का दिल

नई दिल्ली (ए.)। पिछले दो दिनों से दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित जी20 सम्मेलन न केवल दुनियाभर सुर्खिया बटोर रही हैं, बल्कि भारत मंडपम के साथ लगी शिल्प व हस्तकला प्रदर्शन ने भी जी20 डेलिगेशन में शामिल लोगों को अपनी ओर आकर्षित किया है. खासकर दुनियाभर से आई महिलाओं ने शिल्प कला प्रदर्शनी को अद्भुत करार दिया। विश्व व्यापार संगठन की प्रतिनिधि निकोल मेन्स का कहना है कि भारतीय कलाकृतियों में ही यहां की संस्कृति समाई हुई है. इसे देखना और समझना न केवल आनंद को विषय है, बल्कि ये लम्हें यादगार भी होती हैं।

हस्तकला उत्पादों का अनुभव शानदार : फ्रेडी

भारत मंडपम में प्रदर्शनी का लुत्फ उठाने में मशगूल यूके प्रतिनिधि फ्रेडी ने एएनआई से बातचीत में बताया कि, दिल्ली में जी20 आयोजन उनके लिए एक शानदार अनुभव है. संस्कृति से संबंधित विविधताभरी हस्तकला उत्पादों और भारत भर में बेची जाने वाली ऐतिहासिक वस्तुएं न केवल देखने में अच्छी हैं, बल्कि इसका अहसास सुकून हासिल करने का जरिया भी है. जी20 सम्मेलन का लाभ उठाते हुए प्रदर्शन में उपलब्ध भारतीय हैंडीक्राफ्ट की कई उत्पादों की खरीदारी की है. ■ शेष पृष्ठ 6 पर

जी-20 में आयीं फर्स्ट लेडी को बस्तर की महिलाओं की ओर से मिलेट का उपहार

नई दिल्ली । बस्तर का मिलेट छत्तीसगढ़ के बस्तर से आयी महिलाओं ने मिलेट से बनने वाले पकवानों पर विशेष तैयारियां की थी। बस्तर जिले के बास्तानर ब्लॉक से आयी संगीता कश्यप ने बताया कि उन्होंने मिलेट के लड्डू, रागी कुकीज, रागी चकली, कोदो-कुटकी आदि मिलेट से तैयार होने वाले पकवान बनाए थे। 'ऑस्ट्रेलिया की फर्स्ट लेडी को उन्होंने मिलेट से बनाए पकवानों की टोकरी उपहार में दी। फर्स्ट लेडी को बस्तर की महिलाओं ने बस्तर आने का निमंत्रण भी दिया। महिलाओं के साथ आयी 'छत्तीसगढ़ कृषि विभाग की नोडल अधिकारी रुक्मणी कोट्टम ने बताया कि पूसा में छत्तीसगढ़ कृषि विभाग द्वारा स्टाल भी लगाया गया था'। विभाग की ओर से स्टाल में बांस से बने उत्पाद जैसे सूपा, टुकनी, टोकरी, तुमा, ■ शेष पृष्ठ 6 पर

संपादकीय

भारत की बड़ी कुटनीतिक सफलता

भारत ने जी-20 का सफल आयोजन कर एक बड़ी कुटनीतिक सफलता अपने खाते में दर्ज कर ली है। जी-20के गठन के बाद से संभवतः यह पहली बार हुआ है। कि जी-20 के अध्यक्ष के रूप में भारत ने जी-20 शिखर सम्मेलन को इतने भव्य रूप में आयोजित किया। देश के अलग-अलग राज्यों के 60 शहरों में जी-20 के प्रतिनिधियों के दो सौ से ज्यादा बैठके हुई और इनमें विश्व के सामने मौजूदा चुनौतियों पर गंभीरता पूर्वक चिंतन मनन किया गया। जी-20 का दो दिवसीय शिखर सम्मेलन देश की राजधानी नई दिल्ली में हुआ जिसमें भारत ने भारत मीडिल स्टील यूरोप इकोनामी डोर का प्रस्ताव रखा जो कर्तल ध्वनि से पारित हो गया। यह भारत की बहुत बड़ी और ऐतिहासिक कुटनीतिक सफलता है। इस कारीडोर को चीन के बीआरआई कारीडोर का करारा जवाब भी माना जा रहा है। 10 वर्षों में पूर्ण होने वाले इस कारिडोर के निर्माण के लिए आठ देशों ने अपनी सहमति जाहिर कर दी है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने तो इस कारीडोर को भारत की ऐतिहासिक पहल करार दिया और इसके लिए भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को खास तौर पर बधाई दी। इस कारीडोर के बन जाने से भारत का यूपरोपियों देशों से 40 प्रतिशत से ज्यादा व्यापार बढ़ेगा वहीं अन्य देश भी इससे लाभांवित होंगे। खाड़ी देशों के लिए भी यह खाड़ी देशों के लिए भी यह कारीडोर किसी वरदान से कम नहीं होगा। वहीं यूरोप अब सीधे अमेरिका से भी जुड़ जाएगा। निश्चित रूप से यह भारत की दूरदर्शिता को दिखाता है और जो आने वाली कई पीढ़ियों के लिए तरक्कि के लिए नए द्वार खोलेगा। जी-20 शिखर सम्मेलन में भारत ने एक और कुटनीतिक सफलता हासिल की है। भारत की पहल पर ही दक्षिण अफ्रिकी देशों को जी-20 की सदस्यता मिल गई है। अब जी-20 जी-21 बन गया है। अफ्रीका यूनियन के 55 देश अभी तक उपेक्षा के शिकार थे। दक्षिण अफ्रिकी देशों में हीरा और सोना सहित अन्य खनिजों का अकुत भंडार है। जिस पर चीन की गिद्द नजर लगी हुई है और इसी वजह से चीन से अफ्रिकी देशों को अपने कर्ज के जाल में फंसाता जा रहा है ताकि वहां के प्राकृतिक संसाधनों का वह अंधाधूध दोहन कर सके। लेकिन भारत की पहल पर अफ्रिका यूनियन के जी-20 ग्रुप से जुड़ जाने के बाद अब चीन के मनसूबों पर पानी फिर जाएगा। जी-20 शिखर सम्मेलन में दिल्ली घोषणा पत्र भी बगैर किसी विरोध के सर्वसम्मति से पारित हो गया। यद्यपि जी-20 संगठन आर्थिक हितों पर चर्चा के लिए आयोजित किया गया था। जिसमें राजनीतिक चर्चा नहीं होनी थी इसके बावजूद रूस यूक्रेन युद्ध के मद्देनजर आतंक का जिक्र किया गया और युद्ध की भी फिक्र की गई। परमाणु हमले की धमकी को नामंजूर किया गया। इस तरह रूस और चीन को भी संदेश दिया गया। खास तौर पर रूस और यूक्रेन को यह संदेश दिया गया कि युद्ध से किसी का लाभ नहीं होगा बल्कि युद्ध के चलते विश्व की अर्थव्यवस्था प्रभावित होगी। इसके अतिरिक्त भी ग्लोबल वार्मिंग सहित अन्य मुद्दों पर भी इस सम्मेलन में चर्चा हुई और पूरे विश्व को एक परिवार के रूप में लेकर चलने पर सहमति बनी। इस लिहाज से देखा जाए तो जी-20 का यह शिखर सम्मेलन पूरी तरह सफल रहा। जिसने सारी दुनिया को उम्मीद की एक नई किरण दिखाई है। इसके साथ ही भारत भी अब विश्व गुरू की भूमिका में आ गया है। दुनिया के तमाम ताकतवर देशों ने इस सम्मेलन में भारत की ताकत भी देख ली यह हम सब भारतीयों के लिए गर्व की बात है।

दुनिया ने देखी भारत की आध्यात्मिक शक्ति

नीरज मनजीत

भारत और अमेरिका मिलकर जल्द ही इसे वास्तविकता के धरातल पर उतारने जा रहे हैं। ग्लोबल साउथ के देशों की माली हालत सुधारने के इरादे से अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन 20 हजार करोड़ डॉलर का एक पैकेज लेकर आए हैं। रुपयों में यह रकम तकरीबन 16 लाख करोड़ के बराबर बैठती है। यह रकम विश्व बैंक, आईएमएफऔर अमेरिका के वित्तीय संस्थानों से जुटाई जाएगी। फ़िलहाल विश्व बैंक के अध्यक्ष भारतीय मूल के अजय सिंह बंगा और आईएमएफकी एमडी बल्गेरियाई अर्थशास्त्री क्रिस्टालिना जॉर्जीवा हैं। ये दोनों हस्तियां जिस जोशोखरोश से प्रधानमंत्री मोदी से मिलती नज़र आईं उससे साफ़ संकेत मिलता है कि दुनिया के पिछड़े गरीब इलाकों को इससे बड़ा फ़ायदा होने वाला है। विश्व स्तर के वित्तीय संस्थानों को भी इससे लाभ होगा। अभी तक विश्व बैंक और आईएमएफ जैसे संस्थान पैसा डूबने के डर से इन देशों को कर्ज़ देने से हिचकिचाते थे। मगर अब जी-20 से जुड़ने के बाद आसानी से इन्हें बड़े देशों की गारंटी हासिल हो जाएगी। एक और मार्के की बात है कि इस बड़े फ़ोरम में आने के बाद इन देशों में अनुशासन बढ़ेगा और राजनीतिक उठापटक कम होगी।

नई दिल्ली की जी-20 समिट कई मायनों में ऐतिहासिक कही जाएगी। पूरे आयोजन पर भारत की आध्यात्मिक विरासत, निरपेक्ष न्यायिक दृष्टि और विशिष्ट समावेशी संस्कृति की छाप साफ़ नज़र आ रही थी। ग्रुप ऑफ 20 के इस सर्वोच्च सम्मेलन में तीन ऐसे निर्णय लिए गए, जो इतिहास की किताबों में काफी प्रमुखता से दर्ज़ किए जाएँगे। ये फ़ैसले वैश्विक समुदाय के पिछड़े इलाकों के लिए भी गेम चेंजर साबित होंगे। बाली में जी-20 की पिछली समिट में अध्यक्षता संभालने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि वे ÷ग्लोबल साउथ÷ के देशों को वैश्विक अर्थव्यवस्था की मुख्यधारा में लाने की महती कोशिश करेंगे। वैश्विक कूटनीति की शब्दावली में ÷ग्लोबल साउथ÷ उन देशों को कहा जाता है, जो अविकसित, पिछड़े, अभावग्रस्त और गरीब हैं। अफ्रीका और लैटिन अमेरिका के सभी देशों और एशिया के ज़्यादातर देशों को इस श्रेणी में रखा जाता है। 50 वर्ष पहले इन्हें 'तीसरी दुनिया के देश' कहा जाता था। इन देशों में संसाधनों की कोई कमी नहीं है, पर अविकसित इंफ्रास्ट्रक्चर और कमजोर राजनीतिक इच्छाशक्ति की वजह से ये देश आगे नहीं बढ़ पाए हैं। पीएम मोदी के प्रयत्नों से अफ्रीकी यूनियन को जी-20 में शामिल करके यह वादा पूरा किया गया है। शनिवार को समिट की पहली बैठक में ही इसका ऐलान कर दिया गया। ऐलान के बाद अफ्रीकी यूनियन के अध्यक्ष अजानी अस्सुमानी ने मारे खुशी के बीच बैठक में प्रधानमंत्री मोदी के गले से जा लगे।

अफ्रीकी यूनियन में 55 देश आते हैं। 2002 में लीबिया के तानाशाह मुनव्वर गद्दाफी ने इसका विधिवत गठन किया था। मगर राजनीतिक अस्थिरता की वजह से ग्लोबल नॉर्थ के बड़े देशों ने कभी इन देशों का नोटिस नहीं लिया। अलबत्ता चीन ने वैश्विक बिरादरी के इस शून्य को देखते हुए इन देशों में खासा निवेश कर रखा है। यह निवेश इन देशों में कर्ज़ के तौर पर किया गया है। चीन ने बड़ी ही चालाकी से अपनी सामरिक विस्तारवादी नीतियों के तहत ग्लोबल साउथ के अधिकाँश देशों को कर्ज़ के जाल में फँसा लिया है। सस्ती कीमत पर वह इन देशों के संसाधनों पर तो कब्ज़ा कर ही रहा है, साथ ही धीरे धीरे वह इन इलाकों में सैन्य अड्डे भी स्थापित कर रहा है। हमारा पड़ोसी देश श्रीलंका चीन की इस होशियारी की सबसे बड़ी मिसाल है। चीन के कर्ज़ के जाल में छटपटाते श्रीलंका की पूरी अर्थव्यवस्था चौपट हो गई है। श्रीलंका को मजबूरन चीन की हर भली बुरी बात मानना पड़ रही है। चीन का जंगी जहाज़ श्रीलंका के तट पर आ लगा है। इससे हिन्द महासागर में भारत के लिए ख़तरा पैदा हो गया है। इसका असर कहीं न कहीं पूरे हिन्द-प्रशांत महासागरीय इलाके में भी पड़ेगा। भारत ने आड़े वक़्त में श्रीलंका की मदद करके उसे चीन से विमुख करने की कोशिश तो की है, पर यह प्रयास काफी नहीं है। अब ग्लोबल साउथ को जी-20 के केन्द्र में लाने से गरीब देशों की उम्मीदें बढ़ गई हैं।

इस ऐलान को सिर्फ़ रस्म अदायगी नहीं माना जाना चाहिए। भारत और अमेरिका मिलकर जल्द ही इसे वास्तविकता के धरातल पर उतारने जा रहे हैं। ग्लोबल साउथ के देशों की माली हालत सुधारने के इरादे से अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन 20 हजार करोड़ डॉलर का एक पैकेज लेकर आए हैं। रुपयों में यह रकम तकरीबन 16 लाख करोड़ के बराबर बैठती है। यह रकम विश्व बैंक, आईएमएफ और अमेरिका के वित्तीय संस्थानों से जुटाई जाएगी। फ़िलहाल विश्व बैंक के अध्यक्ष भारतीय मूल के अजय सिंह बंगा और आईएमएफ की एमडी बल्गेरियाई अर्थशास्त्री क्रिस्टालिना जॉर्जीवा हैं। ये दोनों हस्तियां जिस जोशोख़रोश से प्रधानमंत्री मोदी से मिलती नज़र आई उससे साफ़ संकेत मिलता है कि दुनिया के पिछड़े ग़रीब इलाकों को इससे बड़ा फ़ायदा होने वाला है। विश्व स्तर के वित्तीय संस्थानों को भी इससे लाभ होगा। अभी तक विश्व बैंक और आईएमएफ जैसे संस्थान पैसा डूबने के डर से इन देशों को कर्ज़ देने से हिचकिचाते थे। मगर अब जी-20 से जुड़ने के बाद आसानी से इन्हें बड़े देशों की गारंटी हासिल हो जाएगी। एक और मार्के की बात है कि इस बड़े फोरम में आने के बाद इन देशों में अनुशासन बढ़ेगा और राजनीतिक उठापटक कम होगी। भारत को भी इसका काफी फायदा होगा। इस मोटी रकम से जब इन देशों में इंफ्रास्ट्रक्चर के काम शुरू होंगे, तब भारतीय कामगारों और तकनीशियनों को इन इलाकों में काम करने का मौका मिलेगा। अतः ग्लोबल साउथ का जी-20 के फोरम में आना इस समिट की सबसे बड़ी उपलब्धि मानी जाएगी।

इस समिट की दूसरी बड़ी ऐतिहासिक उपलब्धि रही-- इंडिया, मिडिल ईस्ट, यूरोप, अमेरिका इकोनॉमिक कॉरिडोर डील। इस महत्वकांक्षी डील में फ़िलहाल भारत, यूएई, सऊदी अरब, यूरोपीय यूनियन, इटली, फ्रांस, जर्मनी और अमेरिका को शामिल किया गया है। इस कॉरिडोर को 10 साल में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। कहा गया है कि भविष्य में इस परियोजना में इजरायल और फिलिस्तीन को भी शामिल किया जाएगा। यदि ऐसा संभव होता है तो खाड़ी देशों में स्थायी शांति का सपना सच हो सकता है। इस डील को चीन की महत्वाकांक्षी परियोजना ÷बेल्ट एंड रोड इनीशिएटिव' और ÷चीन पाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरिडोर÷ का जवाब माना जा रहा है। इस परियोजना में भी मोटी रकम निवेश की जाएगी और भारतीय कामगारों को अच्छी कमाई के अवसर मिलेंगे।

तीसरी सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धि यह है कि भारत अपनी शाश्वत आध्यात्मिक अवधारणा वसुधैव कुटुम्बकम को वैश्विक बिरादरी तक ले जाने समझाने में पूरी तरह सफल रहा है। इस समिट की थीम वन अर्थ वन फैमिली वन फ्यूचर इसी अवधारणा का नवीन संस्करण है। भारत अपनी आध्यात्मिक शक्ति और निरपेक्ष समावेशी दृष्टि की वजह से ही वैश्विक समुदाय के दो विलोम ध्रुवों--अमेरिका और रूस--को साधने में सफल रहा है और स्थायी शांति के अपने संदेश ÷यह वक़्त युद्ध का नहीं है÷ को पूरी दुनिया तक पहुँचा पाया है। कुल मिलाकर यह बात भी इतिहास की किताबों में दर्ज होगी कि इस समिट को जी-20 के इतिहास की सर्वाधिक सफल और सार्थक समिट माना जाएगा। इसमें अब कोई संदेह नहीं रहा कि इस सम्मेलन ने भारत को वैश्विक बिरादरी के शिखर पर बिठा दिया है।

विशेष

बस्तर में काजू की बंपर पैदावार

लाल आतंक के गढ़ कहे जाने वाले बस्तर में इन दिनों आदिवासी बड़े पैमाने पर काजू की खेती कर रहे हैं। मेवों का राजा कहे जाने वाले काजू की महक और स्वाद से पूरा इलाका आबाद हो रहा है, यहां के काजू की प्रसिद्धि अब छत्तीसगढ़ से निकलकर देश दुनिया में फैलने लगी है ,जिसके बाद यहां के आदिवासी काजू की खेती की ओर रुख कर रहे हैं। धुर नक्सल प्रभावित क्षेत्र बस्तर विकास की ओर आगे बढ़ता नजर आ रहा है। कभी गोलियों और एलईडी विस्फोट के साथ नक्सली आतंक से थर्राने वाला बस्तर अब विकास की मुख्यधारा से जुड़कर नया इतिहास लिखने जा रहा है। शिक्षा, सड़क, चिकित्सा की बेहतर सुविधा के साथ खेती में नवाचार में सफलता हासिल कर रहा है। बस्तर में काजू की खेती यहां ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों के लिए रोजगार का एक बड़ा जरिया बना गया है। यहां हर साल 50 हजार क्विंटल से ज्यादा का पैदावार हो रहा है। नक्सल प्रभावित बस्तर में हो रही काजू की बंपर पैदावार से हजारों परिवारों को आर्थिक संबल दे रहा है। बस्तर अपने प्राकृतिक सौंदर्य के साथ-साथ यहां मिलने वाली वन संपदाओं के लिए भी पूरे देश में जाना जाता है। आदिवासी बाहुल क्षेत्र बस्तर में आदिवासियों के मुख्य आय का स्रोत भी यहां के जंगलों में मिलने वाले वनोपज है। लगभग 60 प्रतिशत से ज्यादा ग्रामीण इन वन संपदा पर ही आश्रित हैं और उनके मुख्य आय का जरिया भी वन संपदा है। खासकर बस्तर में ईमली, महुआ, टोरा, कोदो, कुटकी, रागी और काज की बड़ी मात्रा में पैदावार होती है। बस्तर जिले का बकावंड ब्लॉक काजू के प्लांटेशन क्षेत्र के लिए ही जाना जाता है। बस्तर के वन संपदा में काजू सबसे महत्वपूर्ण फलदार वृक्षों में से एक है, खास बात यह है कि बस्तर का काजू ठोस और ज्यादा स्वादिष्ट होने की वजह से इसकी डिमांड पूरे देश विदेश में है।

बकावंड ब्लॉक में ही मौजूद दशापाल पंचायत में 20 साल पहले 3 एकड़ की जमीन में काजू का प्लांटेशन किया गया था और 5 से 6 साल में काजू के पौधे पेड़ बनकर तैयार हो गए हैं और इसमें काजू फल भी होने लगे हैं. इस गांव के सरपंच ने बताया कि बस्तर में काजू प्लांटेशन के लिए मिट्टी और आबोहवा सही होने से अधिकतर ग्राम पंचायत में काजू के प्लांटेशन किए जाते हैं. तोड़े गए काजू के फलों को 100 से 120 रुपए प्रति किलो हिसाब से बेचा जाता है. सरपंच का कहना है कि शासन प्रशासन अगर किसानों को प्रोत्साहित करें तो ज्यादा से ज्यादा बस्तर के किसान अपने निजी भूमि में काजू का प्लांटेशन कर सकते हैं और उन्हें इससे अच्छी कमाई भी होगी और ग्रामीणों को और भी फायदा मिलेगा। वन विभाग की तरफ से क्षेत्र में काजू के अच्छे पैदावार के लिए ज्यादा से ज्यादा प्लांटेशन किया जा रहा है, और इसके लिए वन विभाग के साथ-साथ उद्यानिकी विभाग और मनरेगा के तहत भी प्लांटेशन किया जा रहा है. उन्होंने बताया कि बकावंड ब्लॉक में प्रोसेसिंग यूनिट भी लगाया गया है, जहां स्थानीय महिला स्व सहायता समूह के जरिए काजू का प्रोसेसिंग किया जा रहा है और उसके बाद इसे बस्तर काजू के नाम से पैकेजिंग कर मार्केट में बेचा जा रहा है. हर साल 50 हजार क्विंटल से ज्यादा काजू का उत्पादन हो रहा है. खास बात यह है कि बस्तर में काजू उत्पादन में 10 हजार परिवार जुड़े हैं और हर परिवार को औसतन 10 हजार रुपये की कमाई होती है।

आज का पंचांग (सोमवार 11 सितंबर)

सूर्य सिंह, चंद्र कर्क (12:24 से), मंगल-कन्या (उदित, पश्चिम, मार्गी), बुध-सिंह (अस्त, पश्चिम, वक्री), गुरु-मेष (उदित, पश्चिम, वक्री), शुक्र-कर्क (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि कुम्भ (उदित, पूर्व, वक्री), राहु-मेष, केतु-तुला।

सूर्योदय:06:14, सूर्यास्त: 06:35, चन्द्रोदय:02:19, चन्द्रास्त:16:06, अयन दक्षिणायणे (उत्तरगोलीय), ऋतु: शरद, शक सम्वत: 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वत: 2080 (पिंगल), मास भाद्रपद, पक्ष कृष्ण, तिथि द्वादशी, नक्षत्र पुष्य, योग वरीयान् (23:20 से परिघ), प्रथम करण बव (08:20 तक), द्वितीय करण बालव (21:28 तक)।

॥ गोचर ग्रहः ॥

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त 11:49 से 12:39, अमृत काल 14:26 से 16:13, रविपुष्य योग 17:06 से 05:59, सर्वार्थसिद्धि योग 17:06 से 05:59, विजय मुहूर्त 14:19 से 15:09, गोधूलि मुहूर्त 18:29 से 18:52, सायाह्न सन्ध्या 18:29 से 19:38, निशिता मुहूर्त 23:51 से 00:37, ब्रह्म मुहूर्त 04:27 से 05:12, राहुकाल 07:30 से 09:00

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

धीर अतुल साहस भरो, चीते-सी

धीर अतुल साहस भरो , चीते-सी तुम चाल। सीमा की रक्षा करो, दुश्मन का बन काल। वीर निडर अविचल सजग, रहते सीना तान । भय के आगे जीत है, यही हृदय में गान॥

डॉ प्रतिभा गर्ग

तुम ने छल से दान में ही मांग तो ली

तुम ने छल से दान में ही माँग तो ली है अयोध्या ये बता दो देवताओं क्या हरिश्चंद्र बन सकोगे कल सभा में स्वप्न के इस दान पर तकरार होगी ये सुनिश्चित है महामुनि आपकी ही हार होगी दक्षिणा देने में राजा ही स्वयं बिक जाएगा डोम की अधीनता भी जब उसे स्वविकार होगी तब इसी प्रण को हृदय में रख के आगे बढ़ सकोगे क्या हरिश्चंद्र बन सकोगे। **जतीन शुक्ला**

खास पाती | ये भी कोशिश दिखानी है मुझको

ये भी कोशिश दिखानी है मुझको लाश में जान लानी है मुझको ऐ सनम बस तिरी मोहब्बत में अपनी हस्ती मिटानी है मुझको रोक लूं कैसे बहते अश्कों को आग दिल की बुझानी है मुझको आंख को नम किए खड़ी हूँ मैं बे-ज़बानी दिखानी है मुझको बेकली कितनी है रवाँ मुझमे दिल की हालत दिखानी है मुझको जिस से वाबस्तगी नहीं तेरी वो कहानी सुनानी है मुझको पढ़ के सोनी सुनाए क्या तुमको याद सब कुछ ज़बानी है मुझको!!

सोनिया राय

विरहन बैठी सोचती, किससे रखती

विरहन बैठी सोचती, किससे रखती आस। छूटा बाबुल आँगना,पिया नही हैं पास॥ पिया नही हैं पास, प्रेम की यह जंजीरें। करती हैं मजबूर, भाग्य में लिखी लकीरें॥ सुमन शब्द से बींध, करो कुछ ऐसी सीवन । मूरत नारी ढ़ाल, मौन हो जाये विरहन॥ **सुमन ओमानिया**

मेरा एकांत मेरे कमरे में छाये सन्नाटे

मेरा एकांत मेरे कमरें में छाये सन्नाटे का हिसाब जब लगाता हैं तब एक इतिहास अपने पन्नें खोलकर मेरे समक्ष आ जाता हैं पर मेरी जिद्द होती हैं वर्तमान के लोहे सम कवच से मैं ढ़क दूँ उसके पन्नें और घास पर बैठी ओस की बूँदे भर लाऊँ अपनी अँजुरी में ,और सींच दूँ फ़िर से एक और नींव भविष्य की तभी उस कमरे के सन्नाटे को चीर जाती हैं दीवार पर लगी घड़ी संकेत देती हैं प्रहर के गुजर जाने का।

सरिता सैल

नकली दुनियां में नकल हो कम

नकली दुनियां में नक़ल हो कम अक्ल नहीं बे-अक्ल हो 'तुम' खुबसूरत दुनियां में सिर्फ़ एक शक्ल हो 'तुम' अतीत में मिली खुशियों के कर्ज़े चुका रहें हो 'तुम' दुसरे नहीं, अपना घर जला रहें हो 'तुम' मज़बूरी उम्र सी है बढ़ती चली जा रही है तुम' थकान से क़ैद हो दुसरों की आंखों में भूखें हो अपनी ही उम्मीदें खाएं जा रहें हो 'तुम'। **जय बरूआ**

मुसीबत जब पड़ी मुझ पर मुझे

मुसीबत जब पड़ी मुझ पर मुझे उसने सँभाला है पकड़ कर हाथ विपदा से सदा उसने निकाला है पड़ी है आज फ़िर विपदा भरोसा है मुझे उस पर बचाएगा मुझे आकर वही इक मुरलीवाला है। **संजय कुमार गिरि**

बहुत कुछ कहना चाहती हूं तुमसे



बहुत कुछ कहना चाहती हूँ तुमसे मगर कह नही पाती कहना चाहती हूँ कि गुज़रते वक़्त की तरह एक दिन यूँ हीं गुज़र जाऊँगी थोड़ी सी बची भी तो सिर्फ़ तुम्हारी यादों में बच जाऊँगी कतरों में, टुकड़ों में, किश्तों में बस यूँ हीं फ़िज़ाओं में खुशबू की तरह बिखर जाऊँगी सुनो बिन कहे एक रोज़ खामोश चली जाऊँगी तुम्हारे मन की देहरी के पार जो देह से मुक्त है कहीं तुम्हारी दुनियाँ से दूर बचूँगी तो सिर्फ़ तुम्हारे मन के अंधेरो में और किसी दिए की तरह जगमगाऊंगी नही कोई दिक्कत होगी ज़माने से ना फ़िक्र होगी तानों की चुपचाप अकेली यूँ हीं खानाबदोश से गठरी समेटे निकल जाऊँगी। सुनो ना...बहुत कुछ है जो तुमसे कहना चाहती हूँ, मगर कह नही पाती।। **'रश्मि' अभय**

नवां महीना लग गया,बड़ी खुशी

नवाँ महीना लग गया, बड़ी खुशी की बात दिन छोटे होने लगे, और लंबी हो गई रात कोई सगाई तय करे कहीं चले है बात जिनकी शादी हो गयीं, मिले उन्हें सौगात. बेटा-बेटी के लिए करे सभी ही प्रयास क्या होगा लगने लगे अब तो रोज कयास हंसीखुशी के बीच ही तकलीफों का साथ मांगी कितनी मन्नतें और किए उपवास। **जे डी कुदाल**

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता। 1893 - शिकागो में विश्व धर्म सम्मेलन में स्वामी विवेकानंद ने कट्टरता, सहिष्णुता और सभी धर्मों में निहित सच्चाई पर ऐतिहासिक भाषण दिया। 1906 - महात्मा गाँधी ने दक्षिण अफ्रीका में सत्याग्रह आन्दोलन आरंभ किया। 1919 - अमेरिकी नौसेना ने होंडुरास पर आक्रमण किया। 1939 - इराक और सऊदी अरब ने जर्मनी के खिलाफ युद्ध की घोषणा की। 1941 - अमेरिकी रक्षा मंत्रालय पेंटागन का निर्माण शुरू हुआ। 1951 - इंग्लिश चैनल तैरकर पार करने वाली पहली महिला बनी फ्लोरेंस चैडविक। उन्हें इंग्लैंड से फ्रांस पहुंचने में 16 घंटे और 19 मिनट लगे। 1961 - विश्व वन्यजीव कोष की स्थापना। 1965 - भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान भारतीय सेना ने दक्षिण पूर्वी लाहौर के निकट बुर्की शहर पर कब्ज़ा किया। 1968 - एयर फ्रांस का विमान संख्या 1611 नाइस के निकट दुर्घटनाग्रस्त। हादसे में 89 यात्रियों और चालक दल के छह सदस्यों की मौत। 1971 - मिस्र में संविधान को अंगीकार किया गया।

QUIZ TIME

1) मानव मस्तिष्क का कौन-सा भाग बुद्धि एवं चतुराई का केंद्र होता है?

2) हाल ही में भारत की सबसे मूल्यवान निजी कंपनी कौन सी बनी है?

3) ओनेगा झील कहाँ स्थित है?

4) प्रकाश संश्लेषण की क्रिया कब तीव्र होगी?

5) हाल ही में दुनिया का सबसे बड़े रामायण मंदिर का निर्माण कहां शुरू हुआ है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) प्रमस्तिष्क (2) रिलायंस (3) रूस (4) जब प्रकाश तेज हो तब (5) बिहार

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष- आज का दिन भी कलहकारी रहेगा। परिजन अथवा किसी प्रियपात्र के लिए मन मे ईर्ष्या के भाव पनपेंगे।

वृष-आज भी दिनभर परिस्थितियां आपके अनुकूल बनी रहेंगी। आज कुछ भ्रामक खबरे सुनने को मिलेंगी इनपर ध्यान ना दें अन्यथा समय नष्ट होगा।

मिथुन-आज के दिन आपकी आवश्यकतायें अधिक रहेंगी लेकिन भाग्य इसकी तुलना में कम साथ देगा। मध्यान तक परिश्रम का उचित फल ना मिलने पर निराशा होगी।

कर्क-आज आपका ध्यान अपने लक्ष्य से भटकेगा इस कारण महत्त्वपूर्ण कार्य अन्य लोगो के भरोसे छोड़ेंगे जिनके लटकने संभावना अधिक रहेगी।

सिंह-आज भी परिस्थितयां प्रतिकूल रहने वाली है आर्थिक विषमताओं का सामना करना पड़ेगा किसी से सहयोग की आकांक्षा आज ना ही रखें।

कन्या-आज का दिन मिश्रित फलदायी रहेगा। आर्थिक रूप से दिन लाभदयक रहने पर भी मन किसी गुप्त चिंता के कारण व्याकुल रहेगा।

तुला-आज मध्यान तक आपको किसी भी कार्य ने ज्यादा परिश्रम नही करना पड़ेगा जिस कार्य को करने का मन बनाएंगे उसमे आगे से सहयोग मिलने लगेगा।

वृश्चिक-आज आपके स्वभाव में आडम्बर अधिक रहेगा। सार्वजिक क्षेत्र एवं धार्मिक कार्य भी दिखावे के लिए करेंगे।

धनु-आज के दिन भी आप स्वयं अथवा किसी परिजन की सेहत को लेकर चिंतित रहेंगे इसके कारण अतिरिक्त खर्च के साथ भागदौड़ भी करनी पड़ेगी।

मकर-आज का दिन पिछले दिन की तुलना में बेहतर रहेगा परिश्रम तो आज भी अधिक ही रहेगा लेकिन इसका फल तुरंत मिलने से धर्य बना रहेगा।

कुंभ-आज का दिन आपकी आशाओ के विपरीत परिश्रम वाला रहेगा आज आप मेहनत करने के पक्ष में बिल्कुल नही रहेंगे।

मीन-मध्यान तक का समय व्यर्थ की गतिविधियों में खराब करेंगे इसके बाद का समय भी कुछ खास नही रहेगा ।

वर्ग पहेली

शब्द सामर्थ्य -182

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

ऊपर से नीचे

1. विचित्र, अद्भूत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।

1	2		3	■	4	5	■	■
6		■	7				8	■
9		10		■		■	11	
12			■	13		14		■
■	15				■		■	16
17	■		■	18			■	
19		■	■	■	■	20	21	
	■	22		23		■	24	
25			■	26				■

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 181 का हल

दि	क्क	त	■	आ	सा	न	■	आ
ल	■	मी	■	खि	■	सी	ख	ना
■	म	ज	बू	र	■	ह	■	जा
स	र्द	■	■	का	■	त	रा	ना
र	■	■	■	र	वि	■	ह	■
प	ह	ना	ना	■	ना	रा	ज	■
ट	■	■	क	शि	श	■	नी	ला
■	र	■	■	का	■	रा	■	य
खा	ति	र	दा	री	■	त	क्ष	क

सैलजा ने ली नवनियुक्त प्रवक्ताओं की बैठक

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा ने नवनियुक्त प्रवक्ताओं की बैठक ली इस अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रभारी कुमारी सैलजा ने संचार विभाग के नए प्रवक्तओं से सुझाव लिए और कुछ निर्देश भी दिया। कुमारी सैलजा ने बैठक में उपस्थित वरिष्ठ प्रवक्ताओं, प्रवक्ताओं, टीवी पैनलिस्ट और मीडिया कोऑर्डिनेटरों से कहा कि भाजपा में प्रवक्ता से लेकर बड़े नेता यहां तक की मोदी भी बेझिझक झूठ बोलते हैं।

कांग्रेस पार्टी का संस्कार झूठ बोलने का नहीं है इसलिए हम झूठ नहीं बोल सकते लेकिन हमें पूरी दमदारी से और मजबूती से सच के साथ होकर उनकी झूठी बातों का खंडन करना है। मीडिया पर अपने द्वारा कही गई बातों को सोशल मीडिया पर भी अधिक से अधिक प्रसारित करना है। सभी को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की प्रेस वार्ताओं और तात्कालिक राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय मुद्दों की जानकारी रखना है। कुमारी सैलजा ने कहा भाजपा के 15 साल के कार्यकाल की असफलता और हमारे 5 साल के कार्यकाल की उल्लेखनीय सफलता को जन-जन तक पहुंचना है। स्वतंत्र विचारकों को भी कांग्रेस पार्टी से जोड़ना होगा और साथ ही डॉक्टर, प्रोफेसर, वकील जैसे पेशे से जुड़े लोगों को भी मीडिया विभाग में जोड़ना है। रायपुर राजधानी के अलावा अन्य दूरस्थ जिलों के कार्यकर्ताओं को अवसर दिए जाने पर कुमारी शैलजा ने खुशी जाहिर कि साथ ही और अधिक संख्या में महिलाओं को संचार विभाग में अवसर दिए जाने की बात उन्होंने कही।

इस बैठक मे अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के संयुक्त सचिव एवं सह-प्रभारी विजय जांगिड़, प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू, प्रदेश संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला, वरिष्ठ प्रवक्ता आर.पी. सिंह, धनंजय सिंह ठाकुर, घनश्याम राजू तिवारी, मीडिया पेनलिस्ट प्रमोद दुबे, अजय साहू, वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेन्द्र वर्मा, नीता लोधी, प्रवक्तागण नितिन भंसाली, क्रांति बंजारे, प्रकाश मणी वैष्णव, सत्यप्रकाश सिंह, अजय गंगवानी, आशीष यादव, मोहन लाल निषाद, टीवी पेनलिस्ट विकास विजय बजाज, सुजित घिदौडे, शारिक रईस खान, शिवेस सिंह, पुष्पा साहू, सौरभ सोनकर, सतनाम सिंह पनाग, विनय शुक्ला, विनय शील, अनिल सिंह चौहान, विजय चोपड़ा, मीडिया को-ऑडिनेटर परवेज अहमद, ऋषभ चंद्राकर, रवि गवलानी, अंशुल मिश्रा, शाहरूख अशरफी उपस्थित थे।

तकनीकी पाठ्यक्रमों की खाली सीटें भरने रजिस्ट्रेशन शुरू

■ दो राउंड की काउंसिलिंग के बाद 42 फीसदी सीटें भरी

रायपुर/नवप्रदेश। तकनीकी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए दो राउंड की काउंसिलिंग पूरी होने बाद भी इंजीनियरिंग, फार्मेसी, पालीटेक्निक, एमबीए, एमसीए जैसे कोर्स की आधे से ज्यादा सीटें खाली रह गई हैं। शनिवार से खाली सीटों में प्रवेश के लिए संस्था स्तर पर काउंसिलिंग शुरू हो गई है। प्रदेश के इंजीनियरिंग कालेजों में 10,290 सीटें हैं। दो राउंड की काउंसिलिंग के बाद इसकी 4,270 सीटें यानी 42 फीसदी सीटें भरी हैं, जबकि 4,304 सीटें खाली हैं। इसी तरह बी. फार्मेसी और डी. फार्मेसी की 8,863 सीटें हैं। इनमें से 4,134 में प्रवेश हुआ है। 4,729 सीटें खाली हैं। इसी तरह पालीटेक्निक की करीब 8,001 सीटें हैं। इसमें से 37 प्रतिशत सीटों में प्रवेश हुआ है। दो राउंड की काउंसिलिंग के बाद एमबीए की 1,710 सीटों में से 698 में एडमिशन हुआ है। एमसीए की 321 सीटें खाली हैं। इस वर्ष भी कंप्यूटर साइसं की डिमांड ज्यादा- इंजीनियरिंग के प्रवेश में इस वर्ष भी कंप्यूटर साइंस की डिमांड ज्यादा रही। सीएस ब्रांच की लगभग सभी सीटें भर गई हैं। शासकीय इंजीनियरिंग कालेज में सिविल की भी सीटें भर गई हैं। इलेक्ट्रानिक एंड टेलीकम्युनिकेशन की डिमांड

लगातार कम हो रही है। इस वर्ष भी इनकी सीटें ज्यादा खाली हैं।

इस बार मैकेनिकल की 1,077, इलेक्ट्रिकल की 1,034 और इलेक्ट्रानिक एंड टेलीकम्युनिकेशन की 559 सीटें हैं। इसमें भी प्रवेश कम हुए हैं। कालेज चुनने का विकल्प खत्म- संस्था स्तर की काउंसिलिंग में छात्रों को कालेज चुनने का विकल्प नहीं मिलता है, लेकिन कालेज में संचालित ब्रांच चुनने का विकल्प रहता है। छात्रों को मेरिट सूची के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा। संस्था स्तर पर काउंसिलिंग के लिए 11 सितंबर शाम पांच बजे तक आनलाइन रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं।

गांजा बेचते दो युवक पकड़ाए

रायपुर/नवप्रदेश। टिकरापारा व सिविल लाइन की पुलिस के टीम ने गांजा बेचते हुए दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से कुल 9 किलो 210 ग्राम गांजा जब्त किया है। टिकरापारा पुलिस के टीम ने मुखबिर की सूचना पर भाठागांव बस स्टेण्ड के पास गांजा बेचते आरोपी दीक्षां प्रितम पात्रे 22 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से बैग में रखे 7 किलो 110 ग्राम गांजा जब्त किया है। इसी तरह सिविल लाइन पुलिस के टीम ने सीजी 04 ढाबा राजेन्द्र नगर के पास गांजा बेचते आरोपी रियाजुद्दीन खान 54 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 2 किलो 110 ग्राम गांजा जब्त किया है। जब्त गांजे की कुल कीमत करीब 82400 रुपए के आसपास बताई जा रही है।

बढ़ते अपराधों को लेकर बीजेपी ने राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव के नेतृत्व में प्रदेश की राजधानी से लेकर हर शहर-नगर और गाँवों में लगातार बढ़ रहे अपराधों के परिप्रेक्ष्य में शनिवार को राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से मिलकर प्रदेश के कुशासन, बढ़ते अपराधों, महिला असुरक्षा आदि मुद्दों पर प्रदेश की कांग्रेस सरकार के खिलाफ ज्ञापन सौंपा। भाजपा ने प्रदेश के संवैधानिक संरक्षक होने के नाते राज्यपाल से महिलाओं पर हो रही दरिंदगी जैसे छेड़छाड़, बलात्कार, सामूहिक बलात्कार और बलात्कार के बाद हत्या, मासूम बच्चियों के साथ अनाचार को रोकने में अयोग्य, अक्षम और भ्रष्ट सरकार पर कार्रवाई के लिए निर्देश देकर जनता की सुरक्षा प्रदेश को एवं अपराधियों-आतंकियों के चंगुल से मुक्त कराने का आग्रह किया।

भाजपा ने राज्यपाल हरिचंदन को सौंपे गए अपने ज्ञापन में कहा है कि प्रदेश के संसाधन की बेदर्दी से लूट-खसोट करने, घपले-घोटालों की श्रृंखला बना छत्तीसगढ़ को देशभर में बदनाम करने वाली कांग्रेस सरकार के पास शासन करने, कानून-व्यवस्था बनाए रखने की जरा भी फुरसत नहीं है। इस कारण शांति का टापू रहा अपना प्रदेश देखत-ही-देखते अपराध गढ़ में बदल गया है। शासन की शह के कारण अपराधियों के हौसले तो बुलंद हैं ही, स्वयं कांग्रेस के नेतागण भी सत्ता के मद में जघन्य अपराध आदि करने से परहेज नहीं कर रहे। ऐन शिक्षक दिवस के दिन कांग्रेस के सचिव स्तर के एक नेता द्वारा एक आदिवासी शिक्षिका के साथ दुष्कर्म की वारदात ने हमें शर्मसार किया है।

कांग्रेस अध्यक्ष ने भाजपा को दिखाया आईना : बैज

रायपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भाजपा को आईना दिखा कर गये। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस अध्यक्ष की सभा के बाद भाजपा बौखला गयी है। मोदी सरकार के कुशासन वायदा खिलाफी को उठाकर खड़गे जी ने देश के आम आदमी की समस्याओं को आवाज दिया। उन्होंने केंद्र सरकार के द्वारा छत्तीसगढ़ में ईडी, आईटी के दुरूपयोग के खिलाफ आवाज उठाकर कांग्रेस अध्यक्ष ने बता दिया कि भाजपा की इन अलोकतांत्रिक गतिविधियों को कांग्रेस जनता के बीच लेकर जायेगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष ने छत्तीसगढ़ मॉडल की तारीफकर यह भी बता दिया कि आने वाले चुनाव में भाजपा के

दुष्प्रचार के खिलाफ कांग्रेस का विकास ही चुनावी मुद्दा होगा। कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं व्यक्ति विकास की दिशा में किये गये नीतिगत ठोस उपायों के बदौलत प्रदेश के 40 लाख लोग गरीबी रेखा से बाहर आये है। रमन सरकार के दौरान 40 प्रतिशत आबादी गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करते थे। भूपेश सरकार बनने के बाद कृषि क्षेत्र लाभकारी हुआ है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि 74 लाख राशन कार्ड बना है। 44 लाख परिवार बिजली बिल हाफ योजना का लाभ उठा रहे हैं। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय योजना अंतर्गत 377 इंग्लिश मीडियम तथा 349 हिंदी मीडियम के स्कूल आरंभ किये गये हैं। छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक समृद्धि को सहेजने का भी बड़ा काम हुआ है। भांचा राम से जुड़े वन गमन स्थलों को परिपथ के रूप में विकास किया गया है। कौशल्या माता के मंदिर की चर्चा देश दुनिया में है। आदिवासी महोत्सव के माध्यम से अपनी विरासत को सहेजने संवारने का बड़ा काम किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि प्रदेश के 80 प्रतिशत आबादी कृषि कार्यो से जुड़ी हुई है और सरकार ने किसानों के साथ भूमिहीनों को भी आर्थिक मदद की है।

रेलवे स्टेशन से बाइक पार

रायपुर/नवप्रदेश। रेलवे स्टेशन गेट नंबर 1 के पास खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर गंज पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी विनोद साहू 31 वर्ष चंदनडीह नंदनवन रोड का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 सीटी 7550 से रेलवे स्टेशन आया था, जहां वह अपनी बाइक को स्टेशन के गेट नंबर 1 के पास खड़ी किया था।

खड़गे और कांग्रेस को उनका गुरु घंटाल मुबारक : चंदेल

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से सीखने की सलाह देने पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि खड़गे जी कह रहे हैं कि भूपेश बघेल ने पांच साल में जो किया है, वह मोदी ने क्यों नहीं किया, खड़गे जी ठीक कह रहे हैं। भूपेश बघेल ने 5 साल में जो भ्रष्टाचार कराने का काम किया है, वह मोदी जी भला कैसे कर सकते हैं। मोदी सरकार में भ्रष्टाचार की कोई गुंजाइश नहीं है, इस पर खड़गे को आश्चर्य होता है इसलिए वे भूपेश बघेल का नमूना पेश करते हुए कह रहे हैं कि जो कांग्रेस सरकार ने 5 साल में किया, वो मोदी ने क्यों नहीं किया।

नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा कि हम कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे से पूछना चाहते हैं कि जो काम मोदी सरकार ने 9 साल में कर दिए, वे कांग्रेस की सरकार ने पचास साल में क्यों नहीं किए? देश का विकास क्यों नहीं होने दिया? देश की महिलाओं को शौचालय क्यों नहीं दिए? सभी गरीबों के लिए आवास क्यों नहीं बनाए? महिलाओं को चूल्हे के धुएं से मुक्ति क्यों नहीं दिलाई, शाह बानो को मिला न्याय अन्याय में तब्दील क्यों किया, तीन तलाक खत्म क्यों नहीं किया, देश को अंग्रेजों की गुलामी की मानसिकता में जकड़कर क्यों रखा? वोट बैंक की राजनीति में अल्पसंख्यक समुदाय और बहुसंख्यक समुदाय को दो हिस्सों में क्यों बांटा? भारत माता के कलेजे के दो टुकड़े क्यों किए?

कलिंगा विश्वविद्यालय में मनाया गया शिक्षक दिवस

रायपुर/नवप्रदेश। शिक्षक दिवस पर, छात्र कल्याण के डीन ने कलिंगा विश्वविद्यालय के प्रतिबद्ध संकाय सदस्यों के प्रति प्रशंसा और आभार व्यक्त करने के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में विशिष्ट आगंतुकों ने भाग लिया और विश्वविद्यालय की गतिशील प्रतिभा पर प्रकाश डाला। रसायन विज्ञान के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए 1990 में राष्ट्रीय अध्यक्ष पुरस्कार से सम्मानित प्रख्यात मुख्य अतिथि श्रीमती मनोरमा श्रीवास्तव की उपस्थिति इस

आयोजन का मुख्य आकर्षण थी। उनकी गरिमामयी उपस्थिति ने इस अवसर को यादगार बनाया । विशिष्ट अतिथि श्रीमती सुदर्शन अरोड़ा ने अपनी उपस्थिति से समारोह को और शानदार बना दिया। कुलसचिव डॉ. संदीप गांधी और छात्र कल्याण के डीन डॉ. जैस्मीन जोशी ने विश्वविद्यालय के शिक्षण कर्मचारियों के कठिन प्रयासों के लिए अपना सम्मान और प्रशंसा व्यक्त करते हुए सम्मान समारोह का नेतृत्व किया।

बंधक मकान का सौदा तय कर 15 लाख की ठगी

रायपुर/नवप्रदेश। बैंक में बंधक मकान का सौदा कर 15 लाख रुपए बयाना लेकर धोखाधड़ी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी कल्पेश रायवुरा 44 वर्ष सप्रे स्कूल के सामने बुढ़ापारा का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी विकाश बसंत 38 वर्ष ने प्रार्थी को अपनी पत्नी के नाम पर रिषभ कॉम्पलेक्स न्यू राजेन्द्र नगर में मकान होना बताया, जिसे बेचना है कहा, जिस पर प्रार्थी ने उक्त मकान को खरीदने के लिए 36 लाख रुपए में सौदा तय किया और आरोपी विकाश को 15 लाख रुपए बयाना दे दिया।

भाजपा दुराचार जैसी घटना पर भी करती है पॉलिटिक्स : शुक्ला

रायपुर/नवप्रदेश। कथित कानून व्यवस्था और महिला अपराधों के लिये भाजपा का राजभवन जाना भाजपा की अवसरवादिता है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद महिलाओं के प्रति अपराधों में कमी आई है। एनसीआरबी के आंकड़े बताते हैं 2018 के बाद छत्तीसगढ़ में महिलाओं के प्रति अपराधों में 68 प्रतिशत तक कमी आई है। संगठित अपराधों में 72 प्रतिशत तक कमी आई है। राज्य में नक्सल अपराधों तक में 80 प्रतिशत तक कमी आई है। रमन राज की अपेक्षा बलात्कार और छेड़छाड़ की घटनायें गौण हुई है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपाई तथाकथित अपराधों को लेकर बेशर्मीपूर्वक राजभवन गये थे। प्रदेश की जनता भूली नहीं कि कैसे रमन राज में झलियामारी, आमाडोला जैसी घटनायें होती थी। झलियामारी में तो 6 से 14 तक की मासूम बच्चियों के साथ महीनों अनाचार की घटनाएं हुई और रमन सरकार घटना की रिपोर्ट नहीं होने दे रही थी, कांग्रेस के आंदोलन के बाद एफआईआर हुआ था। रमन राज में 27000 से अधिक बच्चियां लापता हो गयी थी, हर रोज 6 बलात्कार की घटनाएं भाजपा

शासन काल में होती थी जिसमें अब कमी आई है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा बलात्कार जैसे अपराधों में भी घटना के आधार पर सेलेक्टिव पॉलिटिक्स करती है। जब नेता प्रतिपक्ष का बेटा आदिवासी महिला के साथ दुराचार करता है तो पूरी भाजपा बचाव में उतर जाती है। भाजपा ब्रम्हानंद नेताम जैसे मासूम बच्ची के दुराचारी को प्रत्याशी बनाती है। आरंग में भाजपा मंडल के उपाध्यक्ष का बेटा सामूहिक दुराचार करता है तो भाजपा चुप रहती है। दिल्ली में महिला पहलवान धरना देती है केंद्र सरकार भाजपा के सांसद के खिलाफकोई कार्यवाही नहीं करती उल्टे पूरी भाजपा छेड़खानी के आरोपी का बचाव करती है। कठुआ, उन्नाव में पूरी भाजपा बलात्कारियों के साथ खड़ी थी। मणिपुर में महिलाओं को निर्वस्त्र करके घुमाया जाता है तो भाजपा एक शब्द भी नहीं बोलती यह भाजपा का मूल चरित्र है।

यादव रेजीमेंट ने किया कृष्ण जन्माष्टमी पर भंडारा

रायपुर/नवप्रदेश। बंजारी मंदिर पुलिस चौकी ट्रांसपोर्ट नगर रावाभाटा रायपुर में कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष में यादव रेजीमेंट समूह ने भव्य भंडारे का आयोजन किया। पूजन अनुष्ठान के साथ प्रसाद का वितरण किया। यादव रेजीमेंट समूह पिछले वर्षो से लगातार समाज के उत्थान के लिए और अपने क्षेत्र के लिए निरंतर अच्छे कार्य करते चले आ रहे हैं और साथी स्वच्छता अभियान की मुहिम भी आसपास के क्षेत्र में चला रहे हैं । उपस्थित सदस्य वीरेंद्र यादव, भरत यादव,संजय यादव,सुभाष यादव,जय प्रकाश यादव, ललता यादव,वृजभान यादव,अजीत यादव और भी और भी अन्य यादव समाज के सदस्य मुख्य रूप से उपस्थित थे जिन्होंने अपना भरपूर योगदान भंडारा वितरण में किया।

एम्स में कॉर्निया ट्रांसप्लांट से 34 को नई रोशनी मिली

12 को अभी भी कॉर्निया दानदाता का इंतजार, एम्स में जागरूकता कार्यक्रम

रायपुर/नवप्रदेश। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में अब तक 34 रोगियों को कॉर्निया ट्रांसप्लांट से जिंदगी की नई रोशनी मिल चुकी है। अभी भी 12 रोगियों को कॉर्निया दानदाताओं की आवश्यकता है। इस संबंध में एम्स द्वारा सतत् रूप से नेत्रदान पखवाड़ा के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। एम्स की ओर से नेत्रदान पर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सीएमई का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नेत्रदान से जुड़ी भ्रांतियों और इसकी आवश्यकता के बारे में सभी को बताया गया।

प्रो. सोमेन मिश्रा ने कॉर्निया की वजह से अंधपन के बारे में जानकारी प्रदान की। डॉ. लुबना खान ने नेत्रदान से जुड़ी भ्रांतियों और तथ्यों के बारे में बताया। डॉ. विजया साहू ने एम्स में संचालित नेत्र बैंक के बारे में जानकारी दी। डॉ. दीपक डिसूजा ने नेत्रदान संबंधी विधिक पक्षों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर आठ कॉर्निया दानदाताओं और छह कॉर्निया प्राप्त करने वाले रोगियों का भी सम्मान किया गया। डॉ. साहू ने बताया कि एम्स के नेत्ररोग विभाग के तत्वावधान में सतत् रूप से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसके अंतर्गत तेलीबंधा पर नेत्रदान संबंधी नाटिका प्रस्तुत की गई। इसके साथ ही पोस्टर प्रतियोगिता के माध्यम से नेत्रदान के महत्व को रेखांकित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. सुभाष मिश्रा, निदेशक, राज्य एपीडिमिक कंट्रोल, अधिष्ठाता (शैक्षणिक) प्रो. आलोक चंद्र अग्रवाल और चिकित्सा अधीक्षक प्रो. मनीषा रूईकर ने भाग लिया।

ट्रेनों का परिचालन बंद करना एक साजिश: जितेन्द्र मुदलियार

रेल रोको आंदोलन को लेकर अंबागढ़ चौकी में युवा आयोग अध्यक्ष ने ली पत्रकारवार्ता

राजनांदगांव/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने छत्तीसगढ़ में ट्रेनों के परिचालन बंद किए जाने को लेकर चरणबद्ध आंदोलन का आह्वान किया है। इसके लिए जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के प्रभारी नियुक्त किए गए छत्तीसगढ़ युवा आयोग के अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने अंबागढ़ चौकी मुख्यालय में प्रेसवार्ता कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार को कठघरे में खड़ा करते हुए इसे ट्रेनों का परिचालन बंद किए जाने को एक साजिश करार दिया।

प्रेसवार्ता में विरोध प्रदर्शन की जानकारी साझा करते हुए युवा आयोग अध्यक्ष मुदलियार ने कहा कि-आम जनमानस के लिए आवागमन का सबसे सुगम और विश्वसनीय साधन रेलवे भी मोदी सरकार के षड़यंत्र की भेंट चढ़ रहा है। धीरे-धीरे ट्रेनों का परिचालन बंद किया जा रहा है। कोविड के बाद से पटरी से उतरी रेलवे व्यवस्था दुरुस्त नहीं हो सकी है। अलबत्ता बढ़े हुए किराए और कम ट्रेनों के परिचालन के साथ लोगों के लिए दिक्कतें और बढ़ गई हैं। पहले से सीटों का आरक्षण करवाने वाले परिवार भी त्यौहारों में और आपातकालीन परिस्थितियों में फंसा व्यक्ति भी रेलवे की इस दुर्गति से प्रताड़ित हो रहा है।

उन्होंने कहा कि यात्री ट्रेनों को जानबूझकर रद्द किया जा रहा है। कभी कोयले की आपूर्ति के नाम पर तो कभी कोई और कारण बताकर भारतीय रेल को बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। कारण है कि जनता रेल्वे से परेशान हो जाए और मोदी अपने उद्योगपति मित्रों के हवाले रेल को सौंप दे। इसके विरोध में कांग्रेस आवाज बुलंद कर रही है। उन्होंने बताया कि 13 सितंबर को कांग्रेस रेल रोको आंदोलन करेगी। इससे पहले 10, 11 एवं 12 सितंबर को पांपलेट-पोस्टर चस्पा किया जाएगा।

उन्होंने आंकड़ों को सामने रखते हुए बताया कि वर्ष 2020 में 32 हजार 757, 2021 में 32 हजार 151 तथा 2022 में 2 हजार 474 एवं 2023 में अप्रैल महीने तक 208 ट्रेनें रद्द की गई। यही नहीं भाजपा राज में रेल्वे में मिलने वाली बुजुर्ग यात्रियों की सुविधाएं छीन ली गई। छात्रों को मिलने वाली रियायत भी बंद कर दी गई। किराये में बेतहाशा वृद्धि कर दी गई है। पढ़ाई करने वाले छात्र-छात्राएं और दिहाड़ी मजदूर रेल्वे की उपेक्षा का शिकार हो रहे हैं।

श्री मुदलियार ने कहा कि यह तमाम उठापटक मोदी सरकार द्वारा रेल्वे को बदनाम करने की नियत से की जा रही है। पत्रकारवार्ता में मोहला-मानपुर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी, रामकिशन खंडेलवाल, तौसिद रब्बानी, अजय राजपूत, सौरभ मिलिंद, वैभव राजपूत, हिमांशु मेश्राम, राजनांदगांव शहर युवा कांग्रेस अध्यक्ष एनी माखिजा, पवन राजपूत, संदीप रंगारी, संदीप दुबे, शदानंद शेंडे, मोनू साहू, भूपेंद्र रंगारी, योगेंद्र रामटेके समेत अन्य लोग शामिल थे।

भारत जोड़ो सम्मेलन 14 को रायपुर में

राजनांदगांव/नवप्रदेश। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी अपने एक दिवसीय छत्तीसगढ़ दौरे पर 14 सितंबर को राजधानी रायपुर आने वाले हैं, उनके इस दौरे को लेकर काफी तैयारियां कांग्रेस पार्टी की तरफ से की जा रही है, उनके स्वागत को लेकर एयरपोर्ट से लेकर सभा स्थल पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम तक रास्ते में कई जगह स्वागत मंच बनाकर स्वागत की तैयारियां की जा रही है तथा बैनर पोस्टर से पूरे मार्ग को सजाया जा रहा है एवं एक भव्य बाइक रैली के साथ इमरान प्रतापगढ़ी को भारत जोड़ो सम्मेलन स्थल पं. दीनदयाल उपाध्याय आडिटोरियम तक लाए जाने की व्यवस्था की जा रही है। अपने एक दिवसीय दौरे में श्री इमरान प्रतापगढ़ी छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग द्वारा आयोजित भारत जोड़ों सम्मेलन में प्रदेशभर के कार्यकर्ताओं एवं आमजनों को संबोधित करेंगे। छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी कुमारी सैलजा, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज सहित छत्तीसगढ़ सरकार के मंत्रीगण अपनी गरिमामयी उपस्तिथि से इस कार्यक्रम की शोभा बाएंगे। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के द्वारा कन्याकुमारी से कश्मीर तक निकाली गई भारत जोड़ो यात्रा की अपार सफलता के बाद देश भर के अलग-अलग जगहों में आयोजित किए जा रहे भारत जोड़ो सम्मेलनों की कड़ी में ही राजधानी रायपुर में ये आयोजन किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष अमीन मेमन ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी के दौरे को लेकर कांग्रेस पार्टी में काफी उत्साह नजर आ रहा है, सभी कार्यकर्ताओं में बहुत ही हर्ष और खुशी देखी जा रही है। अमीन मेमन ने बताया कि इमरान प्रतापगढ़ी को पूरे देश में अल्पसंख्यकों की बुलंद आवाज के रूप में जाना व माना जाता है। राज्यसभा सांसद के रूप में भी इमरान प्रतापगढ़ी का एक अलग ही अंदाज रहा है।

श्रीकृष्ण का चातुर्य निष्काम और जनकल्याण का सूत्र था : गिरवर

राजनांदगांव/नवप्रदेश। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व के अवसर पर खैरागढ़ नगर में यादव समाज ने श्री कृष्णा शोभा यात्रा निकाली। इस यात्रा में पूर्व विधायक गिरवर जंघेल भी शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने अपनी अनुभूति व्यक्त करते हुए कहा कि-चहुंओर प्रभु भक्ति से सराबोर वातावरण में सभी कृष्ण की स्मृतियों में तल्लीन थे। मैंने स्वयं मानों उन्हें इन भक्तों के रुप में अनुभव किया हो। उन्होंने आयोजन की प्रशंसा की और धार्मिक क्रियाकलापों में तन्मयता से लगे रहने की बात कही। खैरागढ़ में ही श्री राम गौ सेवा समिति, गोविंदा उत्सव समिति एवं नगरवासियों द्वारा राजीव चौक में आयोजित दही लूट गोविंदा उत्सव कार्यक्रम में भी बतौर अतिथि पूर्व विधायक गिरवर जंघेल शामिल हुए। उक्त आयोजन में विधायक यशोदा वर्मा सहित नगर के जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की विधि-विधान से पूजा अर्चना कर उन्हें प्रणाम किया जिसके बाद सभी नगरवासियों के साथ टोलियों द्वारा मटकी लूट का आंनद लिया। उन्होंने कहा कि-श्रीकृष्ण का चातुर्य निष्काम और जगकल्याण का सूत्र था। श्रीमुख से प्रकट भगवद्गीता ज्ञान का अथाह भंडार है। कलयुग में तो इसकी विशेष प्रतिष्ठा है।

वृक्ष लगाकर शुरू हुई नेशनल लोक अदालत

भटगांव/नवप्रदेश। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली तथा छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष अरविंद कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन मे अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति भटगांव के द्वारा दिनांक 9.9.2023 को नेशनल लोक अदालत के अवसर पर व्यवहार न्यायालय परिसर भटगांव मे के.एम.शर्मा व्यवहार न्यायाधीश वर्ग दो भटगांव अधिवक्ता संघ भटगांव तथा न्यायलयीन कर्मचारीगण के द्वारा वृक्षारोपण कर नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ किया गया। तथा व्यवहार न्यायालय परिसर भटगांव मे विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित सभी सदस्यगणों को लोक अदालत एवं विधिक सहयता एवं विभिन्न नियमो एवं अधिनियमों के संबंध मे विधिक जानकारी दिया गया। दिनांक 9.9.2023 को व्यवहार न्यायालय भटगांव मे आयोजित नेशनल लोक अदालत मे कुल 211 लंबित प्रकरणों को सुनवाई हेतू रख् गया था जिसमे से कुल 83 लंबित प्रकरणों का निराकरण किया गया। दिनांक 9.9.2023 को आयोजित नेशनल लोक अदालत का समापन पक्षकारों को फलदार वृक्ष कर समाप्त किया गया।

रायपुर/नवप्रदेश। श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर बच्चों ने राधा-कृष्ण की वेशभूषा धारण कर कृष्ण लीला का मंचन कर दर्शकों का मन मोह लिया।

उदयनिधि के सनातन धर्म पर गलत बयान का फूटा बेरला में गुस्सा, बजरंगियों ने जलाया पुतला

बेरला/नवप्रदेश। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के बेटे के भड़काऊ बयान से आक्रोशित हुए हिन्दू समाज बजरंग दल बेरला ने हॉस्पिटल चौक में पुतला फूंक कर विरोध प्रदर्शन किये आपको बता दे उदय स्टालिन सनातन धर्म को खत्म करने की बात करने व सनातन धर्म को वायरस ओर बीमारियों से तुलना किया है।

जिसके विरोध में पुतला फूंककर प्रदर्शन किया गया बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने उदय स्टालिन के पुतले को सड़कों पर घसीट जूते चप्पलें की माला पहना कर की प्रदर्शन बजरंग दल जिला संयोजक नितेश सोनी के नेतृत्व में पुतला दहन किया गया यह प्रदर्शन नितेश सोनी ने कहा की उदयनिधि का यह भड़काऊ बयान ठीक नहीं है हम अहिंसावाद मानवता धर्म से है इसका मतलब धर्म पर कोई उंगली उठा दे हम लड़ने भी जानते है कार्यवाही नही होते तक यह प्रदर्शन और उग्र होगा प्रदर्शन के दौरान पुलिस और बजरंगी के बीच हुआ जमकर छीना झपटी कार्यक्रम में बजरंग दल सह संयोजक प्रियांशू सिंह , बेरला संयोजक राकी वर्मा, सूरज वर्मा , भाजपा नेत्री सन्ध्या परगनिहा, कनहैया सेन, बलराम यादव, प्रह्लाद वर्मा, रजत सेन ,प्रियेश यदु, सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

छत्तीसगढ़ रत्न से सम्मानित हुई ज्योति सोनी

दल्लीराजहरा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की लोकप्रिय लोकगायिका दल्लीराजहरा की ज्योति सोनी (टी.ज्योति) को छत्तीसगढ़ रत्न से सम्मानित किया गया है । ज्योति सोनी विगत वर्षो से सुंदरानी यू ट्यूब चैनल में लोक संस्कृति ,लोक पारंपरिक व लोकगीत के माध्यम से छत्तीसगढ़ी संस्कृति को सजोए रखने का संदेश दे रही है । भिलाई कोसा नगर में राधा कृष्ण मन्दिर के प्रांगण में जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में मन्दिर के अध्यक्ष जय प्रकाश यादव द्वारा छालीवुड कलाकारों का छत्तीसगढ़ रत्न समारोह का कार्यकम रखा गया जिसमे ज्योति सोनी लोकगायिका छत्तीसगढ़ के भीष्म पितामह मोहन सुंदरानी जी , पद्म श्री उषा बारले जी व जय प्रकाश यादव जी द्वारा छत्तीसगढ़ रत्न से सम्मानित किया गया। जिसमे छत्तीसगढ़ फिल्म प्रोड्यूसर संतोष सारथी,फिल्म एक्टर अलीम बंशी ,फिल्म एक्टर गोल्डन साहू, एक्टर कृष्णा साहू , डांसर प्रज्ञा मिश्रा व समस्त नगर वासी उपस्थित थे। जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में कोसानगर भिलाई में अर्जुन्दा रंग का कार्यक्रम रखा गया जिसमे नगर के सैकड़ों जनता उपस्थित हुए व जय प्रकाश यादव द्वारा भव्य कार्यक्रम सफल हुआ। ज्योति सोनी ने कहा कि माता सरस्वती व समस्त छत्तीसगढ़ वासियों का प्यार आशीर्वाद के रूप में छत्तीसगढ़ रत्न सम्मान मिला है, छत्तीसगढ़ राज्य गीत, जसगीत व अन्य एलबम सुनील सोनी जी के साथ सुंदरानी चैनल में आने वाले है । आशा करती हुं आप सभी को यह सभी गीत बहुत पसंद आयेगा।

सुयज्ञ एवं सुयश हुए सम्मानित

कवर्धा/नवप्रदेश। संगम अकादमी कोटा राजस्थान द्वारा हिंदी काव्य लेखन के लिए बाल रचनाकार सुयज्ञ गुप्ता अलबेला एवं सुयश गुप्ता मंगलम को अकादमी के अध्यक्ष ओमप्रकाश लवंशी ने राष्ट्रीय हिंदी सेवा सम्मान से सम्मानित करते हुए सर्टिफिक्रेट प्रदान किया दोनों जुड़वा बच्चे ड्राइंग पेंटिंग शिक्षा के साथ-साथ 5 वर्ष की उम्र से ही हिंदी में काव्य लेखन कर रहे हैं इसके पूर्व इन्हें दो राष्ट्रीय सम्मान और प्राप्त हो चुका है दोनों बच्चे युवा साहित्यकार प्रकाशक डॉ सुनील गुप्ता तन्हा के सुपुत्र हैं इनके विद्यालय परिवार तथा उनके दोस्तों ने इन्हें बधाई प्रेषित किया है।

आज अमित जोगी रेंगाखार में

कवर्धा/नवप्रदेश। जोगी कांग्रेस कवर्धा विधानसभा के द्वारा 20 सूत्रीय विषय को लेकर तहसील कार्यालय घेराव करके राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौपा जाएगा । जोगी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सुनील केशरवानी ने बताया कि कवर्धा विधानसभा के रेंगाखार जंगल मे समस्याओं का अंबार लगा हुआ है ,बीजेपी ने 15 साल राज किया लेकिन रेंगाखार के जंगल ,खनिज को सिर्फ लूटने का काम किया है ठीक ऐसे ही कांग्रेस के 5 वर्षो में हाल है पूरी लूट मची हुई है । रेंगाखार से चिल्फी सड़क आज से 23 वर्ष पहले स्वर्गीय अजित जोगी जी ने बनाया था तब से वही रोड है आज उसका हाल बुरा है क्षेत्रवासियों के मांग के बाद भी सड़क नही बनाया गया । स्वास्थ्य ,शिक्षा का हाल बुरा है ,जंगल प्रतिदिन कटे जा रहे है लकड़ी की तस्करी कांग्रेसी गिरोह द्वारा किया जा रहा है । ऐसे ही 20 सूत्रीय क्षेत्र के ज्वलंत मुद्दे है जिन्हें क्षेत्रवासियों के साथ मिलकर अमित जोगी जी के नेतृत्व में तहसील कार्यालय का घेराव किया जाएगा ।

प्रमुख मांगे:-

1.वन ग्राम सुतिया, अड़वार, नगवाही, सुपखार, तरमा, बेंदा,थुहापानी, को राजस्व ग्राम शीघ्र बनाया जाए। 2.रेंगाखार मुख्यालय को विकासखण्ड बनाया जाए। 3.समनापुर से चिल्फी सड़क निर्माण शीघ्र कराया जाए। 4.रेंगाखार से सहसपुर लोहारा सड़क विस्तार किया जाए। 5.गोपीखार, खमरहा, में बांध का निर्माण कर नहर विस्तार किया जाए। 6.बहेराखार बांध से नहर विस्तार रेंगाखार क्षेत्र में किया जाए। 7.वनअधिकार पट्टा दिया जाए। 8.रेंगाखार मुख्यालय है जहां प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र है जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बनाया जाए, और यहां चिकित्सा सहित स्टाफकी पद खाली है उसमें शीघ्र भर्ती किया जाए, यहां 60 कि.मी. दूर पी.एम. के लिये जाना पड़ता है। यहां इसकी व्यवस्था किया जाए। 9.कांग्रेस सरकार के घोषणा के बाद भी यहां आत्मानंद इंग्लिश मिडियम प्रांरभ नही हुआ है। शीघ्र इंग्लिश मीडीयम स्कूल प्रारंभ किया जाए। 10.चिल्फी रेंगाखार के मीडील, प्राथमिक स्कूल मे एकल शिक्षक है वहां शीघ्र शिक्षक की व्यवस्था किया जायें जैसे मोतिमपुर, छितपुरी कला, निवासपुर, डोंगरिया, बरेण्डा, तेंदूटोला, पंडरीपानी, सुपखार, कन्हारी, बरेंडा, शंभुपीपर, अंजन, भेलवाटोला मीडील, बोक्करखार मीडील, चिल्फी, लोहारटोला, बम्हनी।

गुरुवर सम्मान समारोह में गुरुकुल परंपरा हुई साकार : शैलेश नितिन

भाटापारा/नवप्रदेश। सेवा सुगंधम सामाजिक जन कल्याण समिति के संस्थापक टिकेंद्र उपाध्याय के तत्वावधान में सेवा निवृत्त शिक्षकों के लिए गुरुवर सम्मान समारोह पंचशील नगर स्थित योगभवन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर करीब 1 सौ 8 सेवा निवृत्त शिक्षकों का मुख्य अतिथि शैलेश नितिन त्रिवेदी अध्यक्ष पाठ्यपुस्तक निगम छत्तीसगढ़ ने पांच अति वरिष्ठ शिक्षकों के के त्रिवेदी,डी पी जैन,के एस मिश्रा, के के बाजपाई व श्रीमती कस्तूरी त्रिपाठी का पाद प्रक्षालन कर सम्मान किया। प्रत्येक शिक्षक के पास जाकर उन्हें चंदन का टीका लगा कर पुष्प गुच्छ शॉल श्रीफल से अभिनंदन किया। अनेक शिक्षक ऐसे थे जिन्होंने अध्यक्ष पाठ्य पुस्तक निगम शैलेश नितिन त्रिवेदी को स्कूल में पढ़ाया था। ऐसे सम्मान से सभी भाव विभोर होते दिखे। उन्होंने सभी का चरण स्पर्श कर उनका आशीर्वाद लिया। इस गुरुवर सम्मान समारोह में शिक्षकों को संस्था की ओर से उपहार स्वरूप साल ,श्री फल, छाता, टॉर्च व विवेकानंद साहित्य भेंट किया गया। मुख्य अतिथि शैलेश नितिन त्रिवेदी ने अपने सार गर्भित उद्बोधन में कहा कि गुरुजनों ने अपने जीवन का बहुमूल्य समय हमें शिक्षित करने में बिताया है। हम उनके ऋणी हैं। उनका सम्मान कर यदि हम उऋण हो सकें तो यह हमारे लिए सौभाग्य की बात होगी। गुरुब्रह्मा, गुरु विष्णु,गुरुदेवो महेश्वरा के श्लोक पर अपनी अभिव्यक्ति देते हुए उन्होंने कहा कि मैंने केवल गुरु का पूजन कर उनका आशीर्वाद नही लिया है वरन गुरु के रूप में मैंने ब्रह्मा,विष्णु व महेश स्वरूप गुरु के चरणों पर नत मस्तक हुआ हूँ और गुरु के रूप में मुझे ईश्वर का आशीर्वाद प्राप्त हुआ है। गुरुवरों के पैरों तले झुकना मेरा सौभाग्य है उन्होंने कहा। इस गुरुवर सम्मान समारोह में गुरुकुल परंपरा साकार हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे रूपेश ठाकुर व विशेष अतिथि विक्रम गिरी ने भी अपने उद्बोधन में गुरुजनों के प्रति समर्पण भाव प्रेषित किया व उनसे सदैव आशीर्वाद मिलते रहने की कामना की।मंच संचालन टिकेंद्र उपाध्याय ने किया आभार प्रदर्शन एस एम पाध्ये ने किया ।

हमें शुभ आचरण करना सिखाती है रामायण

बेरला/नवप्रदेश। विकासखंड के ग्राम हसदा में आयोजित मानस संगोष्ठी में गूंजा सनातन धर्म की जय, सेवा निवृत्ति ग्राम भिंभौरी के माटी पुत्र श्री महराज दिन धीवर का शक्ति केंद्र एवम मानस दर्शन की ओर से हुवा सम्मान । अंचल के मानस मंडलीयो का हुआ संगीत मय प्रस्तुति, श्री कृष्ण जन्माष्टमी के महापर्व में शक्ति केंद्र तहसील बेरला के अंतर्गत ग्राम हसदा में मानस संगोष्ठी का आयोजन किया गया कार्यक्रम का प्रारंभ जिला बेमेतरा के कार्यकारी अध्यक्ष शिव साहू , शक्ति केंद्र अध्यक्ष संतोष शर्मा ,सर पंच प्रतिनिधि पवन डहरीया ,भाजपा नेता संध्या परगनि हा जी राजकुमार ताम्रकार मदन सिन्हा सहित आयोजक समिति आदर्श बाल मानस मंडली के समस्त सदस्यो की उपस्थिति में संपन्न हुआ तत्पश्चात शक्ति केंद्र के मानस रसिको एवम व्याख्या कारो की मनोरम प्रस्तुति प्रारंभ हुई एक बार पुनः ग्राम हसदा राम मय लगने लगा जब दिव्य मंच से सनातन धर्म की जय का जय घोष होने लगा कार्यक्रम में आदर्श बाल मानस मंडली हसदा के द्वारा मंगला चरण हुवा तत्पश्चात विभिन्न मानस मंडली, श्री राम मानस मडली तिलई, श्रदधा महिला मानस मंडली गोंडगिरी, जय अम्बे मानस मण्डली गाडामोर , जय माँ बंजारी मानस मण्डलीं सांकरा , शिव मानस मण्डली पाहरा ,सत्यम् शिवम् सुन्दरम् मा.मं. घटिया खुर्द , जय गंगा मा मानस मण्डली नेवनारा ,आदर्श मानस मण्डली देवादा आदि।

दुर्ग नगर निगम के उपनेता प्रतिपक्ष बने देवनारायण चंद्राकर

दुर्ग/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के मात्र दो महीना पहले दुर्ग शहर भारतीय जनता पार्टी ने नगर निगम दुर्ग में उपनेता प्रतिपक्ष के पद पर देवनारायण चंद्राकर को आसीन किया है । दुर्ग नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष अजय वर्मा जिस तरह पहले भाजपा की शहरी राजनीति में मुख्य भूमिका निभाते थे, अब वह नदारत हो गया है। शहर की राजनीति की रीढ़ माने जाने वाले पार्षद एक तरह से निष्क्रिय हो गए थे, जिन्हें सक्रियता प्रदान करने की मंशा से देवनारायण चंद्राकर को उपनेता प्रतिपक्ष नियुक्त किया गया। उम्मीद की जा रही है कि देवनारायण चंद्राकर को उपनेता प्रतिपक्ष बनाए जाने के बाद दुर्ग नगर निगम क्षेत्र के पटरी पार इलाके का वोट भाजपा के पक्ष में ध्रुवीकृत होगा।

पिछले 4 सालों में दुर्ग नगर निगम के अधिकांश भाजपा पार्षद राजनीति में अपनी भूमिका निभाने के बजाय नगर निगम के ठेकेदार बन कर मुनाफा कमाने में लग गए थे। आने वाले असेंबली चुनाव के ठीक पहले भी उनकी सक्रियता ऐसी नहीं बढ़ी की भाजपा शहर में बेहतर प्रदर्शन दिखा सके। लिहाजा भारतीय जनता पार्टी को और अधिक मुखर व सक्रिय बनाए रखने की दृष्टि से पार्षद देवनारायण चंद्राकर को उप नेता प्रतिपक्ष बनाया गया। भाजपा का मानना है कि आगामी चुनाव में दुर्ग शहरी सीट पर भाजपा के अच्छे प्रदर्शन के लिहाज से शहर के भाजपा पार्षदों का सक्रिय होना नितांत जरूरी है । भाजपा का स्थानीय संगठन यह देखकर हैरान था कि दुर्ग नगर निगम के पार्षद सदन में शहरी सत्ता पक्ष की नीतियों का तगड़ा मुखालफत करने के बजाय उनके साथ खड़े दिखे। दरअसल नगर निगम के निर्माण कार्यों का ठेका इन्हीं पार्षदों को मिल रहा था लिहाजा वे शहरी सरकार की नीति व योजनाओं का विरोध किस प्लेटफार्म पर करते। उनके तेवर नरम पड़ गए थे। दुर्ग नगर निगम में भाजपा की राजनीति लगातार कमजोर होते गई । आज चुनाव के ठीक पहले संगठन को यह एहसास होने लगा कि बीजेपी पार्षदों की निष्क्रियता से पार्टी को खूब नुकसान पहुंचा है।

अभी से पार्षदों को सक्रिय नहीं किया गया तो भाजपा प्रत्याशी को विधानसभा चुनाव में दुर्ग शहरी सीट पर अच्छा प्रदर्शन की उम्मीद नहीं।

बहरहाल देखा गया है कि भाजपा के नेता इस पंचवर्षीय शहरी सरकार में ज्यादा मुखर नहीं रह पाए । शहर में सड़क, सफाई, पेयजल जैसे बुनियादी मुद्दों पर हुए सत्ता पक्ष को नहीं घेर पाए जनता के बीच जिस तरह मुखर विरोध दिखाने की जरूरत थी, उसे भाजपा के पार्षद पूरा नहीं कर से। जबकि दुर्ग नगर निगम का क्षेत्र ही विधानसभा सीट का शहरी सीमा है। दुर्ग निगम की राजनीति में विधायक अरुण बोरा व महापौर धीरज बाकलीवाल का एकतरफा चला हैं। विधायक अरुण बोरा व धीरज बाकलीवाल ने विपक्षियों को भी साध लिया था तथा उन्हें जमीनी विरोध करने से रोके रखा।

आज विरोध केश्वर पीने कुंद पड़ चुके हैं कि जनता के बीच भाजपा पार्षद कांग्रेसनीत शहरी सरकार की कमजोरियों को आम जनता के बीच रखने में मुकम्मल न रहे। आज दुर्गा नगर निगम में राजनीति नीति वे योजना का मतलब विधायक अरुण बोरा व महापौर धीरज बाकलीवाल हो चले हैं इसका मुख्य कारण यही है कि भाजपा पार्षद दल एकजुटता के साथ अपना पक्ष रखने में नाकाम साबित हुए। चुनाव के लिहाज से यह बीजेपी को भारी पड़ सकता है । लिहाजा इससे निपटने के लिए देवनारायण चंद्राकर को दुर्ग नगर निगम में उपनेता प्रतिपक्ष बनाया गया है। अब आने वाला समय बताया कि भाजपा पार्षद दल में शक्ति के संतुलन को साधने का नतीजा क्या होगा ? भाजपा इसका कितना लाभ उठा पाएगी , यह भी देखने वाला विषय होगा।

आज लोक कलाकार महेश वर्मा और राजेंद्र साहू होंगे दुबई रवाना

कुम्हारी/नवप्रदेश। लोक कलाकार महेश वर्मा एवं राजेंद्र साहू आगामी 14 सितंबर को हिंदी दिवस के दिन दुबई में आयोजित अंतरराष्ट्रीय मंच पर सांस्कृतिक प्रस्तुति देंगे इस अवसर पर दो दिवसीय इस अंतरराष्ट्रीय आयोजन में भारत के अनेक राज्यों से कला साहित्य लेखक कवि शामिल होंगे इस गौरवशाली मंच पर विश्व कथा सम्मान से डॉ. परदेसी राम वर्मा भिलाई सम्मानित होंगे । गौरतलब है कि महेश वर्मा वरिष्ठ लोक कलाकार हैं इन्हें मध्य प्रदेश शासन ने श्रम साहित्य रत्न एवं बिलासा सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है। इसके अलावा भी इन्हें कई सम्मान और पुरस्कार प्राप्त हैं महेश वर्मा लंबे दूरदर्शन से दूरदर्शन में कृषि दर्शन के एंकर हैं एड्स जागरूकता, स्वास्थ्य विभाग, वन विभाग ,स्वच्छता , साक्षरता एवं शासन के विभिन्न विभागों के जन जागरूकता के लिए पटकथा लेखन, निर्देशन एवं गीत लिखे हैं। महेश वर्मा लोक मया लोक कला मंच के अध्यक्ष भी हैं। वहीं लोक कलाकार राजेंद्र साहू भी दूरदर्शन के कृषि दर्शन कार्यक्रम के एंकर हैं रामायण के मंचों के लोकप्रिय संचालक हैं ।

लगातार ट्रेनें रद्द होने के विरोध में कांग्रेस करेगी 13 को रेल रोको आंदोलन

■ **मोदी सरकार ने रेलवे की विश्वसनीयता खत्म करने रची है साजिश - गिरीश देवांगन**

दुर्ग/नवप्रदेश। दुर्ग जिला कांग्रेस प्रभारी और राज्य खनिज विकास निगम अध्यक्ष गिरीश देवांगन ने ट्रेनों के परिचालन लगातार रद्द होने के लिए केंद्र की मोदी सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। शनिवार को राजीव भवन दुर्ग में मीडिया से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि देश की सबसे सस्ती व सुलभ यात्री सेवा रेलवे की विश्वसनीयता को खत्म करने मोदी सरकार ने षड्यंत्र रचा है। इसलिए बगैर किसी वजह के अचानक ट्रेनों का परिचालन बार-बार रद्द किया जा रहा है। यह कर के मोदी सरकार लोगों में रेल सेवा की विश्वसनीयता खत्म करना चाहती है, ताकि वे अपने स्वार्थ सिद्धि के लिए रेलवे की सेवा को आसानी से निजी हाथों को बेच सके। श्री देवांगन ने कहा है कि छत्तीसगढ़ राज्य में ट्रेनों का परिचालन खासकर रद्द किया जा रहा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल रेलवे की यात्री सेवा को दुरुस्त बनाने बार-बार प्रधानमंत्री व रेलमंत्री को पत्र लिखकर आग्रह कर चुके हैं, बावजूद रेल की व्यवस्था में सुधार नहीं आया है, लेकिन छत्तीसगढ़ के साथ मोदी सरकार की यह उपेक्षा व भेदभाव अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके विरोध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा चरणबद्ध आंदोलन की रणनीति बनाई गई है। जिसके प्रथम चरण में 10, 11व 12 सितंबर को सार्वजनिक स्थानों पर पंपलेट वितरण व पोस्टर चस्पा कर ट्रेन परिचालन लगातार रद्द होने के खिलाफ जागरण अभियान चला जाएगा।आंदोलन के तहत 13 सितंबर को दोपहर 12बजे दुर्ग रेलवे स्टेशन में रेल रोको आंदोलन किया जाएगा।

छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम अध्यक्ष गिरिश देवांगन ने बताया कि पिछले साढ़े तीन साल में 67382 ट्रेनों को रदद किया गया। आरटीआई से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 2020 में 32757 ट्रेनें,वर्ष 2021 में 32151 ट्रेनें, वर्ष 2022 में 2474 ट्रेन, वर्ष 2023 में (अप्रैल माह तक) 208 ट्रेनें निरस्त की गई है। वर्तमान में 24 ट्रेनें अगस्त 2023 के अंतिम तक रद्द की गई है। । श्री देवांगन ने कहा कि भाजपा राज में रेलवे में मिलने वाली बुजुगों और छात्रों की रियायत खत्म हो गई है। किराए में बेतहाशा वृद्धि, प्लेटफार्म टिकिट तक में कई गुना वसूली, दैनिक यात्री सरकारी और निजी क्षेत्र के कर्मचारी, पढ़ाई करने वाले छात्र-छात्राएं, कामगार नौकरीपेशा आम यात्री मोदी राज में उपेक्षित है। श्री देवांगन ने कहा कि छत्तीसगढ़ के लाखों रेल यात्रियों, छोटे कामगार, नौकरीपेशा, छात्र छात्राएं, स्टेशन के कुली व आटो चालकों की समस्या पर भाजपा नेता चुप हैं। बिलासपुर रेलवे जोन जिसके अंतर्गत छत्तीसगढ़ आता है। यहां से केवल माल भाड़ा से केंद्र की मोदी सरकार 20,000 से 22,000 करोड रुपए हर साल कमाती है, लेकिन जब सुविधा देने की बारी आ रही है, तो विगत 9 साल से मोदी राज में छत्तीसगढ़ के रेल यात्रियों को केंद्र की उपेक्षा ही मिल रही है। श्री देवांगन ने कहा है कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव बिलासपुर से सांसद है। प्रदेश की जनता ने केंद्र में चुनकर भेजा है, लेकिन वे जनता के प्रति अपना धर्म निमाने में पूरी तरह से नाकाम रहे हैं। देशभर में सबसे पीड़ित, प्रताड़ित और उपेक्षित बिलासपुर जोन के ही छत्तीसगढ़ के रेल यात्री हैं। विगत 3 साल के भीतर छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली 67 हज़ार से अधिक ट्रेनें निरस्त की गई, लेकिन दलीय चटुकारिता में छत्तीसगढ़ से लोकसभा के लिए चुने गए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सहित 9 सांसद संसद में छत्तीसगढ़ के हित में मौन साधे हुए है। प्रेसवार्ता के दौरान प्रदेश कांग्रेस कमेटी महामंत्री राजेन्द्र साहू, राज्य मदरसा बोर्ड अध्यक्ष अलताफ अहमद, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग उपाध्यक्ष आर.एन.वर्मा, जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष निर्मल कोसरे, दुर्ग शहर कांग्रेस अध्यक्ष गया पटेल, भिलाई कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, पार्षद संदीप निरंकारी भी मौजूद थे।

लोक अदालत में पक्षकार को मिला न्याय उपभोक्ता फोरम ने दिलवाई नई एलईडी टीवी

दुर्ग/नवप्रदेश। जिला न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष आए प्रकरणों का पक्षकारो के बीच आपसी राजीनामा से निपटारा किया गया। जिला उपभोक्ता आयोग में जीवन बीमा, बैंक के अलावा उपभोक्ता से संबंधित प्रकरण आए थे। इन प्रकरणों का जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष संतोष कुमार एवं आयोग की सदस्य श्रीमती नीलू ठाकुर द्वारा दोनों पक्षकार के आपसी राजीनामा के आधार पर निर्णय दिया गया। जिला उपभोक्ता आयोग की सदस्य श्रीमती नीलू ठाकुर ने बताया कि एक प्रकरण में पुरानी खराब दी गई टीवी के बदले एजेंसी द्वारा लोक अदालत में उपस्थित होकर उपभोक्ता को 44 इंच की नई एलइडी टीवी प्रदान की गई। उपभोक्ता द्वारा खरीदी गई नई एक्टिवा स्कूटी खराब होने के कारण एजेंसी द्वारा उपभोक्ता को आपसी राजीनामा के आधार पर 55हजार रुपए प्रदान किया गया। प्रधानमंत्री जीवन बीमा 12रूपए के प्रकरण में दो-ढाई लाख एवं 5 लाख के कई प्रकरण में क्लेम राशि बैंक एवं बीमा कंपनी के द्वारा बीमाधारक के उत्तराधिकारी को प्रदान किया गया।लोक अदालत में जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा लगभग 22लाख 46हजार रु की राशि विभिन्न प्रकरणों में राजीनामा के आधार पर पक्षकारों को दिलवाई गई।

कोसरिया यादव महासभा ने निकाली शोभायात्रा, श्रीकृष्ण के गूंजे जयकारे

दुर्ग/नवप्रदेश। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य पर दुर्ग जिला कोसरिया यादव महासभा द्वारा रविवार को शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। ।यह शोभायात्रा सुबह यादव छात्रावास पचरीपारा से प्रारंभ होकर पोलसायपारा चौक, तकियापारा, लुचकीपारा, कंकालिन मंदिर चौक, चंडी मंदिर चौक, शिवपारा, गवलीपारा,जवाहर चौक, मोती कामपलेक्स, पुराना बस स्टैंड, इंदिरा मार्केट, फरिश्ता कंपलेक्स, श्री राधाकृष्ण मंदिर पचरीपारा, नया बस स्टैंड होते हुए मानस भवन पहुंचकर समाप्त हुई। शोभायात्रा में भगवान श्री कृष्ण व राधा के वेशभूषा में सजे धजे बच्चे व अन्य झांकियां आकर्षण का केंद्र रही। शोभायात्रा का लोगों ने जगह-जगह उत्साह के साथ स्वागत किया। पचरीपारा चौक में वार्ड पार्षद ओमप्रकाश सेन (राकेश) के नेतृत्व में वार्डवासियों द्वारा शोभायात्रा का स्वागत किया गया और

शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को पेयजल का वितरण किया गया।

शोभायात्रा में दुर्ग जिला कोसरिया यादव महासभा के अध्यक्ष बोधनराम यादव, नगर अध्यक्ष अमर सिंह यादव, जिला युवा अध्यक्ष प्रीतम यादव, नगर युवा अध्यक्ष भूपेंद्र यादव, नगर कार्यकारी अध्यक्ष दादू अहीर, नगर सचिव गिरीश यादव, मीडिया प्रभारी गणेश यादव, प्रचार मंत्री तरुण यादव, किशन सिंह यादव, सचिव शंकरलाल यादव, महिला अध्यक्ष अर्चना यादव, तुलाराम यादव, भरत यादव, हरिश यादव,चोवाराम,भोजराम यादव, वार्ड पार्षद ओमप्रकाश सेन (राकेश), अन्य जनप्रतिनिधि के अलावा समाज की महिलाएं व पुरुष जिलेभर से उत्साह के साथ हजारों की संख्या में शामिल हुए।

आरोप पत्र जारी कर भाजपा ने घेरा विधायक निवास

■ **जोरदार प्रदर्शन में दिखा जोश खरोश**

डोंगरगांव/नवप्रदेश । भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने आज क्षेत्रीय विधायक दलेश्वर साहू पर 21 बिन्दुओं में आरोप लगाते हुए उनके निवास का घेराव किया। एक साल के अंतराल में लगभग चौथी बार आयोजित विधायक निवास के घेराव में भाजपा, भाजयुमो पदाधिकारियों ने जमकर जोश खरोश दिखाया। इस बीच 6 - 7 जगहों पर कार्यकर्ताओं ने विधायक का पुतला भी फूंका।

भाजपा ने राज्य पिछड़ा वर्ग प्राधिकरण के अध्यक्ष तथा लगातार दूसरी बार क्षेत्र से विधायक चुनकर विधानसभा पहुंचे दलेश्वर साहू पर अनेक तरह के आरोप लगाये हैं। भाजपा ने आरोप पत्र जारी करते हुए विधायक श्री साहू पर सत्ता के भूखे और राजनीति को स्वार्थपूर्ति का साधन मानकर काम करने का आरोप लगाया है। भाजपा का कहना है कि पिछले दस वर्षों में विधायक ने कथित ईमानदारी का चादर ओढक़र न सिर्फ अपना उल्लू सीधा किया, वरन् आमजनता को ठगने का काम भी किया, जिसकी गवाह क्षेत्र की जनता है।

भाजपा द्वारा जारी आरोप पत्र में विधायक पर आरोप लगाया गया कि जब पूरा क्षेत्र कोरोना महामारी से जूझ रहा था, तब विधायक दलेश्वर साहू ने आपदा को अवसर बनाते और लोगों के जीवन को खतरे में डालते हुए लालबहादुरनगर में लोक मंड़ई का आयोजन कर कोरोना को फैलाने का कार्य किया था। साथ ही उन्होंने आपदा को अवसर बनाते हुए निजी वाहनों में शासन के विभाग से डीजल डलवाया। जिसका भुगतान सरकारी अस्पताल व नगर पंचायत से करवाया तथा एबुलेंस में डलवाने का झूठा श्रेय लिया गया। दर्री एनिकट में किसानों की जमीन बहने के बाद भी विधायक मौन रहे। आज तक किसानों के 16 एकड़ जमीन बहने के बाद भी विधायक ने स्थल का निरीक्षण भी नहीं किया है।

इसके अलावा विधायक की अदूरदर्शिता के कारण डोंगरगांव नगर के लिए आवश्यक जल आवर्धन योजना का मामला खटाई में पड़ा। इसके कारण आज भी नगर के लोगों को गंदा पानी पीने को मजबूर होना पड़ रहा है। इसी प्रकार डोंगरगांव नगर के सौंदर्यीकरण अंतर्गत किये जा रहे सडक़ चौड़ीकरण का कार्य पूरी तरह से गुणवत्ताहीन और अदूरदर्शितापूर्ण तरीके से किया जा रहा है। न तो पाईप लाईन शिफ्टिंग किया गया और न ही मापदण्ड के अनुसार कार्य हो रहा है। विधायक अपने ही ड्रीम प्रोजेक्ट की बरबादी पर आखिर किस मजबूरी से मौन साधे हुए हैं? भाजपा द्वारा यह भी आरोप लगाया गया है कि विधायक द्वारा स्वेच्छानुदान व जनसंपर्क राशि का जमकर दुरूपयोग किया गया है। उन्होंने न सिर्फ अपनी पत्नि श्रीमती जयश्री साहू की संस्था सृजन फाउंडेशन को 5 लाख रू. दिया वरन् कांग्रेस के सेक्टर प्रभारियों व कार्यकर्ताओं को स्वेच्छानुदान से मोटी रकम दी गई।

नाबालिग लड़की को भगाकर ले जाने वाला आरोपी गिरफ्तार

भाटापारा/नवप्रदेश। नाबालिक लड़की को बहला फुसला कर शादी का प्रलोभन देकर उसको भगा कर ले जाने और उसके साथ लगातार शारीरिक संबंध बनाने वाले आरोपी किशन दास महत उर्फ छोटू निवासी वार्ड न0 1 भाटापारा नैला (जांजगीर) थाना नैला जिला जांजगीर-चांपा को सिमगा पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके विरूद्ध बलात्कार एवं पाक्सो एक्ट के तहत कार्यवाही की है।

उपरोक्त संबंध में सिमगा थाना प्रभारी मंजू लता राठौर ने बताया की प्रार्थी के द्वारा 01.जुलाई को रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि इसकी नाबालिक बालिका 29 जून के सुबह 08:00 बजे से घर में बिना किसी को बताये कहीं चली गयी है, जो वापस नहीं आयी है, उक्त रिपोर्ट पर थाना सिमगा मे गुम इंसान जॉच पर से अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धारा 363 भा.द.वि कायम किया गया। इस बीच अपहृता नाबालिक बालिका को 31 अगस्त को प्रार्थी द्वारा थाना लाकर पेश करने पर प्रार्थी से बरामद कर दस्तायाब किया गया है।

अपहृता नाबालिक बालिका ने अपने कथन में आरोपी किशन दास महत द्वारा पीड़िता के माता-पिता के जानकारी के बगैर, नाबालिक बालिका को शादी कर पत्नि बनाकर रखने का झूठा बात बहला, फुसलाकर, बहकाकर अपने साथ अपने घर नैला (जाजगीर) ले जाकर साथ रखकर जबरन मेरे साथ शारीरिक संबंध लगातार करना बतायी।

रामलीला की तैयारी में जुटे बाल कलाकार

■ **15 अक्टूबर से चालू होगी रामलीला**

भाटापारा/नवप्रदेश। श्री आदर्श रामलीला नाटक मंडली भाटापारा के द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी रामलीला नाटक का मंचन नन्हे बाल कलाकारों द्वारा नवरात्री के समय 15 अक्तूबर से प्रारंभ किया जाएगा,जिसकी तैयारी पिछले 6 माह से बाल कलाकारों द्वारा रामलीला कार्यलय में जारी है।

भगवान श्री राम के आदर्श चरित्र के चित्रण का मंचन पिछले 103 वर्षो से रामलीला मैदान पुराना गंज शंकर वार्ड मे किया जाता है जिसको 103 वर्ष पुर्ण हो चुके है और इस 104 वां वर्ष 15 अक्टुबर से रामलीला मंचन आरंभ किया जाएगा जिसका अभ्यास नन्हे एवं वरिष्ठ कलाकारो के द्वारा संगीत के जानकार रामलीला समिति के वरिष्ठ प्रकाश शर्मा और अभिनय कला प्रशिक्षक कोमल शर्मा के द्वारा प्रतिदिन शाम 6 बजे से रात 9 बजे तक किया जा रहा है । नन्हे बच्चे भगवान राम,लक्ष्मण और हनुमान के साथ तुलसीदास रचित रामचरित मानस के साथ अनेक साहित्यो से तैयार रामलीला के पात्रो की जीवंत प्रस्तुति देने की तैयारी कर रहे है । बताया जाता है की इस वर्ष रामलीला मंचन के समय दानी मौरध्वज जैसे नाटको का विशेष मंचन भी किया जाएगा । भाटापारा के इस रामलीला की विशेषता यहाँ का इतिहास , साहित्य और नन्हे बच्चो के द्वारा सैकड़ो पन्नो के पाठ मुखाग्र कंठस्त कर उनका मंचन देना है । भाटापारा की रामलीला अंग्रेजो के समय से धर्म एवं सतातन संस्कृति का प्रचार कर रही है जिसकी स्थापना सन 1920 मे की गई थी जिसको वर्तमान मे पिछले कई वर्षो से संदीप मल,प्रकाश शर्मा,सुर्यकांत शुकला,बजरंगलाल चौरसिया,धन्जी जोशी,जगदीश वैष्णव,कोमल शर्मा,हेमंत मल,कैलाश पुरोहित,लाला शर्मा,मनोज गुप्ता,रोहित तिवारी,अभिनव तिवारी,आयुष तिवारी एवम अन्य सहयोगियों के द्वारा संचालन किया जाता है ।

नगर के विधायक शिवरतन शर्मा सहित नगर वासियों एवम व्यापारीगण, पत्रकार, नगर पालिका व अन्य विभागों के द्वारा आवश्यकतानुरूप अथक सहयोग आदर्श रामलीला नाटक मंडली को प्राप्त होता है । जिनका संस्था आभार व्यक्त करते हुए सहयोग की भावना रखती है ।

गोंदिया-बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस पुनः परिवर्तित मार्ग से चलेगी

भाटापारा/नवप्रदेश। अधोसंरचना विकास हेतु उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के वाराणसी स्टेशन यार्ड का रिमाडलिंग हेतु एनआई का कार्य किया जा रहा है 7 इस कार्य के फलस्वरुप दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से होकर चलने वाली 15231 बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस को दिनांक 11 सितम्बर 2023 से 15 अक्टूबर 2023 तक तथा 15232 गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस को दिनांक 12 सितम्बर 2023 से 16 अक्टूबर 2023 तक रद्द किया गया था ।उक्त निर्णय को शिथिल कर दिया गया है और ट्रेन नियमित रूप से परिवर्तित मार्ग से चलेगी। उपरोक्त संबंध में जानकारी अनुसार यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये रेलवे प्रशासन द्वारा इन दोनों गाड़ियों को रिस्टोर करते हुये उपरोक्त अवधि में परिवर्तित मार्ग व्हाया प्रयागराज छिवकी-पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन-पाटलीपुत्र-हाजीपुर स्टेशनों के रास्ते होकर चलाई जाएगी 7 ये गाडियाँ इस अवधि में रद्द नहीं रहेगी उपरोक्तानुसार परिवर्तित मार्ग से चलेगी 7 रेल प्रशासन के त्वरित लिए गए।निर्णय से यात्रियों ने खुशी जाहिर की है।

भाजपा आज करेगी नगर पालिका दफ्तर का घेराव

भाटापारा/नवप्रदेश। नगर पालिका में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं अनियमितता के विरुद्ध भारतीय जनता पार्टी द्वारा आज सोमवार को दोपहर 12:00 बजे नगर पालिका का घेराव एवं प्रदर्शन किया जाएगा। स्थानीय भगत सिंह चौक महासती वार्ड से रैली के रूप में भाजपा कार्यकर्ता सदर बाजार मुख्य मार्ग से होते हुए राम सप्ताह चौक में एकत्रित होंगे वहां से पुनः सभी कार्यकर्ता नगर पालिका के घेराव के लिए आगे बढ़ेंगे ।।

अखंड राम नाम सप्ताह उत्सव में कचरा का ढेर लगाने वाली, गरीब परिवारों को घर का पट्टा ना देने वाली, महीनों से बंद पड़े बोर पम्पो से पानी के लिए आम जनता को तरसाने वाली, डेंगू और मलेरिया का नगर की जनता को सौगात देने वाली, भाटापारा नगर पालिका से भाटापारा नगर की जनता त्रस्त हो चुकी है। दुर्भाग्य है कि कांग्रेस के सारे नेता बैनर और पोस्ट की राजनीति में लगे हुए हैं जिन्हें जनता की समस्याओं से कोई लेना देना नहीं है। 7 सूत्रीय मांगों को लेकर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता व भाजपा पार्षद दल द्वारा पालिका कार्यालय का घेराव किया जाएगा । उक्त जानकारी भाजपा मंडल अध्यक्ष मनिंदर सिंह गुंबर व नेता प्रतिपक्ष व्यास नारायण यदु द्वारा दी गई।।

सीएम हाउस में बैठक, 22 सीटों पर सिंगल नाम तय

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर के सीएम हाउस में कांग्रेस की स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कमेटी के अध्यक्ष अजय माकन शामिल हुए। मीटिंग में विधानसभा चुनाव के साथ ही प्रत्याशी चयन पर भी विस्तृत रूप से चर्चा की गई। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, 22 से ज्यादा सीटों पर सिंगल नाम तय कर लिए गए। इन नामों पर और पैनल वाली सीटों पर भी बैठक में मंथन किया गया है।

एक-एक नाम तय कर सभी नामों की लिस्ट लेकर माकन दिल्ली जाएंगे। बैठक में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा, डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव, पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज और सदस्य एल हनुमंथैया और नेटा डिसूजा मौजूद हैं। स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक के बाद जो लिस्ट अजय माकन दिल्ली ले जाएंगे उस पर हाईकमान की अंतिम मुहर के बाद लिस्ट एक-दो दिन में जारी कर दी जाएगी। बता दें कि भाजपा की पहली लिस्ट में 21 नामों की घोषणा की गई थी। अब संभावना जताई जा रही है कि कांग्रेस की पहली लिस्ट में लगभग 22 नामों का ऐलान किया जा सकता है। इससे पहले 9 सितम्बर तक नाम जारी होने की बात कही जा रही थी लेकिन स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक नहीं होने की वजह से सूची अटकी हुई थी। प्रत्याशियों को लेकर प्रदेश में अंतिम चर्चा के बाद सीधे लिस्ट हाईकमान के पास ही जाएगी। मुख्यमंत्री निवास में कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्रत्याशियों के नामों को लेकर मंथन किया गया तत्पश्चात 22 सीटों पर प्रत्याशियों के चयन को लेकर सहमति बन गई है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, बैठक में पहली लिस्ट के जो नाम तय हुए हैं, उन नामों पर दिल्ली की बैठक में मुहर लगेगी। पार्टी सूत्रों की मानें तो पहली लिस्ट में कई सीटिंग विधायकों के नाम काट दिए

गए हैं, जिसमें कई वरिष्ठ और दिग्गज नाम भी शामिल है। वहीं कई नए चेहरों पर कांग्रेस दांव लगाने के लिए तैयार हो चुकी है। बताया जा रहा है कि इस बात का विशेष ख्याल रखा जायेगा कि जिन नए चेहरों पर भरोसा जताया जा रहा है उनके पीछे किसी भी प्रकार का विवाद नहीं जुड़ा हुआ है, यानि कि सभी की छवि आम जनता के बीच साफ सुथरी है। ज्ञात हो कि इस बार के विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी के दखल ने चुनाव को त्रिकोणीय तो लगभग दो दर्जन सीटों पर चार कोणीय कर दिया है। इससे वोटों के ध्रुवीकरण और जातीय समीकरण के नए एंगल बनने तय है, यही वजह है कि सरकार बनाने को लेकर तोड़ फोड़ की संभावनाएं भी पैदा हो गई है। अमित शाह के लगातार दौरों से इस बात की अधिक संभावना बनती जा रही है कि कई सारे प्रत्याशियों को हारने के लिए मना ले जाए अथवा डमी प्रत्याशी बना दिया जाए। अमित शाह अपनी चाणक्य नीति के लिए जाने जाते है इसलिए ऐसी कई संभावनाएं इस बार के विधानसभा चुनाव में उत्पन्न हो रही है, जिसने चुनाव के रोमांच को चार गुना अधिक बढ़ा दिया है। साथ ही साथ कांग्रेस के नारा, इस बार 75 पार, भी कमज़ोर पड़ता दिखाई दे रहा है। ऊपर से सर्व आदिवासी और गोंडवाना समाज ने भी इस बार कांग्रेस का हाथ छोड़ दिया है वहीं बाबा बालकदास तो कांग्रेस का हाथ छोड़ भाजपा का दामन पकड़ भी लिए हैं, बाबा बालकदास अपने बेटे के टिकट के लिए पूरी तरह से आत्म विश्वास में है। ये आत्म विश्वास कितना पॉजिटिविटी बनाए रख पाएगा ये भी देखने वाली बात होगी क्योंकि सतनामी समाज का एक बड़ा हिस्सा बाबा बालकदास के साथ है तो बाकी का हिस्सा मंत्री रूद्र गुरू के साथ है। कांग्रेस के पास रूद्र गुरू के अलावा ऐसा एक भी नाम नहीं है जो सतमानी समाज के वोटर्स को प्रभावित कर सके।

भूपेश सरकार की किसान हितैषी योजनाओं से अन्नदाता खुशहाल: आशीष छाबड़ा

किसान कुटीर लोकार्पण 13.11 लाख सहित 91.67 लाख रुपए विकास कार्य की रखी आधारशिला

बेरला/नवप्रदेश। विकासखंड अंतर्गत सेवा सरकारी समिति मर्या लेंजवारा में आयोजित लोकार्पण एवं भूमि पूजन समारोह में मुख्यअतिथि आशीष छाबड़ा जी विधायक बेमेतरा हुए शामिल भगवान बलराम की तैल चित्र में माल्यार्पण किसान कुटीर भवन निर्माण 13.11 लाख का फीता काट लोकार्पण सहित बस्ती में सी.सी.रोड़ सहित नाली निर्माण कार्य 91.67 लाख रुपए कार्य का नारियल तोड़ भूमिपूजन किए

इस अवसर पर विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा की किसानों की बेहतरी छत्तीसगढ़ सरकार की प्राथमिकताओं में से एक है, किसान साथी कड़ी धूप में तपस्या कर, हर परिवार के थाली में अन्न मुहैया कराता है, ऐसे अन्नदाता किसान भाईयों के हितों का ध्यान रखना और उनका सम्मान करना हम सबकी जिम्मेदारी है सरकार ने सहकारी समिति के अंतर्गत किसानों की सुविधा के लिए किसान कुटीर भवन का निर्माण कराया गया है, ताकि यहां आने वाले किसान भाईयों को विश्राम, पेयजल आदि की सुविधा उपलब्ध हो सके, किसान साथी आसानी से अपनी उपज बेच सके,धान का कटोरा कहे जाने वाले छत्तीसगढ़ में किसानों के हित में प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने लगातार हितकारी निर्णय ले रहे हैं, इसी कड़ी में किसानों के हित में बड़ा कदम उठाया है,किसानों को अब समर्थन मूल्य पर प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान बेचने की सुविधा मिलेगी।

सर्वांगीण विकास की ओर बढ़ता कुई का सरकारी स्कूल

कवर्धा/नवप्रदेश। सपने कभी सच्चे नहीं होते हैं और संकल्प कभी अधूरे नहीं होते, इस कथन को चरितार्थ करता दिख रहा वनांचल कुई का सरकारी स्कूल। जिला मुख्यालय कवर्धा से सुदूर मेकल पर्वत श्रृंखला के बीच वनांचल का केंद्र बिंदु कुई के शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय कुई में बच्चों के सर्वांगीण विकास की ओर बढ़ता दिखाई दे रहा है। शिक्षा सत्र 2022-23 में विद्यालय के दो बच्चों का चयन प्रयास विद्यालय के लिए हुआ, वही 08 बच्चों का क्षेत्रीय एवं राज्यशालेय खेलकूद के लिए हुआ। इसके अतिरिक्त विद्यालय में विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी, राखी बनाओ प्रतियोगिता, खेलकूद, थाली सजाओ प्रतियोगिता, नियमित रूप से लेखन कला कौशल, नेतृव कौशल पर समुचित कार्य किये जा रहे हैं। संस्था प्रमुख

सभाजीत सिंह ने बताया कि कुमारी रेशमा एवं जानूराम का चयन प्रयास विद्यालय के लिए हुआ वही अभय, दिनेश, मंशाराम, युवराज, कुमारी दुर्गा, कुमारी शालिनी, कुमारी भगवती का चयन क्षेत्रिय शालेय खेल के लिए हुआ है। अभय कुमार राज्यस्तरीय शालेय खेल महासमुंद में चयनित हुए हैं। श्री सिंह ने बताया कि विद्यालय में भवन सम्बंधित समस्या है शाला भवन डिस्मेंटल योग्य है जिसके कारण बैठक व्यवस्था प्रभावित है। संस्था के शिक्षक राजर्षि पांडे ने बताया कि गत वर्ष विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन काफी लोकप्रिय रहा। अध्यापन के साथ वैल्यू एजुकेशन स्पोर्ट्स, एवं कुछ प्रोजेक्ट पर भी कार्य जारी है जो निकट भविष्य में देखने को मिलेगा। विद्यालय की उपलब्धि पर संकुल प्राचार्य डी.सी पांडेय, श्री साधुराम कोठारी, श्री मनोज कोठारी, कृष्ण कुमार कुंभकार, श्री इतवारी राम माछिया, सोनू सलूजा, कृष्णा पनरिया, मुकेश देवांगन, दिलीप धुर्वे, जितेंद्र कश्यप, सरोज मरावी आदि ने खुशी जाहिर की हैं।

बीजेपी ने वनांचल क्षेत्र के बारनावपारा में चलाया बूथ सशक्तिकरण अभियान

भटगांव/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी ने बूथ सशक्तिकरण अभियान चला कर विधानसभा लोकसभा चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी हैं। लोकसभा का चुनाव आने में अभी काफी समय है। लेकिन भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने वनांचल क्षेत्र के शक्ति केन्द्र बार नवापारा बूथ में बूथ सशक्तिकरण अभियान चला कर मजबूत बनाने का अभियान शुरू कर दिया है। गुरुवार को समाज सेवी भाजपा नेता गिरवर निराला ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बार नवापारा गांव पहुंची। वहां पर उन्होंने पार्टी के बूथ प्रमुख अन्य पदाधिकारियों के साथ बैठक कर पार्टी को मजबूत करने पर बल दिया। जहा उन्होंने बूथ जीता चुनाव जीता इस नीति पर हमे कार्य करने के लिए कहा। इसके बाद दोंदे व

सलीहाभाथा गांव में पहुंची। उन्होंने बूथ प्रमुख व अन्य पदाधिकारियों के साथ बैठक की जिसमें उन्होंने गांव में प्रत्येक घर में जाकर पार्टी की नीतियों का संदेश पहुंचाने के लिए कहा। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि घर-घर जाकर बीजेपी की योजनाओं के बारे में विस्तार से समझाएं।

कार्यकर्ताओं के उत्साह से भूपेश सरकार की विदाई तय : रमन सिंह

राजनांदगांव/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी का बूथ स्तरीय सम्मेलन स्थानीय राज एंप्रियल के खचाखच कार्यकर्ताओं से भरे हाल में संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज 5 वर्ष में प्रदेश में कांग्रेस की सरकार ने सभी क्षेत्रों में भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए, कोई क्षेत्र ऐसा नहीं बचा जहां भ्रष्टाचार ना हो, अवैध शराब, रेती,वन, नगर निगम में भ्रष्टाचार,गोठानो में भ्रष्टाचार,गरीबों के चावल में भ्रष्टाचार, जुआ सटा में लिप्त कांग्रेस की सरकार को आने वाले चुनाव में जनता उखाड़ फेंकने के लिए दृढ़ संकल्पित हो चुकी है क्योंकि उन तक अपनी बात पहुंचाने के लिए हमारे कार्यकर्ता आज एकजुट हो चुके हैं।आज यहां बूथ

स्तर के हजारों कार्यकर्ताओं के अंदर दिख रही ऊर्जा से ऐसा लगने लगा है कि कांग्रेस के भ्रष्टाचारी रूपी इस रावण का वध आने वाले चुनाव में जनता करने जा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा की शक्ति बूथ स्तर के कार्यकर्ता होते हैं, और आज शत प्रतिशत बूथ कार्यकर्ताओं की उपस्थिति देखकर उन्हें लगने लगा है कि अब कांग्रेस की विदाई तय है। डॉ रमन सिंह जी ने अपने 15 वर्षों की उपलब्धियां एवम केंद्र में बैठी मोदी सरकार के कार्यों को विस्तार से बताते हुए कहा कि भाजपा निरंतर अंतिम व्यक्ति के विकास के लिए दृढ़ संकल्पित रहती है। भाजपा का स्पष्ट मत है की जनता के सार्वजनिक कार्यों के लिए,नीति, नियम और विकास का क्रियान्वयन पहले हो,ताकि जनता को काम दिखे। मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार आज होटल राज इंपिरियल के विशाल हॉल में 123 बूथों के हजारों कार्यकर्ता उपस्थित हुए,जिसमें बूथ अध्यक्ष, बूथ सचिव,बी एल ए ,पालक शक्ति केंद्र प्रभारी, संयोजक, सह संयोजक, मंडल पदाधिकारी एवं बूथ में रहने वाले वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन सावन वर्मा ने किया। सर्वप्रथम स्वागत भाषण तरुण लहरवानी ने दिया। तत्पश्चात सम्मेलन को जिला महामंत्री राजेंद्र गोलछा, अध्यक्ष रमेश पटेल, सांसद संतोष पांडे, प्रदेश उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख ने संबोधित किया। सांसद संतोष पांडे ने सनातन धर्म का विरोध करने वाले स्टालिन के पक्ष में बात करने वाली कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से सवाल पूछा कि वह किसके साथ खड़े हैं,स्पष्ट बताएं और सांसद संतोष पांडे ने भरोसे के सम्मेलन पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस बताएं की क्या भूपेश बघेल पर कांग्रेस को भरोसा है?

प्रथम पेज का शेष

जी-20 समिट संपन्न...

का एक सही तरीका ढूंढा. त्र20 में विकासशील और विकसित देश दोनों हैं. विश्व का 80त्र त्नष्ठक्कएक साथ बैठा था. अगर वे इस पर सहमत नहीं होते तो वह सही संदेश नहीं होता. मैं भारत और उनके नेतृत्व और त्र 20 के सदस्यों को भी बधाई देता हूं कि वे सब लोग एक बहुत अच्छे घोषणा के साथ आए।

भारत का चीन को ...

सफलतापूर्वक संपन्न हो गया है. प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत की अध्यक्षता ने विश्व पटल पर अपनी अमिट छाप छोड़ी है. नई दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान बनी सहमति वैश्विक विश्वास की कमी को पूरा करने और वैश्विक विश्वास और आत्मविश्वास पैदा करने में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है।

दोनों देशों के बीच तनातनी जारी

पूर्वी लद्दाख के न्योमा एडवांस्ड लैंडिंग ग्राउंड का इस्तेमाल तीन साल पहले से किया जा रहा है. चीन से सीमा पर जारी तनाव के बीच इसे सैनिकों और सामग्री के परिवहन के लिए इस्तेमाल किया गया है. साल 2020 में गलवान में भारत और चीन की सेनाओं के बीच हुई झड़प के बाद दोनों देशों के बीच तनाव अभी भी जारी है।

मुख्यमंत्री आज नगरी...

सौदर्यीकरण, विद्युतीकरण, यज्ञशाला (पहाड़ी पर), इंटरनल प्लम्बिंग, श्रृंगी ऋषि आश्रम में स्थित हनुमान मंदिर का सौदर्यीकरण, पाथवे का विकास, जनसुविधा केन्द्र का जीर्णोद्धार कार्य कराया गया है, जिनका मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल लोकार्पण करेंगे।

कलेक्टर रघुवंशी ने नगरी-सिहावा पहुँचकर कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिए और सभी तैयारी समय पूर्व पूर्ण करने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी,जिला पंचायत श्रीमति रोक्तिमा यादव, एसडीएम नगरी गीता रायस्त, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग श्री संतोष नेताम, कार्यपालन अभियंता सीएसईबी विकेश शर्मा के अलावा सबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में रामायण महोत्सव का भव्य आयोजन स्वामी आत्मानंद श्रृंगि ऋषि स्कूल मैदान, नगरी में होगा वहीं सुप्रसिद्ध भजन गायक पद्मश्री अनूप जलोटा, मुंबई और सुप्रसिद्ध भजन गायक सुरेश कुमार ठाकुर, छत्तीसगढ़ की द्वारा भजन की प्रस्तुति दी जाएगी।

एनएमडीसी के नए...

जाएंगे, वहीं इस पहाड़ में एक मंदिर भी है जिससे ग्रामीणों की आस्था जुडी हुई है, इसलिए ना तो प्लांट खुलने देंगे और ना हीं जंगलों को नष्ट करने देंगे।

ग्रामीणों ने चेतावनी भी दी है कि अगर एनएमडीसी प्रबंधन जोर जबरदस्ती कर इस प्लांट को खोलने की कोशिश करता है तो इस क्षेत्र के रहने वाले सैकड़ो ग्रामीण आने वाले विधानसभा चुनाव का बहिष्कार करेंगे. उन्होंने स्थानीय जनप्रतिनिधियो, जिला प्रशासन और राज्य सरकार से भी इस प्लांट को नहीं खुलने देने का निवेदन किया है. इधर अब तक स्थानीय जनप्रतिनिधियों की ओर से ग्रामीणों द्वारा इस नए प्लांट के विरोध को लेकर कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है. एनएमडीसी प्रबंधन ने भी अब तक इस मामले में कोई बयान जारी नहीं किया है. हालांकि ग्रामीणों ने एक बैठक कर प्लांट का विरोध करने का निर्णय लिया है, और उन्होंने खुली चेतावनी दी है कि अगर प्लांट खोलने के लिए काम को आगे बढ़ाया जाता है तो सैकड़ो ग्रामीण स?क और उतरकर आंदोलन के लिए भी बाध्य होंगे।

हजारों पेड़ों की ...

किसी भी कीमत पर इस प्लांट को खोलने के लिए ग्रामीण अपनी जमीन नहीं देंगे, ग्रामीणों का कहना है कि डिपॉजिट नंबर 4 का पहाड़ घने जंगल से घिरा हुआ है और यह पहाड़ ग्रामीणों की आस्था का प्रतीक है, यहां हर साल पहाड़ में मेले का आयोजन होता है और पूर्वजों के समय से इस पहाड़ को आदिवासी पूजते आ रहे हैं. यहां के जंगल की भी पूजा करते आ रहे हैं, ऐसे में अब एनएमडीसी प्रबंधन यहां प्लांट लगाने के नाम पर ग्रामीणों की जमीन खरीदना चाह रहा है, लेकिन ऐसा नहीं होने दिया जाएगा, गांव वालों ने कहा कि हम अपनी जान दे देंगे लेकिन इस पहाड़ पर प्लांट खोलने नहीं देंगे, वहीं अलग-अलग गांव के सरपंचो का कहना है कि अगर प्लांट खुलता है तो हजारों पेड़ों की बलि चढ़ा दी जाएगी ,जिससे पर्यावरण को काफी नुकसान होगा, प्रदूषण होगा और ग्रामीणों की परेशानी भी बढ़ेगी. यही नहीं जंगली जानवरों को भी नुकसान होगा, प्लांट खुलने से भांसी धुरली, गमावाड़ा समेत अन्य गांव के लोगों को काफी नुकसान उठाना पड़ेगा, इसलिए वह नहीं चाहते हैं कि यहां प्लांट खुले।

भारतीय कलाकृतियों ने ...

बहुत सी चीजों को वापस ले जाना चाहेंगे.÷ यूके हमारे साथ है. कई महत्वपूर्ण चीजों पर चर्चा करने के लिए सभी नेताओं को एक साथ लाना हमेशा अच्छा होता है. उस समय बहुत सारे ऐतिहासिक क्षण घटित हो रहे होते हैं. यूक्रेन स्पष्ट रूप से चर्चा करने और सबसे आगे रखने के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय है. हमारे मन की बात और यूक्रेन के लिए हमारा समर्थन यूके के एजेंडे में सबसे ऊपर है।

भारतीय शिल्प कला लुभाने वालीः निकोल मेन्स

प्रगति मैदान के भारत मंडपम के साथ अलग से एक हस्तकला प्रदर्शनी भी लगी है, जिसने विदेशी प्रतिनिधिमंडलों को अपनी ओर खूब आकर्षित किया. इस प्रदर्शनी के बारे में विश्व व्यापार संगठन की प्रतिनिधि निकोल मेन्सा कहती हैं, यह एक सुंदर प्रदर्शनी है। मुझे लगता है कि संस्कृति, वस्तुओं, कपड़ों, कलाकृतियों को देखना ही भारतीय संस्कृति का एक सुंदर प्रदर्शन है. व्यापार के नजरिए से दिल्ली घोषणा बहुत अच्छा है. यह फायदेमंद है। एक अफ्रीकी के रूप में मैं भी बहुत खुश हूं कि 55 देशों का समूह अफ्रीकन यूनियन को जी20 में शामिल किया गया है. दिल्ली में आयोजित जी20 सम्मेलन हमारे लिए काफी फायदे मंद साबित हुआ है।

भारतीय शिल्प कला अद्भुत

दक्षिण अफ्रीका के एक प्रतिनिधिमंडल में शामिल जोडवा लाली ने भारत मंडपम में शिल्प प्रदर्शनी का दौरा करने के बाद कहा, ÷मुझे लगता है कि यह बिल्कुल अद्भुत है. यह शिल्प कौशल और भारत से हस्तनिर्मित वस्तुओं की सुंदरता का एक पूर्ण प्रदर्शन है... जो महान है वह है जिस तरह से यह ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को सशक्त बनाता है. किसी भी अन्य चीज़ से अधिक, यह सिर्फ एक सुंदर शोकेस है।

जी-20 में आयीं फर्स्ट लेडी ...

छतरी के साथ-साथ मिलेट से बने उत्पाद भी रखें। जो कि यहाँ आने वाले आगंतुकों को काफी पसंद आए। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ की ढोकराकला और नैचुरल डाई से बने कोसा के स्टॉल भी आगंतुकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र थे। कांकेर के दुर्गकोन्दल ब्लॉक के गोटुल मुंडा गाँव के महिला समूह की निर्मला भास्कर ने बताया कि उन्होंने न्यूजीलैंड की फर्स्ट लेडी को मिलेट का बास्केट उपहार में दिया। इस बास्केट में छत्तीसगढ़ की महिला समूह द्वारा तैयार मिलेट उत्पाद थे। फर्स्ट लेडी ने उनके साथ सेल्फी भी ली। उन्होंने कहा कि वे इसे अपने घर ले जायेंगी और अपने परिवार के साथ शेयर करेंगी। निर्मला भास्कर ने कहा कि यह यादगार पल था जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता है।

सीएम का वित्त विभाग को निर्देश

एक सप्ताह के भीतर तात्यापारा-शारदा चौक सड़क चौड़ीकरण कार्य को मंजूरी दें

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जनहित को ध्यान में रखते हुए राजधानी रायपुर के तात्यापारा- शारदा चौक सड़क के चौड़ीकरण कार्य का वित्त विभाग को एक सप्ताह के भीतर मंजूरी जारी करने के निर्देश दिए हैं गौरतलब है कि तात्यापारा -शारदा चौक सड़क राजधानी के हृदय स्थल और व्यस्तम इलाके में स्थित है। यहां आये दिन लोगों को ट्रैफिक जाम जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इसे ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री ने राजधानी में सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए सड़क चौड़ीकरण के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने इस संबंध में वित्त विभाग को तत्काल आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।उल्लेखनीय है कि तात्यापारा से शारदा चौक तक की सड़क सकरी है। शहर का मुख्य मार्ग होने की वजह से यहां हर दिन यातायात का भारी दबाव रहता है और सैकड़ों लोगों को अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सड़क के चौड़ीकरण हो जाने से शहर में सुगम यातायात व्यवस्था सहित आवा-जाही में लोगों को काफी सुविधा होगी। मुख्यमंत्री ने अवगत कराया कि राजधानी रायपुर स्थित तात्यापारा चौक से शारदा चौक के बीच सड़क निर्माण कार्य सरकार की प्राथमिकता में है और इसे जल्द से जल्द पूरा कराया जाएगा।

भूपेश सरकार नंबर वन : दीपक

रायपुर/नवप्रदेश। भूपेश सरकार के प्रयासो से वन अधिनियम के अंतर्गत पट्टे वितरण में छत्तीसग? देश में पहले नंबर पर है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि यह कांग्रेस सरकार की आम आदमी को उसका अधिकार देने के लिये प्रतिबद्धता है कि वन अधिकार पट्टा वितरण में छत्तीसग? देश में अव्वल स्थान पर है। अप्रैल 2023 की स्थिति में छत्तीसग? में 457145 व्यक्तिगत तथा 45965 कम्युनिटी पट्टे इस तरह कुल 503110 पट्टे वितरित किये गये। जबकि उ?ीसा में अप्रैल 2023 की स्थिति में 456003 व्यक्तिगत तथा 7810 कम्युनिटी पट्टे इस तरह कुल 463813 पट्टे वितरित किये गये। इन दोनों राज्यों के बाद देश में तीसरे नंबर का राज्य मध्यप्रदेश है जहां व्यक्तिगत एवं कम्युनिटी पट्टे मिलाकर कुल 294585 पट्टे वितरित किये गये है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि राज्य में सामुदायिक वन संसाधन पट्टों का 2018 तक रमन सरकार के द्वारा एक भी पट्टे का वितरण नहीं किया गया थ, जबकि कांग्रेस सरकार ने 4306 सामुदायिक वन संसाधन अधिकार अंतर्गत 19.01 लाख हेक्टेयर वन क्षेत्र का प्रबंधन हेतु ग्राम सभा को वितरित किये जा चुके है। इसमें भी छत्तीसग? देश में पहले स्थान पर है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि पूर्ववर्ती रमन सरकार आदिवासियों और वन क्षेत्रों में रहने वालो को उनका हक देने की दिशा में उदासीन थी जिसके कारण वन क्षेत्र में रहने वालो को हमेशा भय बना रहता था कि वन विभाग और सरकार उनको उजा? न दे। लोगो के जीवन में स्थायित्व और उनको उनका हक देने के उद्देश्य से भूपेश सरकार ने प्राथमिकता से वन अधिकार पट्टो का वितरण किया यह कांग्रेस के नेतृत्व की मंशा भी थी। कांग्रेस ने 2018 के विधानसभा के चुनाव के पहले भी कहा था हमारी सरकार बनने के बाद कांग्रेस पट्टे देगी और सरकार बनाने के बाद मुख्यमंत्री ने उस वायदे को पूरा किया है।

दुकान में शराब बिक्री, 4 गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल द्वारा शासन के मंशानुसार समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों सहित प्रभारी एण्टी क्राईम एवं साईबर यूनिट को अन्य राज्यों से आने वाले शराब की तस्करी रोकने के साथ ही अवैध रूप से शराब की खरीदी-बिक्री करने वाले लोगों के संबंध में पतासाजी कर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। जिसके तारतम्य में रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं प्रभारी ए.सी.सी.यू. सहित थाना प्रभारियों द्वारा इस संबंध में सूचना संकलन कर मुखबीर लगाने के साथ ही अन्य माध्यमों से भी जानकारी एकत्रित किए जा रहे है। थाना धरसींवा पुलिस की टीम द्वारा थाना धरसींवा क्षेत्रांतर्गत ग्राम धनेली तथा सहारा चौक में किराना दुकान में अवैध रूप से शराब की बिक्री करते आरोपी किराना दुकान संचालक राहुल निषाद एवं लोकेश वर्मा को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 168 पौवा देशी शराब तथा बिक्री रकम जुमला कीमती लगभग 20,000/- रूपये जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध थाना धरसींवा में अपराध क्रमांक 422, 423/23 धारा 34(2) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही किया गया।

7 किलो गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल द्वारा रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों सहित प्रभारी एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट को नशे का काला कारोबार करने वाले कारोबारियों की पतासाजी कर कार्यवाही करने एवं इस पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है। जिस पर समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों एवं एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट की टीम द्वारा मुखबीर लगाकर, पेट्रोलिंग व सूचना संकलन कर नशे का कारोबार करने वाले कारोबारियों के संबंध में सूचना एकत्रित की जा रही है। एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना टिकरापारा क्षेत्रांतर्गत भाठागांव स्थित बस स्टैण्ड के पास एक व्यक्ति अपने पास बैग में गांजा रखा है तथा कहीं जाने की फिराक में है। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर/अपराध अभिषेक माहेश्वरी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पश्चिम श्री जय प्रकाश बढ़ई, नगर पुलिस अधीक्षक पुरानीबस्ती श्री राजेश चौधरी द्वारा प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना प्रभारी टिकरापारा को सूचना की तस्दीक कर आरोपी को गांजा के साथ रंगे हाथ पकड़ने हेतु निर्देशित किया गया।

अवैध शराब के साथ 2 आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल द्वारा शासन के मंशानुसार समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों राज्यों से आने वाले शराब की तस्करी रोकने के साथ ही अवैध रूप से शराब की खरीदी-बिक्री करने वाले लोगों के संबंध में पतासाजी कर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। थाना गोलबाजार पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि थाना गोलबाजार क्षेत्रांतर्गत डाबरी तलाब नयापारा के पास एक व्यक्ति अपने पास शराब रखा है तथा बिक्री करने की फिराक में है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में व थाना प्रभारी गोलबाजार के नेतृत्व में थाना गोलबाजार पुलिस की टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताए हुलिये के व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम अरुण कुमार लखानी निवासी गुढियारी रायपुर का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसके पास रखे बोरी की तलाशी लेने पर बोरी में देशी शराब रखा होना पाया गया। शराब रखने के संबंध में अरुण कुमार लखानी से वैध दस्तावेज की मांग करने पर उसके द्वारा किसी प्रकार का कोई दस्तावेज प्रस्तुत न कर टीम के सदस्यों को लगातार गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा था। जिस पर आरोपी अरुण कुमार लखानी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध रूप से रखे 35 पौवा देशी शराब कीमती लगभग 2,800/- रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना गोलबाजार में अपराध क्रमांक 250/23 धारा 34(2) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-4035602,6262188999, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

एक अदालत ऐसी... जहां देवी-देवताओं पर भी चलता है मुकदमा

■ सिहावा क्षेत्र की ऐसी देवजात्रा जहां भादों मास में खुर्सीघाट में लगता है देव अदालत और न्यायाधीश होते हैं भंगाराव देवी

नगरी/नवप्रदेश। धमतरी जिले की सिहावा क्षेत्र की वनांचल और आदिवासी बाहुल्य समुदाय की ऐसा क्षेत्र, जहां कभी बस्तर राजघराने का सीमा हुआ करता था। मगर परिवर्तन की दौर में वर्तमान में,यह क्षेत्र बस्तर से अलग हो चुका है।बहरहाल इस इलाके के आदिवासी समुदाय,आज भी बस्तर राज परिवार की देव परंपरा प्रतिवर्ष निभाते आ रहे हैं।जिस तरह से इंसान अगर असंवैधानिक कार्य करते हैं और उनका परिणाम उन्हें न्यायिक हिरासत से गुजरना पड़ता है उसी प्रकार,ऐसा पारंपारिक देव अदालत जहां इष्ट देवी देवताओं के ग़लत की सज़ा देवी देवताओं के न्यायाधीश जिन्हें भंगाराव माई के नाम से लोग मानते हैं उनकी न्यायालय में खड़ा होना पड़ता है,हमारे और आपके लिए ये बात भले ही चौंकाने वाली बात हो,मगर छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले के आदिवासी समाज के लिए ये बात पुरखों से चली आ रही है। भंगाराव देवी के प्रमुख गायता घुटकले निवासी प्रफुल्ल सामरथ और स्थानीय देव गायता चैतराम मरकाम लिखमा निवासी ने बताया आदिवासी समाज की रुढ़िजन्य देवप्रथा परंपरा अनुसार कुलदेवी-देवताओं को, भी अपने आप को साबित करना पड़ता है वो भी बाकायदा अदालत लगाकर। ये अनोखी अदालत 'भंगाराव माई के दरबार' में लगती है

भंगाराव माई का दरबार धमतरी जिले के कुर्सीघाट बोराई मार्ग में भादो के शुरुआती महीने में लगते हैं।बस्तर राजघराने से चली आ रहा सदियों पुराने,इस दरबार को देवी-देवताओं के न्यायालय के रूप में जाना जाता है। ऐसा माना जाता है कि भंगाराव की मान्यता के बिना देव सीमा में स्थापित कोई भी देवी-देवता कार्य नहीं कर सकते।

हर साल भादों के महीने में आदिवासी देवी-देवताओं के न्यायधीश भंगा राव माई का जात्रा होता है.इस वर्ष भी बड़े ही धूमधाम से बाजागाजा के साथ लिखमा घुटकल से विधि विधान से कुल देवता की सेवा अर्जी उपरांत देवी देवताओं का आगमन भंगाराव देव ठाना जात्रा में सम्मिलित हुए। जहां दर्शन और मनोकामनाएं को लेकर कई हजारों की संख्या में धमतरी,उड़ीसा और बस्तर के श्रद्धालु जात्रा में पहुंचे। चर्चा के दौरान देव परिवार के प्रमुख महरू राम मरकाम,पुनाराम सामरथ,दुलार सामरथ,आरके सामरथ, गंगाराम सामरथ,उदेराम सामरथ,मंगऊ राम सामरथ,बीजूराम मरकाम,फूलसिंग साक्षी,राम सामरथ,जगत सामरथ,मिश्रीलाल नेताम,ईश्वर नेताम,मनोज साक्षी जिनकी अगुवाई में जात्रा की विधि विधान पुर्वक सेवा अर्जी से देव कार्य का,परंपरा अनुसार शुभारंभ हुई।जात्रा के दौरान सोलह परगना सिहावा,बीस कोस बस्तर और सात पाली उड़ीसा के देवी-देवता जात्रा में सम्मिलित हुए।वहीं इस देवजात्रा में महिलाओं का शामिल होना परंपरा अनुसार वर्जित है। आदिवासी समाज की पुरातन मान्यता है उनकी अपनी देव पद्धति है अपनी देवी-देवताओं की सेवा अर्जी परंपरा अनुसार करते हैं अपनी हर समस्याओं को उनके सामने रखते हैं,ताकि उन पर किसी तरह की विपत्ती न आए मगर जब देवी-देवता उनकी समस्याओं पर खरा नहीं उतरते, यूं कहें कि अपने कर्तव्यों का निर्वहन नहीं कर पाते या असफ़ल हो जाते हैं तो गायता पुजारी व ग्रामीण जनों की शिकायत के आधार पर भंगाराव माई के अदालत में देव को कठघरे में खड़ा कर दिया जाता है।जहां इनकी सुनवाई होती है, अगर आरोप लगते हैं या दोषी पाए जाते हैं तो अराध्य देवी देवताओं को भी सज़ा मिलती है. आदिवासी समाज की परेशानियां दूर नहीं कर पाते तो उन्हें दोषी माना जाता है।भंगाराव की उपस्थिति में कई गांवों से आए,देवी-देवताओं की एक-एक कर देव प्रथा अनुसार देव प्रथा अनुसार शिनाख़्त किया जाता हैं. फिर देव परिसर में ही अदालत लगती है. देवी-देवताओं पर लगने वाले आरोपों की गंभीरता से सुनवाई होती है. आरोपी पक्ष की ओर से दलील पेश करने सिरहा, पुजारी, गायता,माझी, पटेल आदि ग्राम के प्रमुख भी उपस्थित होते है। दोनों पक्षों की गंभीरता से सुनवाई के पश्चात आरोप सिद्ध होने पर तत्काल फ़ैसला भी सुनाया जाता है,देव परिसर के कुछ दूरी पर एक नाला है.इसे आम भाषा में कारागार भी कह सकते है।

यात्री ट्रेनों को रद्द किया जाना मोदी सरकार की साजिश : शैलेश नितिन

गरियाबंद/नवप्रदेश। नरेंद्र मोदी की सरकार देश की सबसे विश्वसनीय यात्री सुविधा रेल्वे , को समाप्त करने की साजिश रच रही है। वर्षों से भारतीय रेलवे आम जनता का भरोसेमंद, सस्ता और शुलभ परिवहन माध्यम हुआ करता था। मोदी राज में जनता के इस विश्वसनीय परिवहन साधन की विश्वसनियता समाप्त कर इसे निजी हाथों में बेचने की साजिश की जा रही है। छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी द्वारा उक्त बातें आज एक प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से कही गई। उन्होंने आरोप लगाया कि यात्री ट्रेनों को जानबूझकर रद्द किया जाता है, कभी कोयले की आपूर्ति के नाम पर और कभी मेंटेनेंस के कारण बताकर यात्री ट्रेनें निरस्त कर दी जाती है, और भारतीय रेल को बदनाम किया जा रहा है , ताकि लोग रेलवे से ऊब जायें और इसे मोदी के उद्योगपति मित्रों के हवाले किया जा सके।

प्रेस वार्ता के दौरान पापुनि अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर सभी जिला मुख्यालयों में आज केंद्र की मोदी सरकार की साजिश को उजागर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के पहले की केंद्र सरकारें घाटा उठाकर भी रेल सुविधाओं का विस्तार करती रही, आजादी के बाद रेल्वे का बजट अलग से बनाया जाता था, लेकिन मोदी सरकार रेलवे की यात्री सुविधाओं को समाप्त कर इसे केवल मालवाहक बनाना चाहती है।

छत्तीसगढ़ वासियों के साथ अन्याय

बिलासपुर रेल्वे ज़ोन जिसके अंतर्गत छत्तीसगढ़ आता है , यहां से केवल माल भाड़े से केंद्र की मोदी सरकार को प्रति वर्ष 20 हजार करोड़ से 22 हजार करोड़ रुपये तक कमाई होती है , किन्तु जब छत्तीसगढ़ को सुविधा देने की बात आती है तो केंद्र सरकार से केवल उपेक्षा ही मिलती है। विदित हो कि देश भर में बिलासपुर रेल्वे ज़ोन सबसे ज्यादा रेलवे को कमाई कर के देने वाला ज़ोन है। किंतु यही के यात्रियों के साथ भेदभाव, अव्यवस्था उपेक्षा की जाती है।
त्रिवेदी के अनुसार योजनाबद्ध तरीके से ट्रेनों के रद्द होने का कारण मेंटनेस को बताया जाता है, किंतु उन्ही ट्रेकों पर हजारों टन माल लोड की गई मालगाड़ियों का परिचालन कैसे किया जाता है ये अनबुझ पहेली है।

पिछले साढ़े तीन साल में हजारों ट्रेनें रद्द : आरटीआई से प्राप्त जानकारी के आधार पर पिछले साढ़े तीन साल में छत्तीसगढ़ से होकर गुजरने वाली 67382 ट्रेनें रद्द की जा चुकी है। वर्ष 2020 से निरस्त की गई यात्री ट्रेनों के आंकड़े हैरान करने वाले हैं। वर्तमान में भी अगस्त 2023 के अंतिम सप्ताह तक 24 ट्रेनें रद्द की गई है।

जनता अब रेल्वे की सुविधाओं वंचितः भाजपा राज में रेलवे में मिलने वाली बुजुर्ग यात्रियों की छूट , विद्यार्थियों को मिलने वाली रियायत समाप्त कर दी गई। उल्टे यात्री टिकटों में बेहताहसा वृद्धि , प्लेटफॉर्म टिकट में कई गुना वसूली , साधारण ट्रेनों को स्पेशल बताकर यात्री भाड़े में वृद्धि कर जनता को लूटा भी जा रहा है और गुमराह भी किया जा रहा है।

25 अगस्त से 8 सितंबर तक राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा

■ कॉर्निया प्रत्यारोपण अंधेपन से पीड़ित लोगों को आशा की किरण प्रदान करता है

नेत्रदान से जरूरतमंदों को ऐसे मिलती है मदद

कॉर्निया प्रत्यारोपण का प्रभाव गहरा और जीवन बदलने वाला होता है। जो लोग खराब दृष्टि या अंधेपन के साथ जी रहे हैं इस सर्जरी के परिणामस्वरूप उनके जीवन में बड़ा बदलाव आता है। यह उन्हें दृष्टि लौटाने आत्मनिर्भरता हासिल करने और आत्मविश्वास के साथ अपनी पसंदीदा गतिविधियां करने और यहां तक कि उस करियर को आगे बढ़ाने की अनुमति देता है जो कभी उनकी पहुंच से बाहर थे।

कवर्धा/नवप्रदेश। राष्ट्रीय नेत्र दान पखवाड़ा के तहत जिले के महाविद्यालय, स्कूलों सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के माध्यम ने लोगो मे नेत्रदान करने के लिए विशेष अभियान चलाया गया है। कलेक्टर एवं

एवं जिला अंधत्व नियंत्रण समिति के अध्यक्ष श्री जनमेजय महोबे के मार्गदर्शन और सीएमएचओ डॉ महेश सूर्यवशी के नेतृत्व में नेत्रदान के प्रति लोगों में जागृति लाने अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। डॉ संजय खरसन नोडल अधिकारी ने कहा कि नेत्रदान को महादान कहा गया है क्योंकि नेत्रदान से दो लोगों की जीवन में उजाला लाया जा सकता है। जिले में नेत्रदान पखवाडा 25 अगस्त से 8 सितम्बर तक मनाया जा रहा है। इस अवसर पर शासकीय आत्मानंद विद्यालय हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम, कचहरी पारा कवर्धा में नेत्रदान जागरूकता कार्यक्रम डॉ. क्षमा चोपड़ा, बालाराम साहू जिला समन्वयक रेडक्रास, प्राचार्य आर.एस.. ध्रुव, नेत्र सहायक अधिकारी अश्वनी शर्मा, अनामिका ठाकुर, धीरेन्द्र शर्मा, शिक्षक गण दुर्गेश साहू, अनुपमा चंद्रवशी, पुजा वर्मा, अनुपमा खल्को एवं छात्रों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। नेत्र दान जिसे कॉर्निया प्रत्यारोपण के नाम से भी जाना जाता है। कॉर्नियल ब्लाइंडनेस से पीड़ित लोगों के आंखों की रोशनी वापस लाने के लिए मृत्यु के बाद किसी की आंखें दान करने की प्रक्रिया है। हालांकि दुनिया भर में लाखों लोग कॉर्नियल ब्लाइंडनेस से पीड़ित हैं। कॉर्नियल प्रत्यारोपण अंधेपन से पीड़ित लोगों को आशा की किरण प्रदान करता है।

तालुक विधिक सेवा समिति खैरागढ़ में नेशनल लोक अदालत का आयोजन

■ वर्चुअल कॉन्फ्रेंसिंग और भौतिक माध्यम से प्रकरणों का निपटारा कर पक्षकारों को किया गया लाभान्वित

खैरागढ़/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के तत्वावधान में तालुक विधिक सेवा समिति खैरागढ़ में *नेशनल लोक अदालत* का आयोजन दिनांक 09.09.2023 को किया गया जिसमें प्रकरण के पक्षकारों को भौतिक रूप से एवं वर्चुअल कांफ्रेंसिंग दोनों मुख्य माध्यम से मामले में सुलह की सुविधा प्रदान की गई उक्त नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ बुजुर्ग पक्षकारों द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के तैल चित्र पर पूजा अर्चना कर की गई न्यायाधीश चन्द्र कुमार कश्यप अपर जिला एवं सत्र न्यायालय खैरागढ़ के 18 प्रकरणों को पक्षकारों से सहमति उपरांत मामले का निपटारा कर उन्हें लाभान्वित किया गया इन 13 दावा प्रकरणों में कुल अवार्ड राशि ?61 लाख 08 हजार 616 रू., एन आई एक्ट केसेस 138 के 02 केस में 7 लाख 80 हजार रुपए में किया गया गया और अदर सिविल केसेस 03 में ?11 लाख 01 हजार 388 रू. में रु हुआ वही प्री लिटिगेशन नगर पालिका खैरागढ़ के 016 मामले में 72644 रुपए व बैंक रिकवरी 1 केस में ?9000, बीएसएनएल खैरागढ़ के 07 प्रकरण में 16500 रुपए में हुआ इसी प्रकार विवेक गर्ग मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट खैरागढ़ के 138 चेक बाउंस के 07 मामले में ?5363276, ट्रैफिक चालान में 48 मामलों में ?144000 और वही कैसेस ऑफ यू/एस 321, 258 सीआरपीसी एंड ऑल अदर पेटी ऑफेंस ईटीसी बाय स्पेशल सीटिंग मजिस्ट्रेट के 120 प्रकरणों में 64300रूपए की अवार्ड राशि पास हुआ , 03 सिविल और 28 आपराधिक मामलों में भी समझौता हुआ । और गुरुप्रसाद देवांगन न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी न्यायालय में क्रिमिनल कंपाउंडेबल ऑफेंस केसेस 20 और वर्चुअल माध्यम से 02 केस में समझौता हुआ। राजीनामा करने हेतु न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा प्री सिटिंग की व्यवस्था भी की गई थी जहां लोगों को आपसी सुलह से राजीनामा करने के लिए प्रेरित किया गया। इस प्रकार आज के नेशनल लोक अदालत में कुल 270 केसों का निपटारा हुआ।

राम राज अवय्या हे, लबरा सरकार जवय्या हे: साव

■ राजिम विधानसभा चुनाव कार्यालय का भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने किया उद्घाटन

राजिम/नवप्रदेश। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष अरुण साव आज राजिम विधानसभा केंद्रीय कार्यालय के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल हुए। भारतीय जनता पार्टी विधानसभा चुनाव 2023 के लिए पूरे जोश के साथ मैदान में अब उतर चुकी है। विधानसभा कार्यालय राजिम के उद्घाटन पश्चात प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और उनकी सरकार को झूठ फरेब वाली सरकार बताया है।साव ने कहा कि हमारे छत्तीसगढ़ में झूठ फरेब वाली सरकार चल रही है। यहां के मुख्यमंत्री इतना अधिक झूठ बोलते हैं कि गधे को भी ज्वर आ जाये। जब हम सुबह उठकर राम राम कहते हैं उस समय यहां के मुख्यमंत्री झूठ बोलने के लिए निकलते हैं।

वाह भूपेश बघेल हम छत्तीसगढ़ के गांव में रहने वाले लोग हैं। आप छत्तीसगढ़िया लोगों को बासी खाना सीखा रहे हैं जैसे बासी की उत्पत्ति तो आपके मुख्यमंत्री बनने के बाद ही हुई है। आपके मुख्यमंत्री बनने से पहले छत्तीसगढ़ के लोग बासी खाना नही जानते थे। छत्तीसगढ़िया लोग हरेली तिहार और गेड़ी चढ़ना नही जानते थे। ऐसा प्रचारित करने काम छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार ने किया है।

छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार ने काम के नाम पर केवल भ्रष्टाचार किया। मुख्यमंत्री भूपेश काम के नाम पर छत्तीसगढ़ को चारों तरफ से केवल लूटने का काम कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ को भूपेश बघेल ने पूरे देश में बदनाम कर दिया है। कोयला घोटाला, शराब घोटाला, चावल घोटाला, जमीन घोटाला, डीएमएफघोटाला, गौठान में घोटाला। इस घोटालेबाज सरकार ने तो गोबर में भी घोटाला करने का काम कर दिखाया है। साव ने रोका छेका अभियान को असफल बताया उन्होंने कहा कि यह रोका छेका की बात करते है। जिसके लिए गौठान बनाये हैं। आज गौठान सुनसान पड़े हैं। सड़कों पर गाय बैल बैठे हुए हैं। सड़क गौठान बन गया है।

भूपेश सरकार ने एक भी वादा नहीं किया पूरा, प्रदेश में विकास कार्य ठप्प

अरुण साव ने मुख्यमंत्री भूपेश के पौने पांच साल के कार्य को लेकर कहा कि इस कांग्रेस की सरकार ने एक भी वादा पूरा नही किया। प्रदेश में विकास कार्य पूर्ण रूप से ठप्प पड़ गया है। एक रुपये का विकास कार्य इस सरकार ने नही किया है और इनके घोषणावीर मुख्यमंत्री रोज घोषणा पर घोषणा कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ में कानून व्यवस्था पूरी तरह से लचर हो चुकी है। हत्या, लूट, दुष्कर्म की घटनाएं प्रतिदिन ही रही है। लेकिन यहां के मुख्यमंत्री चेहरा चमकाने में लगे हैं। आज छत्तीसगढ़ की बेटियां असुरक्षित महसूस कर रही हैं। जिसके लिए जिम्मेदार ये कांग्रेस की सरकार है।

विद्यालय में शिक्षक दिवस पर किया गया शिक्षकों का सम्मान

■ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष आत्मा राम यादव रहे

पिथौरा/नवप्रदेश। 9 सितंबर को स्थानीय शासकीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी एवं रणजीत कृषि विद्यालय पिथौरा में संयुक्त रूप से शिक्षक दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में आत्माराम यादव नगर पंचायत अध्यक्ष पिथौरा, विशिष्ट अतिथि के रूप में राजू सिन्हा पार्षद, द्वारका पटेल एबीईओ पिथौरा , मधु मोहंती पालक समिति अध्यक्ष, हरमिंदर उजाला शाला विकास समिति अध्यक्ष, एमडी प्रधान प्राचार्य सेजेस, जेके महापात्र प्राचार्य आर के स्कूल, पत्रकार बलराज नायडू, गौरव चंद्राकर, अभिषेक शुक्ला, राजा बाबू उपाध्याय की गरिमामयी उपस्थिति आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की तस्वीर पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलित एवं अरपा पैरी गीत प्रस्तुति कर किया गया। बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन हुआ। बच्चों ने विभिन्न प्रकार की प्रस्तुतियां देकर सभी अध्यापकों के प्रति अपना आभार व्यक्त किया। विद्यालय के छात्रों व प्रबंध समिति के द्वारा स्कूल के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का सफल संचालन दिशा पटेल, यांशु पटेल और दुमिका साहू ने तथा आभार प्रदर्शन श्री मधुसूदन महांती ने किया।

अक्षरा नामदेव ने किया शहर का नाम रौशन

■ केन्द्रीय विद्यालय की राष्ट्रीय स्पर्धा में अक्षरा नामदेव का लगातार दूसरी बार चयन

खैरागढ़/नवप्रदेश। स्पर्धा में पांच संभागों बिलासपूर, रायपूर, दुर्ग, बस्तर और सरगुजा के 4 सौ से अधिक केन्द्रीय विद्यालय के छात्रछात्राओं ने विभिन्न विधाओ मे हिस्सा लिया। इस दौरान केन्द्रीय विद्यालय खैरागढ़ 17 छात्रछात्राओं ने ग्रुप डांस, वोकल म्यूजिक, वादन, सोलो डांस, फोक डांस, डिस्प्ले आफ आर्ट इफेक्ट,सोलो ड्रामा, विजूवल आर्ट में हिस्सा लिया था।

केन्द्रीय विद्यालय में 12 वीं की छात्रा अक्षरा नामदेव ने नाल वादन में बिलासपूर और रायपूर के प्रतिभागियों को हराकर कोलकाता पश्चिम बंगाल मे अगले माह होने वाले राष्ट्रीय स्पर्धा में केन्द्रीय विद्यालय खैरागढ़ से अपना स्थान बनाया है। अक्षरा नामदेव पत्रकार खिलेन्द्र नामदेव की सुपुत्री है। अक्षरा का चयन पिछले साल भी नाल वादन में राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए हो चुका है। अक्षरा की उपलब्धि पर केन्द्रीय विद्यालय प्राचार्य सत्यनारायण रेडडी, शिक्षक मुकुंद सिंह ठाकुर, अमृता चौधरी सहित शिक्षको ने शुभकामनाएं दी है ।

दो बाइकों में भिड़ंत, युवती गंभीर

डोगरगाव/नवप्रदेश। शहर के गांधी पेट्रोल पंप के समीप दो मोटर साइकिलों के आपस में टकराने से एक युवती गंभीर रूप से घायल हो गई है जबकि तीन युवकों को मामूली चोट आयी है. मिली जानकारी के अनुसार युवराज यादव पिता नरोत्तम 18 वर्ष निवासी महराजपुर थाना पिनकापार तथा हिमांशु सिंदराम पिता लोमन उम्र 19 दोनों डोंगरगांव के मदिरा दुकान से दो पव्वा शराब खरीदीकर मोटर साईकिल स्प्लेंडर क्रमांक सीजी 07 एलडी 5028 से अपने गांव वापस लौट रहे थे कि तभी गांधी पेट्रोल पंप के समीप मोहड़ की ओर से आ रहे मोटर साईकिल एच.एफडीलक्स एम.एच.35ए.एफ2845 सवार युवक मनीष गोटा निवासी भोजटोला 22वर्ष तथा युवती शारदा यादव निवासी भोजटोला 19 वर्ष आपस में टकरा गए. इस दुर्घटना में तीनों युवक सामान्य रूप से घायल हो गए हैं जबकि युवती को गंभीर चोट आने की खबर है. दुर्घटना के बाद सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डोंगरगांव पहुंचाया गया था जहाँ युवती को गंभीर चोट की वजह से राजनांदगांव रिफर किया गया है जबकि तीनों युवकों को प्राथमिक उपचार

हम फकीरों की बस जिंदगी है यही, प्यार ही प्यार जग में लुटाते रहे

■ बाबा केदारेश्वर वेलफेयर फाउंडेशन ने शिक्षक सम्मान समारोह में रखा हास्य कवि सम्मेलन

राजिम/नवप्रदेश। स्थानीय आमंत्रण पैलेस में बाबा केदारेश्वर वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वाधान में शिक्षक सम्मान समारोह के अवसर पर हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षकों की उपस्थिति रही। प्रमुख रूप से अतिथि के रूप में महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के सांसद चुन्नीलाल साहू, पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, भाजपा राजिम विधानसभा प्रत्याशी एवं जिला पंचायत सदस्य रोहित साहू, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश साहू,जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, फिंगेश्वर से चंद्रशेखर हरित, पार्षद महेश यादव ने सरस्वती मां की छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए हास्य कवि संतोष कुमार सोनकर मंडल चुटकुले शेरो शायरी एवं कविताओं से श्रोताओं को ताली बजाने के लिए मजबूर कर दिया उन्होंने बेटी के ऊपर शानदार रचना पर माहौल में चार चांद लगा दिए। पंक्ति देखिए-दो वर्ष की कन्या कुमारी, तीन त्रिमूर्ति रुपणी है, चार वर्ष की कन्या कल्याणी, पांचवा माता रोहिणी है, दुष्टों का संहार करती छठवां कालिका बन जाती, सातवां चंडिका, आठवां मां संभावी कहलाती, नव वर्ष की कन्या मां दुर्गा, दस सुभद्रा की अवतार है, ममता दुलार की प्रतिमूर्ति करती हम सब की बेड़ा पार हैं। संस्कृति और संस्कार दोनों को पटल पर रखकर व्यंग्यकार संतोष सेन ने बेबाक प्रस्तुति दी। प्रस्तुत है चार लाइन-दूसरों से छीनकर खाना विकृति है, अपना अपना खाना यह प्रकृति है, हमारा पड़ोसी खाया है कि नहीं, इस बात की चिंता करके खाना संस्कृति हैं। शायर जितेंद्र सुकुमार साहिर ने गजल की पंक्ति देकर सबको हैरान कर दिया। पूरा मंच इनकी गजलों को सुनकर ताली बजाते रहे और इसी बीच उन्होंने कहा कि गीत चैनों अमन के सुनाते रहे, पाठ नेकी का सबको पढ़ाते रहे, हम फकीरों की बस जिंदगी है यही, प्यार ही प्यार जग में लूटाते रहे।

हास्य व्यंग्य के गोकुल सेन ने देशभक्ति से ओतप्रोत चार-चार लाइनों की टुकड़ियां दी। पेश हैं कुछ अंश-ऐ मां तुझे सलाम, तेरा पुत्र रावण है फिर भी तू समझती है राम, तुझमें ऐसी कौन सी ममता, एक बन गया रावण, एक राम। ओज के कवि टीकमचंद दिवाकर ने भारत माता की जयकारा लगाते हुए देशभक्ति से लबरेज अनेक कविताएं प्रस्तुत की। उनकी पंक्ति देखिए-ए मदहोश सरफिरे, अपनी अकल पर क्यों इतराता है, सच को झूठ और झूठ को सच बतलाता है। शिक्षक कवि हृदय राम साहू, राधेश्याम सेन ने गीत की शानदार प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। इस अवसर पर पूर्व सांसद चंदूलाल साहू ने अपने करकमलों से सभी कवियों को श्रीफल एवं वस्त्र भेंटकर सम्मानित किया।

नवप्रदेश
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023

दावों और वादों के साथ रिझाने लगे राजनेता

सुकमा/नवप्रदेश। जिला का एक मात्र कोंटा 90वां विधानसभा में विस चुनाव से पहले जनता दरबार में खुद को श्रेष्ठ दिखाकर जनता जनार्दन को आकर्षित करने दावों और वादों के साथ रिझाने की जोर आजमाइश राजनीतिक दलों ने शुरू कर दिया हैं।

चुनाव से ठीक पहले राजनीतिक पार्टियों की बढ़ती सक्रियता से मतदाताओं में चुनावी समीकरण को लेकर आपसी शोरगुल अब चौक चौराहों और चाय के नुक्कड़ों पर तेज हो गई हैं। ऐसे में इस बार के विस चुनाव में निर्णायक की भूमिका में बैठी जनता जनाधार किसको अपना नेता रूप ने स्वीकारेगा इसका सटीक पूर्वानुमान लगा पाना आसान नहीं होगा । जो राजनीतिक दल विशेषज्ञों के लिए मुश्किलें बढ़ाने वाला हैं। क्योंकि इस बार कोंटा विधानसभा में न सिर्फराजनीतिक दलों ने बल्कि कोंटा विधानसभा के मतदाताओं ने भी राजनीतिक पार्टियों के प्रदर्शन से पूर्ण विश्लेषण और आंकलन कर नेताजी के बही खाता बनाने कि तैयारियां शुरू कर दिया हैं।

कवासी लखमा

मनीष कुंजाम

क्या भाजपा-कांग्रेस का समीकरण बिगाड़ेगी अन्य पार्टियां

कोंटा विधानसभा में पिछले तीन दशकों से कांग्रेस,भाजपा, सीपीआई के बीच त्रिकोणीय मुकाबला होता आया हैं। जिसमे लगातार पिछले 5 बार से कांग्रेस प्रत्याशी कवासी लखमा अपने झंडे गाड़ने में सफल रहे हैं। जबकि भाजपा दूसरे और सीपीआई तीसरे पायदान में रहा हैं। ऐसे में 2023 के विस चुनाव से ठीक पहले सर्व आदिवासी समाज ने भी पूरे 90 विधानसभा में अपने प्रत्याशी उतारने का दम भरा हैं। साथ ही राज्य में आप,सपा,बसपा, छजका जैसे अन्य क्षेत्रीय पार्टियों ने भी जनता के बीच अपनी सक्रियता बढ़ाते हुए चुनावी रण में अपने पांव जमाने शुरू कर दिए हैं। जो राष्ट्रीय पार्टियों के चुनावी समीकरण को बिगाड़ सकती हैं। ऐसे में इस बार कोंटा विधानसभा का चुनावी रणभूमि में प्रतिस्पर्धा और भी दिलचस्प होने वाला हैं।

किसकी पार्टी सेट या होगी अपसेट

राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है की इस बार 2023 में देशभर में 2 सबसे बड़े इवेंट होने हैं पहला तो क्रिकेट का एक दिवसीय विश्वकप और दूसरा 5 राज्यों में आगामी 2023 विस चुनाव,और दोनो में लोगो कि नजरे टिकी हुई है। जिस तरह क्रिकेट अनिश्चितताओं का खेल हैं,यहां कभी भी कोई सेट नही होता,क्योंकि बाजी कभी भी पलट सकती हैं। ठीक उसी तरह राजनीति में भी कभी भी कोई सेट नही हैं। इसमें सालों से लोगों ने बड़े बड़े अपसेट देखे हैं। जबकि 2023 विस चुनाव से ठीक पहले राजनीतिक विश्लेषकों के समीकरणों के अनुसार कांग्रेस विधायक कवासी लखमा का अभेद किला माना जाने वाला कोंटा विधानसभा में किंगमेकर की भूमिका में रही आदिवासी समाज का इस बार सीपीआई के पूर्व विधायक मनीष कुंजाम की तरफ रुझान का पलड़ा झुकता देख कांग्रेस की मांद में सेंध मार कर बड़ा राजनीतिक अपसेट होने का संभावना जाताया हैं।

जानिए कोंटा विधानसभा के मत समीकरण

छत्तीसगढ में 2023 के विधानसभा चुनाव होने हैं। जिसमे बस्तर के 12 विधानसभा सीटें हैं। जिसमे सबसे अहम कोंटा विधानसभा माना जाता हैं। इसलिए नवप्रदेश कोंटा विधानसभा सीट की महत्व, प्रत्याशी, क्षेत्रीय मुद्दों और इनपर होने वाले राजनीतिक गतिविधियों को लेकर हर जानकारी उपलब्ध करा रहा हैं। कोंटा विधानसभा सीट आदिवासियों के लिए आरक्षित है।कोंटा विधानसभा में आदिवासी सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी कवासी लखमा हैं, और पिछले ढाई दशकों से ये सीट कांग्रेस का अभेद किला रहा है। इस सीट पर 80 प्रतिशत आदिवासी, 15 प्रतिशत अनुसूचित जाति के मतदाता हैं। इसके अलावा पिछड़ा और सामान्य वर्ग के 5 प्रतिशत के करीब मतदाता हैं। जिसमे माड़िया, हल्बा, दोरला, मुरिया जाति के लोग मुख्य वोटर माने जाते हैं। ये चारों ही अनुसूचित जनजाति के अंतर्गत आते हैं। आदिवासी मतदाताओं की संख्या भी सबसे अधिक होने के कारण पार्टियों का फोकस भी आदिवासी वोटरों पर रहता है। नवप्रदेश का कोंटा विधानसभा सीट पर अगला अंक रहेगा जारी।

भटगांव में कांग्रेस का कौन है कैंडिडेट, कार्यकर्ता असमंजस में

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। भटगांव विधानसभा सीट सबकी निगाहें टिकी हुई हैं. सरगुजा संभाग के 14 विधानसभा क्षेत्र की लिस्ट में भटगांव का भी नाम शामिल है। बीजेपी ने प्रदेश के 21 विधानसभा सीटों के लिए अपने प्रत्याशियों का ऐलान कर दिया है। इसमें भटगांव से लक्ष्मी राजवाड़े को उम्मीदवार बनाया गया है. टिकट मिलते ही राजवाड़े ने क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान शुरू कर दिया है. अब सवाल भटगांव सीट से कांग्रेस प्रत्याशी को लेकर उठ रहा है, क्योंकि कांग्रेस में जिस तरह की परिस्थिति बन रही है, ऐसे में कहीं बीजेपी भटगांव सीट कांग्रेस से छीन ना ले। अपनी कार्यशैली का बखान करते हुए नेता टिकट के लिए हाईकमान के सामने दावेदारी ठोक रहे हैं। कांग्रेस से पारसनाथ राजवाड़े इस सीट से दूसरी बार विधायक बने हैं लेकिन इस बार नया नेता चुनने की चर्चा तेज हो गई है। ऐसे में भटगांव से कांग्रेस की ओर से सिटिंग एमएलए पारसनाथ राजवाड़े के अलावा दूसरा चेहरा शफी अहमद को देखा जा रहा है। हाल ही में भटगांव विधानसभा क्षेत्र से 200 चार पहिया वाहन में सवार होकर भटगांव क्षेत्र के सैकड़ों लोग उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव के पास अम्बिकापुर पहुंचे थे और पारसनाथ राजवाड़े को टिकट ना देकर शफी अहमद को प्रत्याशी बनाने की मांग की थी। टिकट के लिए कांग्रेस में पारसनाथ राजवाड़े और शफी अहमद के गुट बन गए हैं।

मुद्दों पर होगी भटगांव की सियासी जंग

भटगांव विधानसभा, मध्य प्रदेश की सरहद को छूता है। इस क्षेत्र के अंतर्गत दो बड़े वनांचल क्षेत्र आते हैं. जहां पहाड़ी कोरवाओं के साथ बड़ी संख्या में आदिवासी निवास करते हैं। जहां अब भी विकास की दरकार है. अच्छी सड़क, पुल, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं लोगों तक पूरी तरीके से नहीं पहुंच सकी है. चांदनी-बिहारपुर इलाके से सड़क की समस्या को लेकर कई खबरें आती रही हैं. मरीजों को खाट पर ढोकर एम्बुलेंस तक पहुंचाया जाता है. इसके अलावा वनों की कटाई और सीमा पार से अवैध शराब तस्करी बड़ा मुद्दा है. ऐसे में बीजेपी क्षेत्रीय समस्याओं को भी मुद्दा बनाकर लोगों से भेंट-मुलाकात कर रही है।

छोटे जोगी की जुबान फिसली

कहा-मेरी जुबान चली जाएगी लेकिन जान नहीं जाएगी

रायपुर/नवप्रदेश। पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी के बेटे और छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस जोगी के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी का एक बयान सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें अमित जोगी की जुबान फिसल गई। उन्होंने कहा कि मेरी जुबान चली जाएगी लेकिन जान नहीं जाएगी। जबकि कहा ये जाता है कि मेरी जान चली जाएगी लेकिन जुबान नहीं। इस लिए अमित जोगी अपने शपथ पत्र के साथ इस बयान को लेकर छत्तीसगढ़ की राजनीति में सुर्खियों में आ गए है। दरअसल, विधानसभा चुनाव की घोषणा के पहले सभी राजनीतिक दलों की तैयारी तेज हो गई है. छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस जोगी ने भी धुंआधार चुनावी अभियान शुरू हो गया है। लेकिन शनिवार को भारी बारिश के बीच अमित जोगी ने मस्तूरी में बड़ी सभा की है. इसके बाद जब अमित जोगी ने मीडिया से बातचीत की तो उनकी जुबान फिसल गई। उन्होंने छत्तीसगढ़ की जनता को अपने शपथ पत्र की जानकारी दे रहे थे. लेकिन फिसली जुबान में डायलॉग गलत कह गए। अमित जोगी ने जनता का विश्वास जीतने के लिए कई बड़े दावे किए है. उन्होंने कहा, मैं लोगों से कह रहा हूं आप लोगों ने 15 साल बीजेपी को दिया और 5 साल कांग्रेस को दिए। लेकिन कुछ नहीं हुआ आज भी गरीबी हैं। मेरी लड़ाई बीजेपी और कांग्रेस से नहीं है। अमित जोगी की लड़ाई तो गरीबी से है। गरीबी मैं खत्म करके रहूंगा और मैं गरीबी कैसे खत्म करूंगा वो मैं एक शपथ पत्र भर कर. ये कोई घोषणा पत्र नहीं होगा। इसमें में 10 कदम उठाऊंगा और करीबी को खत्म करूंगा। अगर नहीं करूंगा तो उस शपथ पत्र के आधार पर छत्तीसगढ़ का कोई भी मतदाता मुझे कोर्ट ले जा सकता है. मुझपर मुकदमा चला सकता है। मुझे 2 साल तक की सजा तक दिला सकता है। ये अधिकार मतदाता के पास रहेगा।

शपथ पत्र के 10 बिंदु

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस ने 10 बिंदुओं पर अपने शपथ पत्र का प्रचार कर रही है. इसमें 4 हजार प्रति क्विंटल धान खरीदी,10 हजार प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि, मुफ्त बिजली,3 हजार पेंशन,सरकारी जमीन पर काबिज लोगो को पट्टा,गरीबों को जोगी आवास 2क्वाय, निजी कंपनियों में छत्तीसगढ़ के 95प्रतिशत लोगो को नौकरी, नियमितिकरन, पूर्ण शराब बंदी और कन्या जन्म पर 1 लाख की राशि देने का शपथ हर विधानसभा क्षेत्र में ले रहे है।

करोड़पति नहीं बनाया तो फांसी की सजा दे देना

उन्होंने आगे कहा, लेकिन मुझे आत्मविश्वास है की मैं अजीत जोगी का लड़का हूं. मेरे में उनका खून है। इस दौरान अमित जोगी की जुबान फिसल गई और वे मेरी जान चली जाएगी लेकिन जुबान नहीं जाएगी, कहने की जगह ÷मेरी जुबान चली जाएगी लेकिन जान नहीं जाएगी कहते नजर आए. उन्होंने आगे कहा, अगर मैं यहां हर एक व्यक्ति को लखपति- करोड़पति नहीं बना पाऊं 5 साल में तो मुझे यही पर सूली पर फांसी की सजा दे देना।

50 विधानसभा क्षेत्र में चुनावी सभा की तैयारियां

छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस जोगी ने भी चुनावी अभियान के साथ बड़ा टारगेट सेट किया है. पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी धुआंधार दौरा करने की रणनीति बनाई है। 30 दिन में 50 विधानसभा सीट में चुनावी सभा करने का टारगेट रखा गया है. इसकी शुरुआत मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के विधानसभा क्षेत्र पाटन से हो चुकी है. इसके बाद पंडरिया, लोरमी, मस्तूरी में अमित जोगी ने सभा की है. अब अहीवारा, कवर्धा में चुनावी सभा की तैयारी चल रही है।

कांग्रेस से दावेदारों में ईडी की रेडार पर आए नेता भी शामिल

रायपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस विधानसभा चुनाव के लिए प्रत्याशियों की सूची तैयारी करने में जुट गई है। पूरे 90 विधानसभा क्षेत्र से दावेदारों की जंबो लिस्ट कांग्रेस पार्टी के पास आई है। अब इन्हीं नामों में से जिताऊ कैंडिडेट को टिकट देने के लिए लगातार बैठकें हो रही हैं. कांग्रेस का दावा है कि कुछ ही दिनों में पहली लिस्ट जारी कर दी जाएगी. लेकिन इससे पहले दावेदारों की लिस्ट में दिलचस्प नाम सामने आए है. इसको लेकर सियासी गलियारों में जमकर चर्चा है। जिन नेताओं के यहां ईडी ने दबिश दी थी. उन नेताओं ने भी अलग अलग विधानसभा सीट से दावेदारी की है।

चुनाव लड़ने की पूरी तैयारी में नेता नजर आ रहे है. इसमें रायपुर के मेयर ऐजाज ढेबर का नाम सबसे ऊपर है। इनके यहां आईटी और ईडी दोनों ने कई बार रेड किया है। ऐजाज ढेबर के भाई को तो शराब घोटाले मामले में ईडी ने गिरफ्तार कर जेल भी डाल दिया, लेकिन स्वास्थ्य बिगड़ने के कारण अनवर ढेबर को जमानत दी गई है. लेकिन अब मेयर ऐजाज ढेबर रायपुर दक्षिण और उत्तर विधानसभा से दावेदारी कर रहे हैं। ईडी ने अब तक जिन कांग्रेस नेताओं के घर दबिश दी है। उनमें भिलाई विधायक देवेंद्र यादव, बिलाईगढ़ विधायक चंद्रदेव राय, गिरीश देवांगन, रामगोपाल अग्रवाल, विनोद तिवारी,सन्नी अग्रवाल और मेयर ऐजाज ढेबर शामिल हैं। ये नेता विधानसभा चुनाव में अपनी किस्मत आजमाने की तैयारी में जुट गए हैं. बताया जा रहा है कि ईडी की रेड के बाद इन नेताओं की पूछ बढ़ गई है।

छत्तीसगढ़ में 200 से ज्यादा ईडी की रेड

अक्टूबर 2022 से लगातार छत्तीसगढ़ में ईडी की कार्रवाई चल रही है। कांग्रेस का दावा है कि ईडी 200 से अधिक रेड की कार्रवाई की है और ईडी सैकड़ों लोगों के घर पहुंची है, इसमें दर्जन भर से बड़े कांग्रेसी नेताओं के घर भी ईडी ने बड़ी कर्रवाई की है। ईडी ने बताया कि राज्य में 500 करोड़ रुपए से ज्यादा का कोयला घोटाला हुआ है। इसके साथ साथ ईडी ने शराब घोटाले का खुलासा किया। इसमें 2 हजार करोड़ से अधिक के घोटाले का दावा किया गया है।

इंडिया पर सिंहदेव के बड़े बोल, कहा-उपचुनाव के उत्साहजनक परिणाम के बाद लोकसभा चुनाव में करेंगे अच्छा प्रदर्शन

रायपुर/नवप्रदेश। डिप्टी सीएम टीएस सिंह देव ने देश के अलग-अलग राज्यों की कुछ विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव के नतीजे से बेहद उत्साहित हैं। दरअसल, इस उपचुनाव में इंडिया गठबंधन के घटक दलों ने अच्छा प्रदर्शन किया है। टीएस सिंह देव का कहना है कि परिणाम यह इशारा कर रहे हैं कि लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के लिए परिणाम अच्छे रहेंगे।

समाचार एजेंसी से बातचीत में टीएस सिंह देव ने कहा, नया अलायंस देश के वर्तमान को ध्यान रखकर और देश के भविष्य को सुरक्षित रखने के नजरिए से बना है. उपचुनाव में लोगों के जनादेश से जिस तरह का समर्थन मिला है. यह इस ओर इशारा करता है कि आने वाले समय में लोकसभा चुनाव में इंडिया अलायंस को अच्छे परिणाम मिल सकते हैं। देश के छह राज्यों की सात विधानसभा सीटों पर उपचुनाव कराए गए थे। जिसमें से तीन सीट एनडीए गठबंधन और चार इंडिया गठबंधन के खाते में गई है। सात में से तीन पर एनडीए की मुख्य पार्टी बीजेपी के उम्मीदवार जीते हैं। जबकि बाकी की चार सीट पर झारखंड मुक्ति मोर्चा ,टीएमसी, कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार को जीत मिली है जो कि इंडिया गठबंधन के घटक हैं। इनमें झारखंड की डुमरी, यूपी की घोषी, पश्चिम बंगाल की धुपगुड़ी, त्रिपुरा की धनपुर और बोक्सानगर, उत्तराखंड की बागेश्वर, केरल की पुथुपल्ली शामिल है।

एनडीए के सामने इंडिया

हाल ही में केंद्र की सत्तारूढ़ एनडीए को लोकसभा चुनाव में चुनौती देने के लिए इंडिया गठबंधन तैयार हुआ है जिसमें 28 विपक्षी पार्टियां शामिल हैं. इस गठबंधन की पटना और बेंगलुरु के बाद मुंबई में बैठक आयोजित की गई थी. मुंबई की बैठक में लोकसभा चुनाव की रणनीतियों और एजेंडे पर चर्चा की गई।

परिवर्तन यात्रा को लेकर सियासी घमासान

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा के परिवर्तन यात्रा में सुरक्षा को लकेर भाजपा और कांग्रेस में राजनीति शुरू हो गई है। जुबानी जमा खर्च के चलते इस समय राजनीति पूरी तरह गरमा गई है।

चुनाव के पहले बीजेपी पूरे प्रदेश में परिवर्तन यात्रा निकालने जा रही है लेकिन नक्सलगढ़ में इस यात्रा की सुरक्षा को लेकर बीजेपी के नेता घबराए हुए हैं क्योंकि इसी तरह की यात्रा-2013 के विधानसभा चुनाव के पहले कांग्रेस पार्टी ने निकाली थी। लेकिन झीरम घाटी में नक्सलियों ने घात लगाकर कांग्रेसी नेताओं पर हमला कर दिया था। अब फिर से परिवर्तन यात्रा होने वाली है लेकिन इस बार बीजेपी के नेताओं की यात्रा है। इसलिए बीजेपी के बड़े नेताओं ने राज्य के डीजीपी से सुरक्षा की मांग की है। बीजेपी12 सितंबर से बस्तर के दंतेश्वरी मंदिर से परिवर्तन यात्रा निकालने जा रही है. इसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शामिल होने वाले हैं. इसके साथ बीजेपी के बड़े नेता इस यात्रा में लगातार बने रहेंगे। इसी तरह सरगुजा संभाग से भी 16 सितंबर से एक यात्रा निकलेगी। इसमें बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा शामिल होंगे। ये दोनों यात्रा 28 सितंबर तक बिलासपुर संभाग के महामाया मंदिर पहुंचेगी और पीएम मोदी की चुनावी सभा के साथ यात्रा का समापन होगा। लेकिन इस बीच यात्रा को बस्तर के नक्सल प्रभावित इलाकों से गुजरने पर खतरा है। इसका दावा खुद बीजेपी कर रही है।

नक्सलियों ने की बीजेपी नेताओं की हत्या

बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि 10 फरवरी को नारायणपुर में सागर साहू की टारगेट किलिंग हुई। नीलकंठ कक्केम की आवापल्ली में 5 फरवरी को टारगेट किलिंग हुई. बुधराम कर्टेम की टारगेट किलिंग बास्तानार में 16 जनवरी को हुई. रामधर अलामी की दंतेवाड़ा में 11 फरवरी को टारगेट किलिंग हुई। अर्जुन काका की इलमिड़ी में 21 जून को टारगेट किलिंग हुई।

हमारे नेताओं की टारगेट किलिंग : अग्रवाल

पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल और सांसद सुनील सोनी ने शुक्रवार को दोनों परिवर्तन यात्राओं की पर्याप्त सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए गृह सचिव और पुलिस महानिदेशक से मुलाकात की है. इसके पीछे बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि बीजेपी के कार्यकर्ताओं की टारगेट किलिंग हो रही है. बीजेपी के एक विधायक भीमा मण्डावी की हत्या की जा चुकी है। मोहला मानपुर में एक सभा में कांग्रेस विधायक की मौजूदगी में कहा गया कि बीजेपी के नेता आएं तो उन्हें काट दिया जाए।यह सरकार सत्ता में बने रहने के लिए किसी भी हद तक जा सकती है. नक्सली हमारे कार्यकर्ता और पदाधिकारियों को चुन-चुन कर मार रही है। ऐसे में हमने डीजीपी और गृह सचिव से यात्रा की सुरक्षा की मांग की है क्योंकि हमें सीएम और गृहमंत्री से कोई उम्मीद नहीं है।

नेताओं की पूरी पीढ़ी को खोया : कांग्रेस

बीजेपी की तरफ से सुरक्षा को लेकर उठाए गए सवाल पर कांग्रेस ने पलटवार किया है। कांग्रेस ने कहा है कि बस्तर में नक्सल गतिविधि पहले से कम हुई है। बीजेपी अपने अंदर का डर निकाल दे और अपनी यात्रा निश्चिंत होकर निकाले। इसके साथ कांग्रेस के संचार विभाग प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने बीजेपी को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि इसने अपने शासन काल में कांग्रेस की परिवर्तन यात्रा को घोर नक्सली इलाकों में सुरक्षा नहीं दिया जिसके कारण कांग्रेस ने अपने नेताओं की पूरी पीढ़ी को खोया था। जिसमें 31 लोगों की हत्या हुई थी। बीजेपी को इस बात का डर सता रहा है कि कांग्रेस सरकार भी उन्हीं के समान सुरक्षा में कटौती न कर दे। लेकिन दलगत आधार पर सुरक्षा देना और सुरक्षा हटाना बीजेपी की मानसिकता रही है कांग्रेस की नहीं।

अभाविप ने प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

साजा/नवप्रदेश। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद साजा के कार्यकर्ताओ ने मूलभूत समस्याओ को लेकर प्राचार्य को ज्ञापन सौपा। जिसमें निम्न मांगे साजा महविद्यालय में पेयजल की उचित व्यवस्था, शौचालय की नियमित सफाई, बीए प्रथम वर्ष कक्षा के छत की मरमत आईडी कार्ड जल्द से जल्द उपलब्ध कराए व बिना आईडी कार्ड महाविद्यालय में प्रवेश पर रोक हो जैसी महत्वपूर्ण मांगे शामिल हैं। जिसका जल्द से जल्द निराकरण करने की मांग आभाविप साजा की ओर से की गई। इस अवसर पर नगर मंत्री अरुण सिंह, नगर उपाध्यक्ष रंजीत राजपूत, नगर सहमंत्री संदीप यदु, चमपेश्वर साहू, गोविन्द, नरेंद्र, ईश्वरी, दुलेश्वर, धनेशवरी, हेमा व समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित रहें।

कोदवा के व्यापारिक संगठन का कार्य सभी के लिए हैं प्रेरणाप्रद: छाबड़ा

बेमेतरा/नवप्रदेश। विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोदवा में व्यापारी भवन भूमिपूजन एवं दहीहंडी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा उपस्थित रहें। वहीं उनके साथ टीआर साहू, नवाज मोहम्मद, रामेश्वर देवांगन, ओम प्रकाश वर्मा, कमल वर्मा शामिल हुए। विधायक आशीष छाबड़ा के विकास की सौगात को देखते हुए कोदवा सरपंच प्रतिनिधि राजकुमार वर्मा ने कांग्रेस में शामिल हुए। विधायक छाबड़ा ने राजकुमार वर्मा को श्रीफल भेंट कर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक आशीष छाबड़ा ने संबोधित करते हुए कहा कि यहां व्यापारियों की मांग था एक भवन के लिए, आज कोदवा में व्यापारिक गतिविधि के संचालन के लिए व्यापारी भवन के निर्माण हेतु 6.50 लाख रुपए की स्वीकृति हैं, जिसका आज भूमिपूजन हो रहा हैं, बहुत जल्द ही पचायत के माध्यम से बनकर तैयार हो जायेगा और बहुत जल्द ही उसका लोकार्पण भी करेंगे। साथ ही सुगम सड़क योजना के तहत 20 लाख रुपए सड़क का भूमिपूजन भी आज किया गया है।

कोदवा के बारे में आप सभी तो जानते हो मैं उस दिन बताया था कि कोदवा में मेरा खुद के नाम से एक जगह हैं। पूरे बेमेतरा विधानसभा में कोई भी जगह नहीं है जहां पर मेरा नाम से खेत हो, केवल कोदवा में ही मेरा नाम से एक खेत हैं, इसलिए मैं भी यही का किसान नागरिक हूं और आप सभी के बीच हूं। जब मैं बेमेतरा से विधानसभा चुनाव लडने के लिए आया था तब बोला था कि कोदवा एक ऐसा केंद्र हैं, जिसके आगे जाने पर साजा विधानसभा क्षेत्र आता हैं और उससे पहले बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र आता हैं और इन दोनों विधानसभा क्षेत्रों के बीच का संगम स्थल कोदवा हैं। निश्चित रूप से यहां के व्यापारिक संगठन बहुत ही जागरूक हैं। जब किसान के खाते में पैसा डलता हैं, महिला स्व सहायता समूह के खाते में पैसा आता हैं और जब हमारे भूमिहीन किसानों को सात हजार प्रति वर्ष मजदूर भाईयों के खाते में पैसा आता है तब उन मजदूरों के द्वारा पैसा को बैंक से निकालने के बाद ही वह पैसा व्यापारीयो के गल्ले में पैसा आता हैं। प्रदेश में यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कुशल नेतृत्व में प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार 2018 में बनी, जिसके बाद से लगातार प्रदेश के विकास के लिए काम किया जा रहा हैं। वास्तव में भूपेश बघेल के सरकार बनने के बाद आज हमारे पुरखों ने जो सपना देखा था छत्तीसगढ़ का वह पूरा हुआ हैं। छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा कहा जाता हैं, लेकिन हमारे अन्नदाता कर्ज में डूबे हुए थे, मजदूर लगातार पलायन कर रहे थे, छत्तीसगढ़ बनने के बाद भी किसानों, मजदूरों, महिलाओं को कोई काम नहीं मिला पा रहा था जिससे उनका जीवन में कोई परिवर्तन आए। आप सभी को आपको याद होगा स्व. नंदकुमार पटेल ने परिवर्तन यात्रा निकाली थी, वह परिवर्तन यात्रा सरकार के परिवर्तन की नहीं बल्कि लोगों के जीवन में परिवर्तन आए वह उसका उद्देश्य था। हमारे पूर्वज कहते थे छत्तीसगढ़ में खनिज संपदा की भरमार हैं, यहां पर शिक्षा, स्वास्थ्य, जंगल सबका लाभ लोगों को मिलना चाहिए। लेकिन 15 साल तक लोगों को लगा ही नहीं कि छत्तीसगढ़ में उनकी कोई हिस्सेदारी हैं। केवल चावल वाले बाबा मिला, जिसने नान खदान धान सभी घोटाला किया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सरकार ने जो वादा किया जो कहा सो किया कि नीति कर जनता से किए हर वादे को पूरा किया है, किसान साथी कड़ी धूप में तपस्या कर हर परिवार के थाली में अन्न मुहैया कराता है, ऐसे अन्नदाता किसान भाईयों के हितों का ध्यान रखना और उनका सम्मान करना हम सबकी जिम्मेदारी है।

संकल्प पत्र भरकर करेंगे शत-प्रतिशत मतदान, लिया संकल्प

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा के मार्गदर्शन में आगामी विधानसभा निर्वाचन के मद्देनजर जिले में विभिन्न प्रकार के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए भी लगातार प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके अलावा मतदाताओं का नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के लिए मतदाता पुनरीक्षण अभियान भी चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में शिक्षक दिवस के अवसर पर 5 सितम्बर को मतदाता जागरूकता अभियान के स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत विशेष अभियान चलाया गया। अभियान में जिले के 1 लाख से अधिक लोगों ने संकल्प पत्र भरकर शत प्रतिशत मतदान का संकल्प लिया। साथ ही मतदाता पुनरीक्षण अभियान के तहत मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, मताधिकार का प्रयोग, निर्भिक एवं निष्पक्ष होकर मताधिकार उपयोग करने का संकल्प लिया। इसके अलावा अपने आस-पड़ोस के लोगों को भी मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। अभियान के तहत संकल्प पत्र विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को दिया गया था। संकल्प पत्र को विद्यार्थियों के द्वारा उनके माता-पिता, भाई-बहन व परिवार के समस्य वयस्क सदस्यों को देकर मताधिकार का उपयोग करने संकल्प पत्र भरवाने के लिए प्रेरित किया गया।

मास्टर ट्रेनर बारीकी से प्रशिक्षण प्राप्त करें

बेमेतरा/नवप्रदेश। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुसार विधानसभा आम निर्वाचन 2023 हेतु जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर ई.रोल, वल्नरेबिलिटी मैपिंग, पोस्टल बैलेटए ईव्हीएम एवं व्ही.व्ही.पैड के जिला स्तरीय नोडल अधिकारी तथा जिलें के इलेक्शन सुपरवायजर एवं सहायक निर्वाचन पर्यवेक्षक हेतु प्रशिक्षण राजधानी रायपुर स्थित न्यू सर्किट हाउस सिविल लाईन में ऑडिटोरियम आयोजित हैं। प्रशिक्षण 11 से 19 सितंबर तक प्रातः 10 बजे से शाम 6.30 बजे तक उक्त निर्धारित विषय के नोडल अधिकारी व ज़िला स्तरीय मास्टर ट्रेनर अलग-अलग तारीख़ में प्रशिक्षण लेने जाएँगे।

इसको लेकर कलेक्टर एवं ज़िला निर्वाचन अधिकारी पीएस एल्मा ने संबंधित विषयों के ज़िला स्तरीय नोडल अधिकारियों मास्टर ट्रेनर सहित जिलें के इलेक्शन सुपरवायजर एवं सहायक निर्वाचन पर्यवेक्ष की आज यहाँ कलेक्ट्रेट के दिशा सभाकक्ष में बैठक ली।

पढ़ना लिखना ही नहीं जीवन में परिवर्तन लाना भी साक्षरता है

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण के आदेशानुसार कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण चंदन कुमार के निर्देश पर अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर आज जिला स्तरीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल बलौदाबाजार में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष सरिता ठाकुर विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त प्राध्यापक शिक्षाविद एस. एम. पाध्ये, डॉ. निशा झा, रमाकांत झा, जिला अध्यक्ष भारत स्काउट- गाइड एवं वरिष्ठ पत्रकार रामाधार पटेल उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती का पूजा अर्चना, गीत वंदन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए

सरिता ठाकुर ने कहा कि शिक्षा एवं साक्षरता के अंतर्गत निरंतर सीखने व सतत् प्रयास करते रहना चाहिए। साक्षरता केवल पढ़ना लिखना ही नहीं बल्कि व्यवहारिक जीवन में परिवर्तन लाना भी है एवं शिक्षा के बढ़ते सोपान दैनिक जीवन में डिजिटल नवसाक्षरों को हर परिवेश से आगे बढ़ने का प्रयास करना चाहिए। कौशल विकास से विभिन्न आजीविकाओं, आसपास के वातावरण में रहकर विभिन्न सोशल मिडिया के बारे में जानकारी प्राप्त करना चाहिए। प्रत्येक बच्चे यह संकल्प ले कि अपने असाक्षर दादा-दादी एवं आस-पास रहने वाले असाक्षर लोगों को साक्षर करेंगे। शिक्षा दान महादान होता है साक्षर करने से ताप्पर्य केवल हस्ताक्षर करना नहीं होता है अपितु नवसाक्षर को पढ़ने लिखने की बुनियादी शिक्षा दिया जाना होता है।

फर्जी एसएमएम से बिजली उपभोक्ता हो रहें सावधान

बेमेतरा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के संज्ञान में आया हैं कि उपभोक्ताओं के मोबाइल पर फेक एसएमएस भेजे जा रहें हैं, जिसमें बिजली बिल भुगतान नहीं होने पर कनेक्शन काटने का संदेश लिखा होता हैं तथा 10 अंकों का फर्जी मोबाइल नंबर से संपर्क करने कहा जाता हैं। इस नंबर पर फोन करने पर साइबर ठग बिजली कनेक्शन कटने का झांसा देते हैं। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी ने अपने उपभोक्ताओं को एसएमएस के जरिए हो रही साइबर ठगी से सावधान रहने को कहा हैं। कंपनी कभी भी अपने उपभोक्ताओं को 10 अकों के मोबाइल नंबर से कोई मैसेज नहीं भेजती हैं और न ही 10 अंकों के मोबाइल नंबर पर किसी तरह के भुगतान स्वीकार किया जाता हैं। पॉवर कंपनी ना ही कभी भी किसी लिंक को क्लिक करने के लिए कहती है।

राज्यपाल के हाथों सम्मानित हुई पारुल

टेड़ेसरा/नवप्रदेश। राजनांदगांव जिले के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला टेड़ेसरा स्कूल में पदस्थ पारुल चतुर्वेदी को शिक्षक दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ के राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन के द्वारा सम्मानित किया गया। शिक्षिका वरुण चतुर्वेदी ने बताया कि अपनी शिक्षा की या सेवा दिनांक 21.6.2005 से प्रारंभ की है। अंग्रेजी विषय की शिक्षिका होने के साथ-साथ शिक्षा में नवाचार पर बल एवं अंग्रेजी पाठ्यक्रम पुस्तकों के गीत को लोकगीत में रूपांतरित कर प्रयोगावादी शिक्षा को अपना रही है। अभिनय शिक्षण, बच्चों को समूह एवं एकल सहभागिता पर बल अनुशासन में रहते हुए। अपनी कार्य दक्षता का प्रमाण दिया है, जिसके चलते छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय शिक्षक कल्याण प्रतिष्ठान, छत्तीसगढ़ इकाई राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित

किया गया। उल्लेखनीय लोक सेवा अनुकरणीय अध्यापन उत्कृष्ट कार्य निष्पादन हेतु साल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

यह क्षेत्र में एक गौरव प्राप्त किया है। उन्होंने यह भी बताया कि यह सारे मार्गदर्शन कहीं ना कहीं राजनांदगांव जिले के जिला शिक्षा अधिकारी राजेश सिंह एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी योग दास साहू व बीआरसी भगत सिंह, टेड़ेसरा संकुल प्रभारी दीपक सिंह ठाकुर के अथक प्रयास से यह संभव हो पाया। लगातार हमें उच्च अधिकारियों का भी सहयोग हमेशा से मिलते आ रहा था, जिसके कारण आज राज्यपाल के हाथों सम्मान होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। शाला परिवार के सभी शिक्षक-शिक्षकों के द्वारा उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए। बधाई व शुभकामनाएं दी गई।

सखी खेमेश्वरी बैंकिंग सेवा में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित

गरियाबंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के अंतर्गत दूरस्थ क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने वाली प्रदेश की बीसी सखियों को विगत दिवस सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम में मैनपुर विकासखंड के धुरवागुडी पंचायत की श्रीमती खेमेश्वरी तिवारी को भी दूरस्थ क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने और स्थानीय लोगों को बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए सर्वाधिक लेन देन करने के मामले में डिजिटल मड़ई में पुरस्कृत किया गया। श्रीमती तिवारी बैंक सखी के रूप में कार्य करते हुए 22 लाख रुपए से अधिक की राशि मासिक औसत लेन देन की है। इसके माध्यम से वह दूरस्थ क्षेत्रों के गावों में जाकर पेंशन, छात्रवृत्ति और आधार संबंधित वित्तीय लेन देन की घर पहुंच सेवाएं प्रदान कर रही है। जिससे ग्रामीणों को घर पहुंच बैंकिंग सेवाएं मिल रही है। रायपुर में आयोजित ÷डिजिटल मड़ई÷ कार्यक्रम में सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग आर प्रसन्ना, मिशन संचालक एसआरएलएम पद्मिनी भोई साहू, संचालक संस्थागत वित्त शीतल शास्वत वर्मा आदि मौजूद रहे।

छुरा में दिव्यांगजन प्रमाणीकरण शिविर संपन्न

गरियाबंद/नवप्रदेश। विशेष आवश्यकता वाले दिव्यांग बच्चों सहित अन्य दिव्यांगजनों के स्वास्थ्य जांच, दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने तथा सहायक उपकरण वितरण के लिए छुरा में आज विकासखण्ड स्तरीय दिव्यांगजन प्रमाणीकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में दिव्यांगजनों का स्वास्थ्य जांच कर उन्हें विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं से लाभान्वित किया गया। शिविर में कलेक्टर आकाश छिकारा भी शामिल हुए। उन्होंने शिविर में आये बच्चों से बात कर उनका हाल-चाल जाना। साथ ही अच्छे स्वास्थ्य और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस दौरान उन्होंने बच्चों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र, श्रवण यंत्र सहित अन्य उपकरण प्रदान किया। शिविर में 75 दिव्यांगजनों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी किया गया। साथ ही 07 को मेडिकल उपकरण और 137 दिव्यांगजनों का अन्य

स्वास्थ्य जांच किया गया। इस प्रकार शिविर में कुल 219 दिव्यांगजनों को लाभान्वित किया गया। शिविर में नेत्र दिव्यांगता के 13, हड्डी के 29, मानसिक के 16, नाक-कान-गला के 11 एवं सिकलिन के 6 दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी किये गये। शिविर में दिव्यांगजनों को समाज कल्याण विभाग द्वारा छात्रवृत्ति, श्रवण यंत्र उपकरण सहित शिक्षा विभाग द्वारा छात्रवृत्ति, खाद्य विभाग द्वारा निःशक्तजन राशन कार्ड एवं अन्य शासकीय योजनाओं से लाभान्वित किया गया। साथ ही आधार कार्ड और आयुष्मान कार्ड पंजीकरण भी किया गया। शिविर में हड्डी रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग, सिकलिन, नाक, कान, गला तथा मानसिक रोग विशेषज्ञ शामिल होकर दिव्यांगजनों का स्वास्थ्य जांच किया और दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाया। शिविर में सीएमएचओ डॉ. के.सी. उरांव, सिविल सर्जन डॉ. नाग, उप संचालक समाज कल्याण डी.पी. ठाकुर, डीएमसी के.एस. नायक, समस्त बी.आर.पी. एवं चिरायु टीम सहित बच्चों के पालकगण मौजूद थे।

सभी मतदान केन्द्रों में मूलभूत सुविधाएं दुरुस्त करें: कलेक्टर

कवर्धा/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे ने आमागी विधानसभा निर्वाचन की तैयारियों के संबंध में जिले के सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार, जनद सीईओ, नगरीय निकाय अधिकारियों, विद्युत और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की संयुक्त बैठक ली। बैठक में मतदान केन्द्रों की स्थिति, मतदान दलों के रूट चार्ट आने-जाने का रास्ता, सहित निर्वाचन गतिविधियों से जुड़ी सभी महत्वपूर्ण तैयारियों पर समीक्षा हुई। कलेक्टर श्री महोबे ने जिले के विधानसभा पंडरिया और कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के कुल 803 मतदान केन्द्रो की गहन समीक्षा हुई। उन्होने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मूलभूत सुविधाओं को 15 दिनों के भीतर दुरूस्त करने के सख्त निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि कवर्धा विधानसभा क्षेत्र में मतदान केन्द्रों की संख्या 410 और पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में मतदान केन्द्रों की संख्या 393 है। बैठक में अपर कलेक्टर इन्द्रजीत बर्मन, अतिरिक्त निर्वाचन अधिकारी ऋतुराज बिसेन, संयुक्त कलेक्टर डॉ मोनिका कौडो, एसडीएम पीसी कोरी, संदीप ठाकुर, अनुपम टोप्पो, कार्यपालन अभियंता पीडब्लूडी चौहान, पीएचई जी.पी गौड़ उपस्थित थे। कलेक्टर महोबे ने कवर्धा और पंडरिया विधानसभा क्षेत्रों के सुदूर वनांचल क्षेत्रों के सभी मतदान केन्दों की समीक्षा की। उन्होंने संवेदनशील मतदान केन्द्रों की भी जानकारी ली। उन्होने सभी मतदान केन्द्रों में भारत निर्वाचन आयोग के अनुपालन में सभी मूलभूत सुविधाएं, जैसे मतदान भवन केन्द्र की अच्छी स्थिति सहित बिजली, पानी, छांव, रैंप, महिला एवं पुरूष के लिए अलग-अलग शौचालय की व्यवस्था मतदान दलों की ठहरने की व्यवस्था बनाने लिए सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया।

नवागढ़ में रही दही लूट महोत्सव की धूम

नवागढ़/नवप्रदेश। शुक्रवार को श्री कृष्ण सेवा समिति बावा पारा एवं समस्त नगरवासियों के तत्वावधान में आयोजित कृष्ण जन्माष्टमी एवं दही लूट महोत्सव प्रतिवर्ष की भांति ऐतिहासिक रूप से मनाया गया। जिसमें क्षेत्रवासियों के हजारो के जनसमूह के बीच नगर प्रधान विकास धर दीवान, नगर पंचायत अध्यक्ष तिलक घोष सहित नगर सभी समाजों के वरीष्ठजन शामिल हुए। गुरुवार को देवांगन पारा नलटंकी के पास 24 घंटे तक हरिकीर्तन रामधुनी किया गया। वहीं शुक्रवार के दोपहर से भगवान कृष्ण एवं बलराम की भव्य शोभायात्रा एवं दही लूट करते हुए पूरे नगर का भ्रमण करते हुए निकली। यह यात्रा डॉ चौधरी निवास से देवांगन पारा, गणेश मंदिर, बस स्टैंड होते हुए राममंदिर में समाप्त हुई। दहिलूट देखने नगर में हजारों की भीड़ देखने को मिली। लोगों जमकर इस आयोजन का आनंद उठाया। नगर प्रधान के नाते उपस्थित

विकास दीवान ने कहा कि नवागढ़ नगर के दहिलुट एवं दशहरा कार्यक्रम पूरे छत्तीसगढ़ में प्रसिद्ध है,लोग दूर दूर से नवागढ़ का यह दो कार्यक्रम देख आते है। इस समिति ने 32 वर्षों से एकजुट रहकर नगर की परंपरा को जीवित रखा है। उन्होंने भरोसा दिया कि आगामी समय में सब मिलजुलकर इससे भी भव्य आयोजन करेंगे। नगर पंचायत अध्यक्ष तिलक घोष ने कहा कि नगर का यह आयोजन वर्षों से चलता आ रहा है और आगे भी भव्यता के साथ यह आयोजन होते रहने चाहिए। आयोजन समिति सदस्य हेमकांत यादव व टीकम गोस्वामी ने कहा कि पिछले 33 वर्षों से समिति ने इस परंपरा को संजोए हुए हैं जो धीरे-धीरे अपने बृहद रूप की ओर बढ़ते जा रहा है दूरदराज से आकर रामधुनी की टोलियां अद्भुत प्रस्तुतियां देती हैं।

इस दौरान दयावंत बांधे, मधु राय, निमिराज सोनवानी, जगजीवन खरे, मिन्टू बिसेन, विनोद साहू, चन्द्रपाल साहू, गोलू सिन्हा, रमेश निषाद,मनीष श्रीवास, भुखन पूरी गोस्वामी, संतोष पूरी गोस्वामी, आशाराम ध्रुव, हेमंत सोनकर, पंचू यादव, गुनी रजक, कन्हैया भोई, सुरेश निषाद, राजेश निषाद, गिरीश पूरी गोस्वामी, बिहारी श्रीवास्तव, विनोद भोई,मिथलेश सोनकर,भागवत सोनकर, मनोज पुरबिया, संतोष यादव, बिसाहू यादव, भूपेंद्र यादव, विनोद भोई, संदीप गोस्वामी, ओम पुरी गोस्वामी, जेठू रजक, राजा, जित्ते, आनंद यादव नारद रजक सहित नगरवासी उपस्थित रहे।

अल्ट्राटेक ने कम्पयूटर लैब एवं पुस्तकालय सामग्री प्रदान किया

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। अल्ट्राटेक, रावन सीमेंट संयंत्र के कॉरपोरेट सोषल रिस्पांसिबिलीटी द्वारा शासन की अनुसंषा पर ग्राम गुमा, चुचरूंगपुर, झिपन , नेवारी हायर सेकेंड्री एवं हाई स्कूल को सहयोग सामग्री प्रदान किया गया है। प्रत्येक चयनित चार विद्यालयों को 5 कम्पयुटर सेट, यु पी एस, कम्पयुटर टेबुल-5, चेयर- 5, लैब एवं पुस्तकालय हेतु अलमीरा- 2, बुकशेल्फ-1 एवं पुस्तक सेट प्रदान किया गया। इस सहयोग सामग्री वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी राकेष शर्मा,आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय की प्राचार्या रीतु शुक्ला एवं अल्ट्राटेक प्रबंधन से विभागाध्यक्ष एकाउंट राजेष्वर शर्मा, विभागाध्यक्ष एडमीन संजीव मिश्रा, आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल रावन के प्राचार्य आनंद बंगाल, सी एस आर प्रमुख विनोद श्रीवास्तव , रोहित श्रीवास्तव एवं नरेंद्र शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित थे। इसके लिए सी.एस.आर. सेन्टर रावन के समन्वय सभागार में एक भव्य कार्यक्रम का

आयोजन किया गया । जिला शिक्षा अधिकारी ने अल्ट्राटेक के द्वारा विद्यालयों को दिये जाने वाले सहयोग हेतु आभार व्यक्त किया एवं बच्चों को संबोधित करते हुए कम्पयुटर के उपयोग के बारे में जानकारी दी साथ ही सामग्री के सही तरीके से रख रखाव के बारे में प्राचार्य से बात की। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन रोहित श्रीवास्तव के द्वारा किया गया। एडमीन प्रमुख संजीव मिश्रा ने बच्चों को कम्पयुटर के साथ साथ अंग्रेजी षिक्षा हेतु कोचिंग के बारे में बात की।

छत्तीसगढ़ महतारी

क्या आप श्रमिक हैं?

आपके घर की महिलाएं श्रम कल्याण केन्द्रों के माध्यम से ले सकती हैं नि:शुल्क सिलाई/कढ़ाई का प्रशिक्षण प्रशिक्षण के बाद मिलती है नि:शुल्क सिलाई मशीन

छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मण्डल

कॉल कीजिए, टोल फ्री नंबर

07713505050

संवाद – 36779

श्री भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ सरकार
भरोसे की सरकार

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in